राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 122, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 17 नवंबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

दिल्ली जमीन घोटाला : केजरीवाल सरकार ने सीबीआई को भेजा मामला .... पेज 03

हवालात में मौत के मामले में सीबीसीआईडी ने जांच में निरीक्षक सहित आठ पुलिसकर्मियों को .... पेज 05

हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप चेन्नई में 17 नवंबर से .... पेज 07

## उत्तरप्रदेश के इटावा में वैशाली एक्सप्रेस में लगी आग

### 19 यात्री जख्मी; एक दिन पहले दरभंगा एक्सप्रेस में आग लगी थी

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा में बुधवार देर रात वैशाली एक्सप्रेस के एक कोच में आग लग गई। हादसे में 19 यात्री घायल हुए हैं। इनमें 11 की हालत गंभीर है। हादसा रात 2.30 बजे हुआ। उस वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। कोच में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। भगदड़ के बीच यात्रियों ने ट्रेन से कूदकर जान बचाई। ट्रेन दिल्ली से बिहार के सहरसा जा रही थी।




इटावा में 12 घंटे से कम वक्त में ट्रेन में आग लगने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले बुधवार शाम 6 बजे नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस (02570) के स्लीपर कोच स-1 में आग लगी थी। यह हादसा सराय भूपत रेलवे स्टेशन के पास हुआ था। दोनों स्टेशनों के बीच की दूरी 6-7 किमी है। आग कैसे लगी यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। CO GRP ने बताया कि जांच के बाद ही इसका पता चल पाएगा।


#### बाथरूम के पास धुंआ उठा, पूरी बोगी में फैल गया

वैशाली एक्सप्रेस (12554) के स्लीपर कोच स-6 में लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इटावा में फ्रेंड्स कॉलोनी रेलवे फाटक के पास यात्रियों ने बाथरूम के पास से धुआं उठता देखा।

कुछ ही देर में पूरी बोगी में धुआं भर गया। कोई कुछ समझ ही नहीं पाया कि क्या हुआ। कोच में अफरा-तफरी मच गई। यात्री नींद से जागे तो उनका दम घुटने लगा। भगदड़ के कारण लोग बेहोश होकर गिरने लगे।

जब ट्रेन में आग लगी, उस समय इटावा स्टेशन नजदीक था। ट्रेन की स्पीड भी करीब 25 किलोमीटर प्रति घंटे रही होगी। लोगों ने टीटीई को सूचना दी। इसके बाद ट्रेन को प्लेटफॉर्म के पहले ही आउटर पर रोका गया। इस दौरान मची भगदड़ के कारण कई यात्री घायल हो गए। जबकि दम घुटने के कारण कई की हालत गंभीर है।

**ट्रेन हादसा**



इटावा जिले में नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने के बाद जांच करते आरपीएफ कर्मी। हादसे में 19 यात्री हुए घायल।

## कई राज्यों में ठंड ने दी दस्तक

### दिल्ली में न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री; माउंट आबू में पारा 6 डिग्री पहुंचा



#### झारखंड में 17 नवंबर को बूंदाबांदी के आसार

झारखंड के देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, धनबाद, जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला- खरसावां में 17 नवंबर को हल्की बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक, रांची में 18 से 21 नवंबर तक सुबह के वक्त कोहरे के साथ बादल छाए रह सकते हैं। रांची का न्यूनतम पारा गिरकर 14.4 डिग्री पर पहुंच गया है। सुबह और शाम के समय ठंड बढ़ गई है।

नई दिल्ली। पहाड़ी राज्यों पर बर्फबारी से दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्यों में ठंड बढ़ गई है। गुरुवार 16 नवंबर सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से दो डिग्री कम है।

राजस्थान के जयपुर में न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस रहा। बुधवार 15 नवंबर की रात माउंट आबू में पारा 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। सीकर में 7.5 और चूरू में 9.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। मध्य प्रदेश के भोपाल में पिछले 5 दिन के दौरान तापमान में 4.4 डिग्री की गिरावट आई। गुरुवार को भोपाल का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री रहा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक नवंबर के आखिरी हफ्ते तक उत्तर भारत के राज्यों में ठंड और बढ़ेगी।

दूसरी तरफ IMD ने केरल, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और नगालैंड में गुरुवार को बारिश का अलर्ट जारी किया।

प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट ने शुक्रवार दोपहर तक तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भारी बारिश की संभावना जताई है।

#### तापमान गिरने से दिल्ली में प्रदूषण से राहत नहीं

दिल्ली में दीपावली के बाद प्रदूषण की स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। गुरुवार को लगातार चौथे दिन कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 के पार हो गया। सुबह 7 बजे दिल्ली के बवाना में एक्यूआई 442, जहांगीरपुरी में 441, आनंद विहार में 412, आईटीओ में 412 और आईजीआई एयरपोर्ट के पास 401 रिकॉर्ड किया गया। बुधवार (15 नवंबर) को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने प्रदूषण को लेकर कहा था कि हवा की स्पीड कम हो गई है। तापमान में भी गिरावट हुई है। ऐसे में दीपावली पर पटाखों से जो प्रदूषण फैला था, वह आसमान में बना हुआ है। अगले दो-तीन दिनों तक प्रदूषण की स्थिति ऐसी ही रहेगी। इसके बाद ऑड-ईवन या कृत्रिम बारिश कराने पर विचार किया जाएगा।

दिल्ली की केजरीवाल सरकार 21-22 नवंबर को दिल्ली में पहली बार आर्टिफिशियल बारिश का प्लान तैयार कर रही थी। इसके लिए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने 8 नवंबर को आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिकों के साथ बैठक की थी।

## कनाडा विएना संधि का सम्मान करे : भारत

नयी दिल्ली। भारत ने कनाडा में वेंकूवर में 12 नवंबर को भारतीय वाणिज्य दूतावास के कॉन्सुलर शिविर पर हमलों को लेकर चिंता जताते हुए कनाडा सरकार को विएना संधि के सम्मान सुनिश्चित करने की नसीहत दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में कनाडा की घटनाओं के बारे में सवालों के जवाब में कहा, कनाडा में हमारा उच्चायोग और वाणिज्य दूतावास नियमित रूप से कांसुलर शिविरों का आयोजन करते हैं। ऐसा ही एक शिविर पेंशनभोगियों को जीवन प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए 12 नवंबर को वैंकूवर के पास आयोजित किया गया था। कुछ कट्टरपंथी तत्वों के परेशानी पैदा करने के प्रयासों के बावजूद यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था। सौभाग्य से हमारे महावाणिज्य दूत उस वक्त उस स्थल पर मौजूद नहीं थे। हम राष्ट्रों को राजनयिक संबंधों पर वियना कन्वेंशन का सम्मान करने की आवश्यकता दोहराते हैं ताकि हमारे राजनयिक अपने राजनयिक दायित्वों का सुचारु रूप से निर्वहन कर सकें।

## दवाओं की ऑनलाइन बिक्री की पॉलिसी बनाए केंद्र सरकार

### दिल्ली हाईकोर्ट ने 8 हफ्ते का वक्त दिया, कहा- यह आखिरी मोहलत

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार 16 नवंबर को केंद्र सरकार को 8 हफ्ते में दवाओं की ऑनलाइन बिक्री को लेकर एक पॉलिसी बनाने का निर्देश दिया है। कार्यवाहक चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मिनी पुष्करणा की बेंच ने कहा कि यह मामला 5 साल से कोर्ट में पेंडिंग है। इसलिए केंद्र सरकार को मामले में पॉलिसी लाने का आखिरी मौका दिया जा रहा है।

कोर्ट ने कहा कि अगर इस आदेश का पालन नहीं किया गया तो अगली सुनवाई में संयुक्त सचिव को खुद उपस्थित रहना होगा।

इस पर केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए वकील कीर्तिमान सिंह ने कहा कि दवाओं की ऑनलाइन बिक्री से संबंधित 28 अगस्त 2018 की अधिसूचना पर अभी सलाह-मशविरा




चल रहा है।

#### अवैध बिक्री पर बैन लगाने की मांग पर सुनवाई

बार एंड बैंच के मुताबिक, कोर्ट ने ऑनलाइन दवाओं की अवैध बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाली पिटिशन पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया है।

याचिकाओं में ड्रग्स और कॉस्मेटिक्स रूल में और संशोधन करने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रकाशित मसौदे को भी चुनौती दी गई है।

#### कोर्ट ने 2018 में ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया था

बता दें कि दिसंबर 2018 में हाईकोर्ट ने दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने का आदेश पारित किया था, क्योंकि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 और फार्मेसी एक्ट, 1948 के तहत इसकी अनुमति नहीं थी।

मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में एक कंटेम्प्ट पिटीशन भी दायर की गई है। इसमें दवाओं की ऑनलाइन बिक्री जारी रखने के लिए ई-फार्मेसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

इसमें कोर्ट के आदेशों के बावजूद दोषी ई-फार्मेसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई है।

## उत्तरकाशी टनल हादसा : फंसे मजदूरो को निकालने की हर कोशिश अब तक नाकामयाब

### अमेरिकी मशीन से ड्रिलिंग शुरू, केंद्रीय मंत्री वीके सिंह बोले- रेस्क्यू में 2-3 दिन और लग सकते हैं

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिल्क्यारा टनल में (4 दिन से ज्यादा) से 40 मजदूर फंसे हैं। इन्हें निकालने की हर कोशिश अब तक नाकामयाब रही है। गुरुवार 16 नवंबर सुबह नए सिरे से अमेरिकन ऑगर्स मशीन को इंस्टाल कर रेस्क्यू शुरू किया गया। हैवी ऑगर मशीन को सेना के हरक्यूलिस विमान से दिल्ली से उत्तराखंड लाया गया। NHIDCL के डायरेक्टर अंशु मनीष खलखो ने बताया, 25 टन की हैवी ऑगर मशीन प्रति घंटे पांच से छह मीटर तक ड्रिल करती है। अगर, ये काम करती है तो अगले 10 से 15 घंटे में इन्हें रेस्क्यू किया जा सकता है। हालांकि, यह अंदर की परिस्थितियों पर भी डिपेंड करेगा। हादसा 12 नवंबर की सुबह 4 बजे हुआ था। टनल के एंट्री पॉइंट से 200 मीटर दूर मिट्टी धंसी। मजदूर



अंदर फंस गए। मलबा 70 मीटर तक फैला गया। ये मजदूर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के हैं।

#### टनल के अंदर जायजा लेने पहुंचे केंद्रीय मंत्री वीके सिंह

केंद्रीय मंत्री वीके सिंह गुरुवार को टनल के अंदर जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने कहा- मजदूर टनल के अंदर 2 किलोमीटर की खाली जगह में फंसे हुए हैं। इस गैप में रोशनी है और हम खाना-पानी भेज रहे हैं। एक नई मशीन काम कर रही है, जिसकी पॉवर और स्पीड पुरानी मशीन से बेहतर है। हमारी कोशिश इस रेस्क्यू ऑपरेशन को 2-3 दिन में पूरा करने की है।

#### रेस्क्यू में कितने लोग जुटे

200 लोगों की टीम 24X7 काम कर रही: नेशनल हाईवे एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड , NDRF, SDRF, ITBP, BRO और नेशनल हाईवे की 200 से ज्यादा लोगों की टीम 24 घंटे रेस्क्यू में जुटी है।

## भारत और श्रीलंका के बीच सैन्य अभ्यास 'मित्र शक्ति' शुरू

नयी दिल्ली। भारत और श्रीलंका के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास मित्र शक्ति-2023 का नौवां संस्करण गुरूवार को पुणे के औंध में शुरू हुआ। दोनों देशों की सैन्य टुकड़ियां 16 से 29 नवंबर तक अभ्यास करेंगी।अभ्यास में भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से मराठा लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट के 120 सैनिकों द्वारा किया जा रहा है। श्रीलंकाई पक्ष का प्रतिनिधित्व 53 इन्फैंट्री डिवीजन के सैनिकों द्वारा किया जा रहा है। भारतीय वायु सेना के 15 सैनिक और श्रीलंकाई वायु सेना के पांच सैनिक भी अभ्यास में भाग ले रहे हैं। इसका आयोजन संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय सात के तहत संयुक्त रूप से पूर्वाभ्यास के लिए किया गया है। अभ्यास के दायरे में आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान परस्पर तालमेल बैठाना भी है। दोनों पक्ष छापेमारी, खोज और मिशन को नष्ट करने, हेलिबोर्न ऑपरेशन आदि जैसी सामरिक कार्रवाइयों का अभ्यास करेंगे।

## सहारा समुह के खिलाफ केस जारी रहेगा

### केस चलता रहेगा चाहे कोई जीवित हो या नहीं : सेबी अध्यक्ष


नई दिल्ली। सहारा ग्रुप के फाउंडर सुब्रत रॉय की मृत्यु के बाद भी सेबी इस ग्रुप के खिलाफ केस जारी रखेगा। सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सेबी के लिए यह मामला एक यूनिट के मैनेजमेंट से जुड़ा है और यह जारी रहेगा। चाहे कोई व्यक्ति जीवित हो या नहीं।

कारोबारी सुब्रत रॉय का कार्डियोरेस्पिरेटरी अरेस्ट के कारण 14 नवंबर 2023 को निधन हो गया। वे 12 नवंबर से कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल (केडीएएच) में भर्ती थे।

सुब्रत को मेटास्टैटिक स्ट्रोक (एक तरह का कैंसर), हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की समस्याएं थीं।

#### नियमों के खिलाफ पैसे जुटाने का है केस

सुब्रत रॉय पर उनकी दो कंपनियों में



नियमों के खिलाफ लोगों से पैसे निवेश करवाने का आरोप लगा था। इसके लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। 28 फरवरी 2014 को सुप्रीम कोर्ट ने सुब्रत रॉय को 24,400 करोड़ रुपए निवेशकों को लौटाने को कहा था। तब से लेकर आज तक यह केस चल रहा है।

यह केस सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन लिमिटेड और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड से जुड़ा है।

#### सुब्रत रॉय पंचतत्व में विलीन

सहारा इंडिया के चेयरपर्सन सुब्रत रॉय गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। सुब्रत रॉय की अंतिम यात्रा शाम साढ़े चार बजे लखनऊ के सहारा शहर से बैकुंठ धाम पहुंची। यहां पर 16 साल के पोते हिमांक ने मुखाग्नि दी। इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव, फिल्म डायरेक्टर बोनी कपूर और अभिनेता राज बब्बर मौजूद रहे। हिमांक, सुब्रत रॉय के छोटे बेटे सीमांतो का बेटा है, जो लंदन में पढ़ाई करता है। दोनों बेटे सुशांतो और सीमांतो अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हुए। दोनों विदेश में हैं। ऐसा माना जा रहा है कि उनके लिए ही अंतिम संस्कार एक दिन देरी से किया गया। मगर वह नहीं आए। इस पर न तो रॉय परिवार से कोई कुछ कह रहा है, न ही सहारा परिवार का बयान आया है।

#### जमानत पर थे सुब्रत रॉय

पटना हाईकोर्ट में सहारा इंडिया के खिलाफ लोगों के पैसों का कई सालों से भुगतान नहीं करने का एक केस चल रहा है।

लोगों ने ये पैसे कंपनी की कई स्कीमों में लगाए थे। इस केस में पटना हाईकोर्ट के गिरफ्तारी के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। साथ ही उनके खिलाफ आगे किसी तरह की कार्रवाई को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। सुब्रत रॉय के खिलाफ इसी तरह का एक मामला सुप्रीम कोर्ट में भी पहले से चल रहा है। वे जमानत पर बाहर थे। वहीं, निवेशकों के पैसे लौटाने को लेकर सहारा इंडिया का दावा है कि वह सारी रकम सेबी के पास जमा करा चुकी है।

**एयर स्ट्राइक**

### पड़ोसी देश में सेना-विद्रोही गुट में लड़ाई छिड़ी, म्यांमार आर्मी की बॉर्डर के गांवों पर एयर स्ट्राइक

## म्यांमार से अब 5 हजार से ज्यादा लोगो ने मिजोरम में शरण ली

आइजोल। भारत के पड़ोसी देश म्यांमार में सेना और विद्रोही गुट पीपुल्स डिफेंस फोर्सेस के बीच 12 नवंबर से लड़ाई हो रही है। 14 नवंबर को म्यांमार सेना ने भारत सीमा से सटे इलाकों खावमावी और रिहखावदार गांवों पर एयर स्ट्राइक की।

इसके चलते भारत की सीमा पारकर म्यांमार के 5 हजार से अधिक लोगों ने मिजोरम में शरण ली। हमले में एक 51 साल के व्यक्ति की मौत हो गई थी।

#### म्यांमार के लगभग 160 परिवार मिजोरम में

मिजोरम में शरण लेने वाले



म्यांमार के लोग चम्फाई जिले के जोखावथार इलाके में रह रहे हैं। जोखावथार इलाके में 4-5 राहत और शरणार्थी कैम्प हैं, जिनमें म्यांमार के लगभग 160 परिवार रह रहे हैं।

जिला प्रशासन, एनजीओ, यंग मिजो एसोसिएशन और ग्राम परिषद की ओर से इन शरणार्थियों की मदद की जा रही है। साथ ही इन्हें इलाके में बने अस्थाई टेंट में जगह दी गई है। शासन-प्रशासन और एनजीओ की ओर से इन्हें खाना, कपड़ा और दवाएं दी जा रही हैं। वाईएमए के फाइनेंशियल सेक्रेटरी एफ बियाक्टिंसांगा ने बताया कि कुछ गैर-सरकारी संगठनों और प्रशासन की ओर से इनकी मदद की जा रही है। बियाक्टिंसांगा ने कहा कि यहां कई सारे बच्चे और महिलाएं हैं। उनके लिए दाल, बच्चों के लिए सेरेलक, दूध और दवाई के साथ-साथ डाइपर, कपड़े और कंबल-गद्दे का इंतजाम वाईएमए की ओर से किया जाता है।

#### म्यांमार सेना के 42 जवानों ने मिजोरम में सरेंडर किया

वहीं, म्यांमार की पीपुल्स डिफेंस फोर्स ने रविवार शाम को म्यांमार सेना की दो चौकियों पर हमला कर उन पर कब्जा कर लिया। इसके चलते सेना के 39 जवानों ने मिजोरम में शरण ली और मिजोरम पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। अब तक म्यांमार सेना के 42 जवान सरेंडर कर चुके हैं।

मिजोरम के आईजी लालबियाकथंगा खियांग्ते ने मंगलवार को बताया कि म्यांमार के लगभग 5 हजार लोगों ने राज्य के दो सीमावर्ती गांवों में शरण ली है। रविवार शाम को पीडीएफ ने म्यांमार सेना की चौकियों पर हमला कर उन पर कब्जा कर लिया। इसके बाद सेना के 39 जवानों ने सरेंडर किया। सीमा पर हो रहे हमले के चलते इलाके में रहने वाले 20 लोग घायल हैं। इनमें से 8 लोगों को इलाज के लिए आइजोल शिफ्ट किया गया है। साथ ही बुधवार शाम को एक नागरिक ने गोली लगने से दम तोड़ दिया। बुधवार रात से सीमा पर कोई हलचल नहीं हुई है।

## बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने के लिए चलाएंगे अभियान : नीतीश

### राज्य सरकार जो करती है उसको प्रचार की जरूरत नहीं है

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि राज्य को विशेष दर्जा नहीं दिया गया तो वह अभियान चलाएंगे।

कुमार ने गुरुवार को यहां बापू सभागार में 'मुख्यमंत्री उद्यमी योजना' के तहत आयोजित एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं प्रथम किस्त वितरण समारोह का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाए तो दो साल में ही उसका विकास हो जाएगा। बिहार का गौरवशाली इतिहास रहा है,



इसी प्रदेश से सारी शुरूआत हुई और आज यही पीछे है। उन्होंने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने के लिए हम अभियान चलाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा, हम तो लोगों के हित में काम करते हैं, हर वर्ग के उत्थान के लिए काम करते हैं। हम काम करनेवाले लोग हैं काम करते ही रहेंगे। केंद्र में कोई योजना बनती है तो प्रचार करते हैं और उनकी हिस्सेदारी 60 प्रतिशत होती है और राज्य सरकार को 40 प्रतिशत हिस्सा देना पड़ता है, जिससे राज्यों को कोई फायदा नहीं मिलता है। ऋण लेकर पूरे राज्य के विकास के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र को चुनौती देते हुए कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दो, यही अभियान चलेगा, अगर बिहार को विशेष दर्जा नहीं दोगे तो इसका मतलब है कि आप बिहार का विकास करना नहीं चाहते हैं।

## शार्ट न्यूज

### जम्मू कश्मीर के पुंछ में मंदिर के पास ब्लास्ट

श्रीनगर। (पी एम ए) जम्मू एवं कश्मीर के पुंछ जिले में एक रहस्यमय विस्फोट हुआ। हालांकि, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बुधवार देर शाम पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में एक मंदिर के पास रहस्यमय विस्फोट हुआ। जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में एक रहस्यमयी धमाका हो जाने के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। बुधवार की रात पुंछ के सुरनकोट में शिव मंदिर के पास धमाका हुआ है। ब्लास्ट के बाद हड़कंप मच गया है। धमाके के बाद मंदिर की दीवारों पर छर्रे लगे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षाबल मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए। राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी प्रकार हताहत की खबर नहीं है। सुरक्षा एजेंसियों यह पता लगाने की कोशिश कर रही है इसके पीछे किसका हाथ है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में एक मंदिर के पास रहस्यमय विस्फोट हुआ है। इस हादसे में किसी की मौत या किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। स।ह्र सुरनकोट ने इस घटना की पुष्टि की है। ब्लास्ट की सूचना मिलने के तुरंत बाद फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है। विस्फोट के तुरंत बाद ही स्थानीय पुलिस और सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है।

### चंद्रयान-3 प्रक्षेपण वाहन के क्रायो चरण का पृथ्वी में अनियंत्रित प्रवेश

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने घोषणा की है कि भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 को इच्छित कक्षा में स्थापित करने वाले एलवीएम3 एम4 प्रक्षेपण यान के क्रायोजेनिक अपर स्टेज (सीयूएस) ने पृथ्वी के वायुमंडल में अनियंत्रित ढंग से पुन: प्रवेश किया है। बताया गया है कि बुधवार को लगभग 1442 बजे इसने पृथ्वी के वायुमंडल में अनियंत्रित रूप से पुन: प्रवेश किया है और इसका अंतिम जमीनी मार्ग भारत के ऊपर से नहीं गुजरा है। इसरो ने बताया, संभावित प्रभाव बिंदु की भविष्यवाणी उत्तरी प्रशांत महासागर के ऊपर की गई है। अंतिम जमीनी ट्रैक भारत के ऊपर से नहीं गुजरा। यह रॉकेट बॉडी (एनओआरएडी) आईडी 57321) उस वाहन का हिस्सा है जिसने 14 जुलाई, 2023 को चंद्रयान -3 अंतरिक्ष यान को 21.3 डिग्री झुकाव के साथ 133 किमी × 35823 किमी की इच्छित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया था। इसरो ने कहा कि रॉकेट बॉडी का पुन-प्रवेश इसके प्रक्षेपण के 124 दिनों के भीतर हुआ। इसमें कहा गया है कि एलवीएम3 एम4 क्रायोजेनिक ऊपरी चरण का मिशन के बाद का कक्षीय जीवनकाल, इंटर-एजेंसी स्पेस डेब्रिस कोऑर्डिनेशन कमेटी द्वारा अनुशंसित एलइओ (लो अर्थ ऑर्बिट) वस्तुओं के लिए 25-वर्षीय नियम के पूरी तरह से अनुपालन में है।

### देहरादून में मिलेंगे मिलेट बेकरी उत्पाद, धामी ने किया आउटलेट का शुभारंभ

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में मिलेट बेकरी आउटलेट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राज्य के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। धामी ने कहा कि राज्य के मोटे अनाजों पर आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने और महिला स्वयं सहायता समूहों की आजीविका में वृद्धि करने के उद्देश्य से सचिवालय परिसर में मिलेट बेकरी का आउटलेट शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में ग्रामीण महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थानीय मंडुआ, झंगोरा, ज्वार, चौलाई इत्यादि अनाजों के उत्पादन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इन उत्पादों के मूल्य संवर्धन के लिए जनपद देहरादून के रायपुर ब्लॉक तथा जनपद पौड़ी के पौड़ी ब्लॉक में 2 मिलेट उत्पादों की बेकरी प्रारम्भ की गयी है। मिलेट बेकरी में मंडुआ तथा झंगोरा का प्रसंस्करण कर बिस्किट, ब्रेड तथा पिज्जा बेस व अन्य उत्पाद तैयार किये जा रहें है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अन्तर्गत स्थानीय मोटे अनाजों के उत्पादन और उपभोग को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में अनेक कार्यक्रम किये जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं।

### धोखाधड़ी मामले में बीओआई के पूर्व शाखा प्रबंधक को पांच साल की सश्रम कारावास

हैदराबाद। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मामलों के विशेष न्यायाधीश ने बैंक धोखाधड़ी मामले में बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) हैदराबाद की सरूरनगर शाखा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक ए.गद्दार को पांच साल के कठोर कारावास की और दो अन्य व्यक्तियों को एक-एक वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई ने गुरुवार को यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक पूर्व बैंक प्रबंधक पर 60,000 रुपये और दो अन्य व्यक्तियों - पंडिति राजशेखर और गद्दीगोपुला सत्यानंद राव - पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सीबीआई ने आरोपियों के खिलाफ तत्काल मामला इस आरोप पर दर्ज किया था कि आरोपियों ने बैंक ऑफ इंडिया, सरूरनगर शाखा, हैदराबाद को धोखा देने के इरादे से एक साजिश रची थी। यह आरोप लगाया गया था कि गद्दार ने धोखाधड़ी से आवास ऋण आवेदनों को संसाधित और स्वीकृत किया था और ऋण राशि वितरित की थी। इसके बाद सभी ऋण खाते एनपीए हो गए और बैंक को 73.80 लाख रुपये का नुकसान हुआ। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया। ट्रायल कोर्ट ने उक्त आरोपियों को दोषी पाया और उन्हें दोषी ठहराया।

### सुगम्य चुनाव संचालन समिति में पहली बार तीन दिव्यांग बेटियां भी

शिमला। भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश में दिव्यांगों के दृष्टिगत गठित राज्य सुगम्य चुनाव संचालन समिति में पहली बार तीन दिव्यांग बेटियों को शामिल किया गया है। ये सभी असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। राज्य संचालन समिति के सदस्य और दिव्यांगों के लिए कार्यरत संस्था उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. अजय श्रीवास्तव ने बताया कि समित का उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया को दिव्यांगजनों के लिए बाधा रहित और इंक्लूसिव बनाना है। इसकी तैयारियों के लिए नवगठित समिति की पहली बैठक 17 नवंबर को राज्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में आयोजित होगी। राज्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति में शामिल तीन दिव्यांग असिस्टेंट प्रोफेसर हैं - मुस्कान, प्रतिभा ठाकुर और अंजना ठाकुर। इनके अलावा समिति में दिव्यांगों के प्रतिनिधि के तौर पर ब्लाइंड पर्सन एसोसिएशन के अध्यक्ष शोभूराम, नेशनल एसोसिएशन ऑफ़ द डेफ के महासचिव दीपक शर्मा शामिल है। संचालन समिति में प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उच्च शिक्षा निदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशक, एससी ओबीसी अल्पसंख्यक एवं दिव्यांगजन विभाग के निदेशक, सीआरसी सुन्दरनगर के असिस्टेंट प्रोफेसर मंजीत सैनी और निर्वाचन विभाग में सुगम्य चुनाव के विशेष कार्य अधिकारी शामिल हैं।

### केरल को विश्व स्तरीय अर्थव्यवस्था में बदलने में भागीदार बने :पिनाराई विजयन

तिरुवनंतपुरम। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने गुरुवार को निवेशकों से राज्य के समृद्ध पर्यटन क्षेत्र में निवेश करके केरल को विश्व स्तरीय अर्थव्यवस्था में बदलने में भागीदार बनने का आह्वान किया। विजयन ने यहां टूरिज्म इन्वेस्टर्स मीट का उद्घाटन करते हुए कहा , केरल खुद को देश में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थल से उत्तम पर्यटन निवेश स्थल में बदलने के लिए पूरी तरह तैयार है। केरल पर्यटन में निवेश करके आप भी इस जबरदस्त बदलाव का हिस्सा बनेंगे। उन्होंने कहा, केरल देश का एकमात्र राज्य है जहां चार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं। हमारे पास असंख्य राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग हैं। जल्द ही केरल के उत्तरी छोर से दक्षिणी छोर तक पानी के रास्ते यात्रा की जा सकेगी। केरल में देश में सबसे ज्यादा 5-सितारा होटल हैं। हम निवेश के लिए तैयार हैं, हम सुलभ हैं, हमारा कार्यबल अच्छी तरह से प्रशिक्षित है और हमारा भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचा देश में बेजोड़ है। विजयन ने कहा कि टूरिज्म इन्वेस्टर्स मीट का उद्देश्य संभावित सहयोग का पता लगाने और केरल के पर्यटन पारिस्थितिकी तंत्र में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए निवेशकों को प्रमुख हितधारकों, स्थानीय उद्यमियों और उद्योग विशेषज्ञों के साथ जोड़ना है।

# वायु प्रदूषण में नहीं हो रहा सुधार, रेड जोन में एक्यूआई

## ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 338 और नोएडा का एक्यूआई 360 रहा

ग्रेटर नोएडा। पिछले तीन दिन से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में वायु प्रदूषण में सुधार नहीं हो रहा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) रेड जोन में बना हुआ है। बुधवार को नोएडा का एक्यूआई 360 दर्ज किया गया। जबकि ग्रेने में इसका स्तर 338 रिकॉर्ड हुआ। शहर में वायु प्रदूषण की रोकथाम के इंतजामों में खानापूर्ति की जा रही है। उधर क्रेडाई एनसीआर ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को पत्र लिखकर निर्माण कार्यों पर लगी रोक को हटाने की मांग की है।



प्रदूषण के मामले में नोएडा एनसीआर में चौथे और ग्रेनो पांचवें स्थान पर रहा।

वहीं ग्रेटर नोएडा में वायु प्रदूषण की रोकथाम के उपायों के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। केवल कुछ ही निर्माणाधीन साइटों पर एंटी स्मॉग गन से छिड़काव किया जा रहा है। सड़कों पर प्राधिकरण छिड़काव नहीं करा रहा है।

उधर, क्रेडाई के अध्यक्ष मनोज गौड़ ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को पत्र लिखकर एनसीआर के प्रोजेक्टों को समय पर पूरा करने का हवाला देकर निर्माण से रोक हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि अभी ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 400 से नीचे है। ऐसे में रोक हटाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि निर्माण पर रोक से मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है। इससे वह घर लौट रहे हैं।

### मोदी का आदमकद कटआउट बना लाल चौक का बड़ा आकर्षण

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर स्थित ऐतिहासिक लाल चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आदमकद कटआउट पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण बना हुआ है। कट-आउट में प्रधानमंत्री को धारीदार कोटी के साथ सफेद पूरी बाजू का कुर्ता और पायजामा पहने हुए दिखाया गया है। पर्यटक प्रसन्नता व्यक्त करते हैं और क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव का श्रेय उनके नेतृत्व को देते हैं। यह पहली बार है कि ऐतिहासिक लाल चौक पर किसी प्रधानमंत्री का ऐसा कटआउट लगाया गया है। लाल चौक में मोदी के कट-आउट के साथ तस्वीरें लेते देखे गए एक पर्यटक जोड़े ने कहा, यह अप्रत्याशित आकर्षण न केवल प्रधान मंत्री की लोकप्रियता को दर्शाता है, बल्कि क्षेत्र में कथित विकास से जुड़ी सकारात्मक भावनाओं को भी दर्शाता है। हिंदी में एक संदेश भी लगाया गया है -''बुजुर्गों का सम्मान एक पर्यटक ने कहा, ' यह भारत है, हमें अपने बड़ों का सम्मान करना चाहिए...मुझे यह संदेश देखकर बहुत अच्छा लग रहा है।

### भारत समुद्री कानूनों के अनुरूप नौवहन और व्यापार की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध: राजनाथ सिंह



नयी दिल्ली। (पी एम ए) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र समझौता 1982 सहित सभी अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में नौवहन, हवाई उड़ान और निर्बाध वैध व्यापार की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध है। सिंह ने गुरूवार को इंडोनेशिया के जकार्ता में आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की 10वीं बैठक (एडीएमएम-प्लस) को संबोधित करते हुए आसियान के महत्व का उल्लेख करते हुए क्षेत्र में बातचीत एवं सर्वसम्मति को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका की सराहना की। रक्षा मंत्री ने विभिन्न हितधारकों के बीच व्यापक सहमति पर आधारित क्षेत्रीय सुरक्षा पहलों का आह्वान किया। उन्होंने क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए एडीएमएम-प्लस के साथ व्यावहारिक, दूरदर्शी और परिणामोन्मुखी सहयोग को बढ़ावा देने के बारे में भी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सिंह ने जोर देते हुए कहा कि संघर्ष और टकराव से मानव जीवन की हानि के साथ साथ आजीविका नष्ट होती है, क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्तर पर स्थिरता में बाधा आती है और इसका खाद्य सुरक्षा तथा ऊर्जा सुरक्षा आदि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने आसियान और इससे जुड़े देशों के साथ काम करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई जिससे कि शांति, समृद्धि और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने शांति पर अपने विचार रखते हुए महात्मा गांधी का हवाला देते हुए कहा, शांति का कोई रास्ता नहीं है, केवल शांति है । रक्षा मंत्री ने स्थायी शांति और वैश्विक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए बातचीत और कूटनीति की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने दुनिया भर में भारत के इस संदेश की पुष्टि की, कि यह युद्ध का युग नहीं है और हम बनाम वह मानसिकता को छोड़ने की जरूरत पर बल दिया। सिंह ने भारत-आसियान गतिविधियों विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में महिलाओं के लिए पहल और समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण में आसियान सदस्य देशों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना की।

### बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने के लिए शुरू होगा आंदोलन : नीतीश

पटना। (पी एम ए) मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को राजधानी पटना में उद्योग विभाग के उन्मुखीकरण कार्यक्रम में केंद्र सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि केंद्र से तो हम इतना ही ना मांग करते हैं भाई। अरे इतना सब कुछ काम हम कर दिए तो एक काम आप भी कर दीजिए। कितना-कितना आज जरूरत है लोगों को मदद करने का। हम तो कह रहे हैं। यदि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दे दीजिएगा तो काम तेजी से होगा।



मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत पहली किस्त वितरण समारोह का आयोजन किया गया था। इसी समारोह में सीएम नीतीश कुमार भी शिरकत करने पहुंचे थे। उस दौरान एक बार फिर उन्होंने कहा कि केंद्र से तो हम हमेशा से ही एक ही चीज मांगे हैं और यदि वे दे देते तो कितना काम हो जाता है। इतना काम हम किए हैं और काम हो जाता है। साथ ही नीतीश कुमार ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार विशेष राज्य का दर्जा देने में और अधिक देरी कड़े की तो हम एक मूवमेंट शुरू करने जा रहे हैं। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिले इसको लेकर एक मूवमेंट शुरू कर देंगे। ये लोग कोई काम करते हैं। कोई योजना बनाते हैं। खाली बेकार में परेशान करते रहते हैं। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हम कह रहे हैं यदि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाएगा तो जो विकास पांच साल में होना है वह दो ही साल में हो जाएगा।

## एल्विश की रेव-पार्टी के कई राजदार, डायरी में मिले सबूत

### पुलिस को फिर मिली राहुल की रिमांड; बिग बॉस विनर से भी हो सकती है पूछताछ

नोएडा। यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी-2 विनर एल्विश यादव और सांपों की तस्करी केस में राहुल के पास से मिली डायरी को आधार बनाकर पुलिस जांच कर रही है। डायरी में मिले फोन नंबर और मीडिएटर का इलेक्ट्रानिक डेटा बेस तैयार हो रहा है। इसमें सोशल मीडिया नेटवर्किंग साइट से भी डेटा लिया जा रहा है। इस डेटा में उन पार्टियों के डेटा कलेक्ट किए जा रहे है, जिनके फुटेज वायरल किए गए। वहीं, पुलिस को राहुल की 24 घंटे की रिमांड मिल गई है। गुरुवार दोपहर 12 बजे से शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक पुलिस पूछताछ कर सकती है। पुलिस ने सुरजपुर की फास्ट ट्रैक कोर्ट में 14 दिन की रिमांड की अर्जी लगाई थी। रिमांड के दौरान राहुल से डायरी को लेकर पूछताछ होगी।

एल्विश को भी बुलाया जा सकता है।



इससे पहले पुलिस को राहुल समेत पांचों आरोपियों की 54 घंटे की रिमांड मिली थी। दीवाली की शाम 4 बजे तक रिमांड पूरी होने के बाद पांचों को कड़ी सुरक्षा के बीच जेल भेज दिया गया था। दरअसल, इस केस में डायरी को अहम सबूत माना जा रहा है। सूत्रों की माने तो 54 घंटे की रिमांड पर पुलिस को साक्ष्य तो मिले लेकिन वो घटना क्रम का रीक्रिएशन नहीं कर सकी। इस बार रीक्रिएशन किया जाएगा। साथ ही एल्विश को नोएडा बुलाकर पूछताछ की जाएगी या नहीं आला अधिकारियों ही डिसाइड करेंगे।

ये केस अब तक तीन लोग राहुल, एल्विश और फाजिलपुरिया के इर्द गिर्द ही घूम रहा है। लेकिन डायरी में मिले फैक्ट के बाद एल्विश के कई और करीबी भी इसमें आ सकते है। वहीं, पुलिस अब वन्य जीन क्रूरता अधिनियम की धारा भी बढ़ाने जा रही है।

#### इलेक्ट्रानिक सर्विलांस सेल एक्टिव

इस केस में एक बार फिर से पुलिस ने अपना इलेक्ट्रानिक सर्विलांस सेल को एक्टिव कर दिया है। लगातार लोगों पर नजर रखी जा रही है। जयपुर गई टीम को भी वहां से एविडेंस मिले हैं। दरअसल, कई सांप ऐसे भी पार्टी में लाए जाते थे जो राजस्थान से आते थे। ऐसे में उन स्थानों की जानकारी पुलिस को मिली है। इस तरह से केस में अब दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और यूपी चारों प्रदेश में इसकी छानबीन की जा रही है।

#### नोएडा के फार्म हाउस में सर्विलांस तेज

नोएडा के डूब क्षेत्र में बने फार्म हाउस में रेव पार्टी होती थी। इसका पहले भी कई बार खुलासा हो चुका है। यहां कसिनों तक पकड़ा जा चुका है। पुरानी पार्टियों का डेटा निकाला जा रहा है। वहां पकड़े लोगों का डेटा भी तैयार किया जा रहा है। वहां से पकड़े गए लोगों का कनेक्शन भी इन लोगों से है या नहीं, इसकी भी जांच चल रही है। क्योंकि राहुल ने अपने बयान में बताया था कि वो कई बार नोएडा के फार्म हाउसों में भी पार्टी कर चुका है।

## नड्डा ने जारी किया भाजपा का संकल्प पत्र

### ढाई लाख नौकरियां और मेधावी छात्राओं को 12वीं के बाद फ्री स्कूटी का वादा

जयपुर। (पी एम ए) राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का 'आपणो अग्रणी राजस्थान' संकल्प पत्र 2023 जारी कर दिया गया। गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यहां संकल्प पत्र जारी कर राज्यवासियों के लिए मनभावन कई योजनाओं को पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई।

भाजपा ने गरीब परिवारों की छात्राओं को पीजी तक मुफ्त शिक्षा और 12वीं पास मेधावी छात्राओं को फ्री में स्कूटी देने साथ ढाई लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया है। भाजपा का यह संकल्प पत्र कांग्रेस की गारंटियों का जवाब माना जा रहा है।

भाजपा के 'आपणो अग्रणी राजस्थान' संकल्प पत्र 2023 में प्रदेश की सभी गरीब परिवारों की छात्राओं को केजी से पीजी तक मुफ़्त शिक्षा, 12वीं पास मेधावी छात्राओं को फ्री स्कूटी, पेपर लीक से मुक्ति, मिडडे मील, खनन, जल जीवन और पीएम आवास योजना में घोटलों की जांच को लेकर एसआईटी का गठन, 2.5 लाख नौकरियां, हर जिले में महिला थाना व हर पुलिस स्टेशन में महिला डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वायड की स्थापना, 40 हजार करोड़ का भामाशाह हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन, पंद्रह हजार डॉक्टर और बीस हजार पैरामेडिकल स्टाफ की नई नियुक्तियां, लाडो प्रोत्साहन योजना बालिका के जन्म पर दो लाख के सेविंग बॉन्ड से वित्तीय सहायता, लखपति दीदी योजना के अंतर्गत 6 लाख से ज्यादा ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण, पीएम उज्ज्वला योजना की सभी महिलाओं को 450 रुपये प्रति सिलेंडर सब्सिडी, आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को यूनिफॉर्म आदि के लिए 1200 रुपये की वार्षिक सहायता, पर्यटन कौशल कोष बनाकर 5 लाख युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार अथवा स्वरोजगार, आईआईटी और एम्स की तर्ज पर हाई डिवीजन में राजस्थान इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एवं राजस्थान इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस, मानगढ़ धाम को भव्य ट्राइबल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के साथ गेहूं 2700 रुपये क्विंटल खरीदने का वादा किया गया गया है।



इस मौके पर पार्टी अध्यक्ष नड्डा ने कांग्रेस पर जमकर वार किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हर साल पेपर लीक हुए हैं।

युवाओं के साथ कांग्रेस ने धोखा किया है। विधवा पेंशन में कांग्रेस से घोटाला किया था। प्रदेश में महिलाओं के साथ अत्याचार हुआ। राजस्थान में किसानों के साथ तिरस्कार हुआ। अब हम राजस्थान को मुख्य धारा में शामिल करेंगे।


राजस्थान के लिए केंद्र सरकार ने बहुत कुछ किया है। हम डबल इंजन की सरकार चाहते हैं।

### बलात्कार करने की कोशिश कर रहे युवक का प्राइवेट पार्ट महिला ने काटा, अपनी आबरू बचाई

कौशाम्बी। (पी एम ए) मंझनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बलात्कार की कोशिश कर रहे युवक का प्राइवेट पार्ट काटकर पीड़िता ने अपनी आबरू बचाई। खून से लथपथ युवक को उसके परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने घायल युवक के पिता की तहरीर पर महिला के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुक़द्दमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता से घटना में प्रयुक्त चाकू व खून से सना चादर बरामद कर उसे जेल भेजने की तैयारी कर रही है। जबकि पीड़िता का कहना है कि उसने जो भी कुछ किया वह अपनी अस्मत बचाने के लिए किया है। मंझनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहित महिला अपने बेटी के साथ घर में अकेले रहती है। महिला रीमा (परिवर्तित नाम) का पति नौकरी के सिलसिले में सऊदी अरब में रहकर ड्राइवरी करता है। पिछले ढाई साल से वह घर वापस नहीं आया। रीमा की देखभाल के लिए एक वृद्ध महिला एवं गांव का एक युवक उसके घर आते जाते हैं। बताया जा रहा है युवक 7 साल की उम्र से रीमा के पति के परिवार की सेवा में लगा हुआ है। पीड़िता रीमा ने बताया, सोमवार को वह जब घर में अकेले थी। उसके घर में सेवा करने वाला युवक मिराजुद्दीन (परिवर्तित नाम) आया और उसका हाथ पकड़ कर खींचने लगा। विरोध करने पर युवक ने उसकी गर्दन में हाथ लगा कर उसे गोद में लेकर कमरे में ले गया। उससे कपड़े उतारने की जिद करने लगा। पीड़िता ने मौका देख कर रसोई में गई और वहां से चाकू लेकर आई। बेड में छिपा कर चालाकी से युवक के सामने कपड़े उतारने में शर्म की बात कहकर उसे कंबल से मुंह ढकने की बात कही। युवक ने जैसे ही कंबल से अपना मुंह ढका पीड़िता ने युवक का प्राइवेट पार्ट काट कर अलग कर दिया। वारदात के बाद युवक चीखते हुए खून से लथपथ अपने घर की ओर भाग गया। कुछ देर बाद उसने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

### सौर ऊर्जा स्थापित करने की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश : सीएम सुक्खू

शिमला। हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने 100 किलोवाट से लेकर एक मेगावाट तक की सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना पर युवाओं को 40 प्रतिशत सब्सिडी देने की घोषणा की है। विभाग इस योजना को जल्द से जल्द अमलीजामा पहनाने के दृष्टिगत इसकी रूपरेखा शीघ्र तैयार करे।



सुक्खू ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ आज यहां आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता की और प्रदेश में सौर ऊर्जा योजनाओं की रूपरेखा जल्द से जल्द तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इस योजना से जहां हिमाचली युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, वहीं हिमाचल को हरित राज्य बनाने के वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों को भी इससे बल मिलेगा।

उन्होंने कहा कि हिमाचल को 31 मार्च, 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि यहां के पर्यावरण का संरक्षण किया जा सके। राज्य सरकार सौर ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से स्थापित इकाइयों से 25 वर्ष के लिए बिजली की खरीद करेगी, जिससे युवाओं को आय के स्थाई स्त्रोत प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा इकाइयां स्थापित करने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने के दृष्टिगत राज्य सरकार 40 प्रतिशत सब्सिडी भी प्रदान कर रही है।

उन्होंने कहा, 'नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति राज्य सरकार का यह सक्रिय दृष्टिकोण न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा देगा, बल्कि विकास और रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा, जिससे हिमाचल देश में स्वच्छ ऊर्जा अपनाने में अग्रणी बनेगा।'

### जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सेना और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में गुरुवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी, लेकिन अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। पुलिस ने यह जानकारी दी। आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने सामनो, दमहाल हांजीपोरा अलशीपोरा इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था, जिसके बाद यह मुठभेड़ शुरू हुई है। कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) कर कहा कुलगाम जिले के सामनो, डी.एच. पोरा इलाके में मुठभेड़ शुरू हुई है। पुलिस और सुरक्षा बल काम पर लगे हुए हैं। आगे की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटों में कश्मीर में यह दूसरी मुठभेड़ है। बुधवार को बारामूला जिले के उरी सेक्टर में हुई मुठभेड़ में दो घुसपैठिए मारे गए थे।

## एक महीने में भाजपा के चार दिग्गज नेताओं ने छोड़ी पार्टी

नई दिल्ली। (पी एम ए) तेलंगाना विधानसभा चुनाव से अभिनेत्री और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एम. विजयाशांति ने बीजेपी से इस्तीफा दे दिया। वह एक महीने से भी कम समय में भाजपा छोड़ने वाली चौथी प्रमुख नेता हैं।

तेलंगाना विधानसभा चुनाव से भारतीय जनता पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। अभिनेत्री और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एम. विजयाशांति ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। अब संभावना जताई जा रही है कि वह जल्द ही कांग्रेस में शामिल होने जा रही है। अभिनेत्री ने अपना इस्तीफा राज्य भाजपा प्रमुख जी. किशन रेड्डी को भेज दिया है। विजयाशांति पिछले कुछ महीनों से पार्टी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग नहीं ले रही थीं

पूर्व सांसद के शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है। वह एक महीने से भी कम समय में भाजपा छोड़ने वाली चौथी प्रमुख नेता हैं। पूर्व सांसद कोमाटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी और जी.विवेकानंद और एक अन्य नेता एनुगु रविंदर ने हाल ही में भाजपा छोड़ दी है। राजगोपाल रेड्डी और विवेकानंद कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।



दिसंबर 2020 में विजयाशांति की 15 साल बाद भाजपा में वापसी हुई थी। तेलुगू फिल्मों में अपनी एक्शन भूमिकाओं के लिए %लेडी अमिताभ% के नाम से लोकप्रिय विजयाशांति 1997 में भाजपा में शामिल हुईं और पार्टी की महिला शाखा की महासचिव के रूप में काम किया। उन्होंने तेलंगाना को अलग राज्य का दर्जा दिलाने के लिए लड़ने के लिए 2005 में भाजपा छोड़ दी और एक अलग संगठन तल्ली तेलंगाना बनाया। बाद में उन्होंने तल्ली तेलंगाना का टीआरएस (अब बीआरएस) में विलय कर दिया और 2009 में मेडक निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुनी गईं।

अगस्त 2013 में तेलंगाना राज्य के गठन से कुछ महीने पहले टीआरएस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए विजयाशांति को निलंबित कर दिया था। बाद में वह कांग्रेस में शामिल हो गईं और 2014 के चुनावों में मेडक विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ीं, लेकिन असफल रहीं। चार साल तक शांत रहने के बाद विजायशांति 2017 में फिर से कांग्रेस में सक्रिय हो गईं और उन्हें 2018 के विधानसभा चुनावों में पार्टी के लिए स्टार प्रचारक नामित किया गया।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
शुक्रवार 17 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### दिल्ली एयरपोर्ट पर कार्डियक अरेस्ट से पायलट की गई जान, तीन महीने में तीसरी मौत

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर दिल का दौरा पड़ने से एयर इंडिया के एक पायलट की मौत हो गई है। आपात स्थिति में साथी कर्मचारियों ने कैप्टन हिमानील कुमार को सीपीआर दी। इसके बाद में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उन्हें बचाया नहीं जा सका। मिली जानकारी के मुताबिक, बीते तीन महीनों में यह पायलट की तीसरी मौत है। रिपोर्ट के मुताबिक, 16 नवंबर को 11 बजकर 35 मिनट पर एयर इंडिया एयरलाइंस के कमांडर हिमानील कुमार को एयर इंडिया ऑफिस में लेवल तीन का कार्डियक अरेस्ट आया। कैप्टन की उम्र 37 साल बताई जा रही है। सहयोगियों की मदद से सीपीआर दी गई। इसके तुरंत बाद ही मेदांता अस्पताल में भर्ती किया गया। सीपीआर देने और डॉक्टर के इलाज के बाद भी उनकी जान नहीं बच सकी। डॉक्टर नवीन ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कैप्टन हिमानील कुमार का 23 अगस्त 2023 को इलाज हुआ है। जिसके बाद उन्हें फिट बताया गया। इसके बाद उन्हें किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं आई।

### स्कूली बच्चे राष्ट्रपति से मिले



नई दिल्ली। बाल दिवस पर कैलाशपति पब्लिक स्कूल के बच्चों को भारत के राष्ट्रपति से मिलने का अनूठा अवसर प्राप्त हुआ। राष्ट्रपति महोदया से मिलने के लिए स्कूल ने चार बच्चों का चयन किया था जिसमे कक्षा 5 की अवंतिका शुक्ला एवम कक्षा 7 के वीरेंद्र चौधरी, निदा कमाल और मो सुहेल शामिल थे। बाल दिवस पर राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केन्द्र में आयोजित समारोह में उक्त छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने बच्चों से कहा कि अगर वे अपनी क्षमता को पहचानें और पूरी लगन तथा कड़ी मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे तो वे निश्चित रूप से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। मुलाकात के दौरान जब अवंतिका शुक्ला ने राष्ट्रपति महोदया से जीवन में ऊंचे लक्ष्य प्राप्त करने के बारे में पूछा तो राष्ट्रपति ने बच्चों को पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दिया। इस शुभ अवसर पर राष्ट्रपति महोदया से मुलाकात के यादगार अनुभव सजोते हुए कार्यक्रम से बाहर निकले। स्कूल के चेयरमैन ने बच्चों को महामहिम राष्ट्रपति से मुलाकात की बधाई दी।

### सांप के डसने से 3 साल की बच्ची मौत

नोएडा। सेक्टर-116 स्थित एक मकान में काम करने के दौरान मजदूर की बेटी को सांप ने डस लिया। बच्ची के परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद सेक्टर और बच्ची के परिजनों में रोष है। सेक्टर के निवासियों का आरोप है कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को झाड़ियां साफ करने को लेकर कई पत्र लिखा गया, लेकिन अधिकारियों ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। जिससे एक मासूम बच्ची की जान चली गई। बुधवार को संतोष मजदूर का परिवार एक मकान का निर्माण काम कर रात के समय झुग्गी में सोने चला गया। इस दौरान रात में जहरीला सांप झुग्गी में घुस कर चारपाई पर सो रही बच्ची को डस लिया। बच्ची की चीख पुकार सुनकर उसके परिजन उठ गए। बच्ची का शरीर नीला पड़ गया था। बच्ची के पैर पर सांप के डसने का निशान था। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन इलाज से पहले ही तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। संतोष मूल निवासी जिला हमीर पुर का रहने वाला है। नोएडा के सेक्टर-117 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष कोशिंदर यादव ने बताया कि सेक्टर में स्थित खाली प्लाट पर बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी हैं। इन झाड़ियां में सांप, बिच्छू जैसे जहरीला जीव जंतुओं ने अपना बसेरा बना लिया है, जो आए दिन घरों में घुस जाते हैं। नोएडा प्राधिकरण के उद्योग विभाग और वर्क सर्किल अधिकारी को झाड़ियां कटवाने को लेकर पत्र लिखा गया था।

### पुलिस ने वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

नोएडा। थाना सेक्टर 142 पुलिस ने वांछित आरोपी को नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कपिल शर्मा पुत्र जिलेराम शर्मा हुई है। इसके पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा व मोटर साइकिल बरामद की है। दरअसल, 13 नवंबर को सेक्टर-145 मेट्रो स्टेशन पर पुष्पेंद्र मिश्र को कपिल शर्मा ने गोली मार दी थी। दोनों के बीच मेट्रो स्टेशन पर बहस बाजी हो गई थी। दोनों एक ही कंपनी में एक साथ काम करते है। गोली मारने के बाद कपिल मौके से फरार हो गया। पुष्पेंद्र नोएडा के बरौला का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि दोनों एक फर्म में काम करते है। पिछले कई दिनों से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। इसकी जानकारी परिजनों को नहीं थी। गोली लगने से घायल पुष्पेंद्र को जब अस्पताल लाया गया तो वो होश में था। उसी ने वीडियो रिकार्डिंग में बताया था कि उसे कपिल ने गोली मारी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच शुरू की। सेक्टर 142 पुलिस ने बीट पुलिसिंग व लोकल इंटेलिजेंस के माध्यम से मिली गोपनीय जानकारी पर कपिल शर्मा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गोली मारने के बाद आरोपी ने तमंचा और बाइक दोनों यमुना नदी में फेंक दी थी। आरोपी की निशानदेही पर दोनों की बरामदगी कराई गई। आरोपी को मेडिकल के बाद जेल भेज दिया गया है।

# दिल्ली जमीन घोटाला : केजरीवाल सरकार ने सीबीआई को भेजा मामला

## मुख्य सचिव पर बेटे को 850 करोड़ लाभ पहुंचाने का आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजना में भूमि अधिग्रहण घोटाले का मामला सीबीआई को भेजा है। मुख्य सचिव नरेश कुमार पर भूमि के मूल्यांकन में 22 गुना मूल्य बढ़ाने का आरोप लगा है, जिससे उनके बेटे करण चौहान से जुड़ी कंपनी को लाभ हो। इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को बामनोली भूमि अधिग्रहण मामले से जुड़ी जांच रिपोर्ट उपराज्यपाल वीके सक्सेना को भेजी थी।



विजिलेंस मंत्री आतिशी ने मुख्यमंत्री को यह रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें बामनोली गांव में 19 एकड़ जमीन के अधिग्रहण में कथित भ्रष्टाचार के लिए नरेश कुमार को पद से हटाने की सिफारिश की गई। जिसके बाद अब दिल्ली सरकार ने रिपोर्ट सीबीआई को भेजी है।

दिल्ली मंत्री ने 650 पन्नों की रिपोर्ट केजरीवाल को सौंपी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले में 850 करोड़ रुपये का नाजायज फायदा पहुंचाया गया है। यह जमीन 2015 में द्वारका एक्सप्रेसवे के पास केवल 75 लाख रुपये में खरीदी गई थी।

हालांकि, इस मामले में मुख्य सचिव कार्यालय ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। कार्यालय का कहना है कि कुछ दिनों पहले ही मंडलायुक्त ने स्पष्ट कर दिया था कि इस मामले में दोषी कौन है। साथ ही, जांच की बात भी की थी। आतिशी की रिपोर्ट एक शिकायत की जांच का नतीजा है जिसमें आरोप लगाया गया था कि मुख्य सचिव के बेटे को एक ऐसे व्यक्ति ने नौकरी पर रखा था जो बामनोली में लाभान्वित भूस्वामियों का रिश्तेदार था।

# देश भर में चल रहे 10 हजार जन औषधि केंद्र

## अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में लगा है स्टाल

नयी दिल्ली। इस वर्ष 31 अक्टूबर तक देशभर में 9998 जनऔषधि केंद्र कार्य कर रहे थे और इस परियोजना के तहत इन खूदरा दुकानों पर 1965 तरह की दवाएं और 293 सर्जिकल उपकरण कम मूल्य पर उपलब्ध कराए जा रहे थे।

यह जानकारी राजधानी के प्रगति मैदान में 42वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के स्टॉल पर दिख सकती है।

रसायन एवं ऊर्वरक मंत्रालय के तहत चलायी जा रही इस परियोजना का लक्ष्य देशवासियों को अच्छी गुणवत्ता की दवाएं और चिकित्सकीय सामान उचित दर पर सुलभ करा कर उनकी मदद करना है। मंत्रालय का कहना है कि इनकी कीमत ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50से 90 प्रतिशत कम है ।

प्रगति मैदान में 14 से 27 नवंबर तक चलने वाले व्यापार मेले में जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के स्टॉल हॉल नंबर 5 (स्टॉल नंबर 8बी) में लगाए गए स्टॉल में लगाए गए हैं। इनमें आम जनता को इस परियोजना की उपयोगिता और विशेषताओं से अवगत कराया जा रहा है।

### सात डबल डेकर बस सीज, 43 के चालान

नोएडा। बुधवार को एक्सप्रेस वे पर दो डबल डेकर बसों में आग लग गई। यात्रियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। इसके बाद गुरुवार को यातायात पुलिस और संभागीय परिवहन अधिकारियों ने मिलकर डबल डेकर बसों के लिए अभियान चलाया। अभियान महामाया फ्लाई ओवर और सेक्टर-37 पर चलाया गया। यही से ये बसें सवारी को लेकर आगे लखनऊ, कानपुर, बिहार और अन्य राज्यों को जाती है। अभियान के तहत कुल 7 डबल डेकर बसों को सीज किया गया। इनके पास कागज पूरे नहीं थे साथ ये बसे अन फिट थी। सेक्टर 37 एवं महामाया फ्लाई ओवर पर संयुक्त अभियान चलाकर प्राइवेट यात्री वाहनों के फिटनेस प्रमाण-पत्र एवं क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर (ओवरलोड) चलने वाले वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की गई। प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त प्रथम, संभागीय परिवहन अधिकारी, यातायात निरीक्षक एवं यातायात कर्मियों द्वारा सघन चैकिंग की गई। अभियान चलाकर कुल 07 बस वाहनों (डबल डेकर) के विरूद्ध सीज की कार्यवाही व 43 वाहनों के विरूद्ध ई-चालान की कार्यवाही की गयी। अधिकारियों ने बताया कि ओवरलोड होने और फिटनेस नहीं होने की वजह से बसों में शॉट सर्किट हो रहा है। ये बसें बंद होती है। इसलिए इसमें तेजी से आग फैली है। गनीमत रही कि कल दो बसों में आग लगी उसमे कोई हताहत नहीं हुआ। अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान यातायात पुलिस ने प्रमुख बस स्टैंड, ऑटो स्टैंड और ट्रांसपोर्ट यूनियन के लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

# आतिशी ने छठ घाट की तैयारियों का लिया जायजा

नयी दिल्ली। दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि छठ महापर्व के आयोजन में किसी भी प्रकार की कमी न आए इसके लिए केजरीवाल सरकार ने हर ज़रूरी कदम उठाते हुए पिछले आठ सालों से भव्यता से इसका आयोजन किया है।

आतिशी ने गुरुवार को बुराडी स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में छठ घाट का दौरा किया और वहाँ चल रही तैयारियों का जायज़ा लिया। इस मौके पर राजस्व मंत्री ने कहा कि दिल्ली में छठ महापर्व की तैयारियों में कोई कमी ना रहे इसी दिशा में सभी विधायक और विभाग ज़मीन पर काम कर रहे है। छठ महापर्व पूर्वांचलियों के लिए बहुत बड़ा त्यौहार, हर साल की तरह इस साल भी भव्यता से आयोजन के लिए हम



युद्धस्तर पर काम कर रहे है।

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मानते है कि पूर्वांचली दिल्ली का एक अभिन्न हिस्सा, दिल्ली की तरक़्क़ी विकास में पूर्वांचलियों का अहम योगदान है। ऐसे में हमारा प्रयास है कि,दिल्ली के हमारे पूर्वांचली भाई-बहन ख़ुशी, सुकून और उल्लास के साथ छठ महापर्व मना सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि दिन-रात काम कर छठ घाट तैयार किए जाए ताकि आखरि़ी दिन के लिए कोई काम न बचे और श्रद्धालुओं को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

आतिशी ने कहा कि छठ महापर्व पूर्वांचलियों के लिए बहुत बड़ा त्यौहार है। दिल्ली में छठ महापर्व के आयोजन में किसी भी प्रकार की कमी न आए इसके लिए केजरीवाल सरकार हर ज़रूरी कदम उठाते हुए पिछले आठ सालों से भव्यता से इस पर्व का आयोजन किया है। इस श्रृंखला में दिल्ली में इस साल केजरीवाल सरकार ने 1000 से अधिक छठ घाट तैयार किए है।

उन्होंने कहा इन छठ घाटों पर तालाब बनाने से लेकर यहाँ टेंट, लाइट्स, साफ़-सफ़ाई, सुरक्षा आदि सभी चीजों का इंतज़ाम दिल्ली सरकार द्वारा किया जा रहा है। साथ ही बहुत से घाटों पर मैथली-भोजपुरी अकादमी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। हमारा प्रयास है कि दिल्ली के हमारे पूर्वांचली भाई-बहन ख़ुशी, सुकून और उल्लास के साथ आस्था के महापर्व छठ को मना सके।

# 24 नवंबर से टिहरी झील में होगा अंतर्राष्ट्रीय एक्रो फेस्टिवल टिहरी एक्रो फेस्टिवल 2023

नई दिल्ली। उत्तराखंड के पर्यटन मानचित्र में टिहरी झील सबसे तेजी से उभरता हुआ नया स्थल है. एडवेंचर टूरिज्म के शौकीनों के लिए यह स्थान हॉट फेवरेट साबित हो रहा है. यही वजह है कि डेस्टिनेशन उत्तराखंड के अंतर्गत राज्य की धामी सरकार द्वारा यहां नियमित रूप से विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं. इसी कड़ी में अब टिहरी झील में 24 से 28 नवंबर तक अंतरराष्ट्रीय टिहरी एक्रो फेस्टिवल 2023 का आयोजन होने जा रहा है.

उत्तराखंड में साहसिक खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है. डेस्टिनेशन उत्तराखंड को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए राज्य सरकार पूरी तन्मयता के साथ कार्य कर रही है.

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को साहसिक पर्यटन के खेलों के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा नित नए आयोजन किये जा रहे हैं. टिहरी झील में आयोजित होने वाला अंतरराष्ट्रीय एक्रो फेस्टिवल इस दिशा में नए आयाम स्थापित करेगा.

#### देश-विदेश के 135 पायलट करेंगे भागीदारी

नवंबर में, टिहरी झील में पहली बार अंतरराष्ट्रीय एक्रो फेस्टिवल 2023 की मेजबानी करने जा रहा है. टिहरी एक्रो फेस्टिवल 2023, 24 नवंबर को शुरू होगा और 28 नवंबर को समाप्त होगा.

इस रोमांचकारी इवेंट में प्रतिस्पर्धा करने के लिए 35 अंतर्राष्ट्रीय पायलट और 100 भारतीय पायलट भाग लेंगे. इस आयोजन में एक्रो फ्लाइंग, सिंक्रो फ्लाइंग, विंग सूट फ्लाइंग, डी-बैगिंग जैसे कई साहसिक कार्य देखने को मिलेंगे.

#### उत्तराखंड के युवाओं को नि:शुल्क ट्रेनिंग

विभाग स्थानीय युवाओं के लिए ये कोर्स नि:शुल्क आयोजित कर रहा है। 15 छात्रों का एक बैच पहले ही पी1, पी2 और पी3 प्रशिक्षण ले चुका है। 15 छात्रों के दूसरे बैच का प्रशिक्षण टिहरी में चल रहा है। विभाग का लक्ष्य 2023 के अंत तक 100 से अधिक ऐसे पायलटों को प्रशिक्षित करने का है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। विभाग को उम्मीद है कि इस आयोजन से टिहरी दुनिया के पैराग्लाइडिंग मानचित्र पर अपनी पहचान बना लेगा। इससे आने वाले समय में दुनिया भर से पैराग्लाइडर प्रशिक्षण और अभ्यास के लिए टिहरी आएंगे।

#### भारत समेत दुनिया भर के 26 देश करेंगे प्रतिभाग

पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने बताया कि टिहरी झील में पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें देश-विदेश से खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे. उन्होंने बताया कि आयोजन के दौरान यूफोरिया, पांडवास जैसे नामी बैंड भी शाम के समय अपनी प्रस्तुति देंगे. टिहरी एक्रो महोत्सव में भारत सहित सऊदी अरब, ग्रीस, चेक गणराज्य, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, लेबनान, तुर्की, स्पेन, बुल्गारिया, स्विट्ज़रलैंड, ईरान, रूस, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, जापान, थाईलैंड, वियतनाम, मंगोलिया, ताइवान, संयुक्त राज्य अमेरिका, कोलंबिया, फ्रांस, श्रीलंका और नेपाल अपनी उपस्थिति से टेहरी एक्रो महोत्सव की शोभा बढ़ाएंगे।

#### आसमान में नजर आएगा अनोखा नजारा

इसमें कई हवाई कलाबाजी कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इससे आसमान में रोमांचित करने वाला नजारा नजर आएगा।

यह आयोजन टिहरी में पैराग्लाइडिंग गतिविधियों की शुरुआत का प्रतीक होगा। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद् ने स्थानीय युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए विभिन्न स्थानों पर पैराग्लाइडिंग ट्रेनिंग कार्यक्रम जैसे पी1, पी2, पी3 और SIV भी शुरू किए हैं।

### दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) का दसवां दीक्षांत समारोह आयोजित




**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) ने बृहस्पतिवार को स्नातक, स्नातकोत्तर, और डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की डिग्री प्रदान करने के लिए अपना दसवां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह का उद्घाटन दिल्ली के उपराज्यपाल और विश्वविद्यालय कुलाधिपति श्री वी के सक्सेना ने किया। इस बार विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में DRDO की महानिदेशक और वैज्ञानिक सुमा वर्गिस और विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी भी उपस्थित रहीं। दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इस दीक्षांत समारोह में 2628 छात्रों को स्नातक की डिग्री, 845 छात्रों को स्नातकोत्तर की डिग्री और 147 छात्रों को डॉक्टरेट की उपाधियों से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के पूर्व संध्या पर विभिन्न विषयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 56 विद्यार्थियों को वाइस-चांसलर गोल्ड मेडल एवं 52 विद्यार्थियों को लगभग 26,8500/- रुपये का स्कालरशिप भी देकर सम्मानित किया गया ।स्नातक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके बीटेक कंप्यूटर साइंस की छात्रा नेहा गोयल और बी. ए ऑनर्स इकोनॉमिक्स से चिराग गर्ग ने चांसलर गोल्ड मेडल संयुक्त हांसिल किया वहीँ स्नातकोत्तर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके एम.टेक प्रोडक्शन इंजीनियरिंग की छात्रा अर्चना गोपाल ने चांसलर गोल्ड मेडल हासिल किया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि डिग्री तो केवल पढ़ाई के खर्चे की रसीद होती हैं शिक्षा वही है जो आपका व्यवहार दर्शाये ।वहीं कार्यक्रम के सम्बोधन में मुख्य अतिथि सुमा वर्गिस ने छात्रों को बधाई दी ।दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा की अपने नैतिक मूल्यों को हमेशा याद रखें तो हमेशा सफलता मिलेगी।

# राष्ट्रीय पत्रकारिता पुरस्कार और पद्म सम्मान से सम्मानित हो पत्रारि : दयानंद वत्स भारतीय

नई दिल्ली। अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं वरिष्ठ पत्रकार दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में 57वें राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर सभी प्रिंट, इलैक्ट्रोनिक, सोशल मीडिया एवं यूट्यूब चैनल पर अपनी सेवाएं दे रहे सभी मीडिया कर्मियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सबको विपरीत परिस्थितियों में भी भारत में प्रेस की स्वतंत्रता और अपने हितों की रक्षा के लिए एक सूत्रबद्ध रहने की आवश्यकता है। वत्स ने कहा कि भारतीय पत्रकारिता वर्तमान समय में संक्रमण काल के दौर से गुजर रही है और पत्रकारों के सामने अपने अस्तित्व बचाने का संकट मुंह बाये खडा है। आधुनिकतम डिजिटल तकनीक और विज्ञापन के बाजारवाद ने आजादी के समय से पत्रकार, संपादक जैसे सम्मानित पदों को विघटित कर दिया है। प्रेस की स्वतंत्रता को तो कोई खतरा नहीं है पर पत्रकारों की दशा सचमुच बहुत अच्छी तो कतई नहीं है, और जब दशा ही बेहतर ना हो तो दिशा सही कैसे हो सकती है ? दयानंद वत्स ने प्रेस दिवस पर केंद्र और सभी राज्य सरकारों







से पुरजोर मांग की है कि सरकार पत्रकारिता के पुरोधाओं के जीवन स्तर को उपर उठाने, उनके रोजगार के स्थायित्व और जीवनयापन हेतु आकर्षक वेतनमान, समुचित सुरक्षा, सम्मान की एक पारदर्शी व्यवस्था को अविलंब लागू करे। सभी पत्रकारों का जीवन बीमा, सरकारी आवास की व्यवस्था, मकानों के निर्माण में रियायती दरों पर ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ प्रेस स्वाभिमान और आत्मसम्मान से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सके। वत्स ने मांग की है कि सूचना प्रसारण मंत्रालय पत्रकारों के कल्याणार्थ बनाए गये राष्ट्रीय कोष से ड्यूटी पर हुई पत्रकार की मृत्यु होने पर बिना किसी बाधा के पीडित परिवार को एक करोड रुपये की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान करे। अभी यह राशि मात्र पांच लाख है जो नाकाफी है। पत्रकार संगठन अपनी सभी मांगें सरकार से पूरी कराने की समय- समय पर मांग करते रहे हैं। लेकिन वे जिस प्रकाशन संस्थान-समूह में वे काम कर रहे हैं उसके मालिकों का भी नैतिक दायित्व बनता है कि वह अपने संस्थान में काम कर रहे पत्रकारों को सम्मान-जनक वेतन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं। वत्स ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर को एक्स पर पोस्ट लिखकर उनसे हर वर्ष 16 नवंबर को राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाने और उसमें पत्रकारों और संपादकों को राष्ट्रीय पत्रकारिता पुरस्कार देने की शुरुआत करें। सरकार लोकतंत्र के इस चौथे खंभे को भी उचित मान-सम्मान दे।

### एमकॉम की छात्रा व महिला से साइबर ठगी

जेवर। गौतमबुद्ध नगर में दनकौर कस्बा निवासी एमकॉम की पढ़ाई कर रही एक छात्रा से पिता का दोस्त बताकर अज्ञात युवक ने ऑनलाइन 23 हजार रुपये की ठगी कर दी। पीड़ित को अपने साथ हुई घटना की जब जानकारी हुई तो उन्होंने इस संबंध में गुरुवार को कोतवाली में स्थित साइबर सेल में पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत की है। पीड़ित कोमल एमकॉम की छात्रा है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि बुधवार रात को उनके फोन पर एक अज्ञात युवक का फोन आया। जिसे खुद को उनके पिता का दोस्त बताते हुए उनके खाते में करीब 2 हजार डालने को कहा। कुछ देर बाद ही पीड़िता के फोन पर मैसेज आया। जिसमें करीब 25 हजार उसके खाते में पहुंचने का मैसेज था। इसके बाद आरोपी ने फोन करके बताया कि गलती से 23 हजार उसने फालतू डाल दिए हैं। वह वापस कर दें। इसके बाद कोमल ने 23 हजार रुपये ऑनलाइन आरोपी के खाते में डाल दिए। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने एसएमएस के माध्यम से फर्जी मैसेज उसके फोन पर भेजा था। जबकि 2 हजार रुपये भी आरोपी ने उसको नहीं भेजे हैं।

# पंजाब खोड गांव में पावर ग्रिड कारपोरेशन द्वारा हाईटेंशन पोल लगाने के खिलाफ लामबंद हुए बवाना विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण





नई दिल्ली। पावरग्रिड कारपोरेशन आफ इंडिया द्वारा प्रभावित किसानों की बिना अनुमति लिए हाईटेंशन पोल गाडने के लिए जमीन खोदने पर विरोध स्वरूप दिल्ली के बवाना विधानसभा क्षेत्र के गांव पंजाब खोड, मुंगेशपुर ओचंदी गांव के किसानों की संघर्ष समिति का धरना आज भी पंजाब खोड गांव की उस कृषि भूमि पर सतबीर फौजी की अध्यक्षता में हुआ। किसानों की मांग है कि एक पोल एक खेत में गड़ जाने से पूरे एक एकड़ खेत की भूमि बेकार हो जाती है। ना उसमें खेती हो सकेगी और ना ही मकान बना सकते हैं। हर समय जान जाने का खतरा बना रहेगा।इसलिए यदि पावरग्रिड कारपोरेशन को पोल गाडने ही हैं तो वह पूरी एक एकड़ भूमि का अधिग्रहण करें और शहरीकृत गांव के सर्कल रेट से किसानों को मुआवजा दे। ठीक इसके उल्ट पावरग्रिड कारपोरेशन के अधिकारियों ने जबरन खेतों में घुस कर पोल गाडने के लिए बड़े बड़े गड्ढे खोल डाले। जिसका पता चलते ही ग्रामीण किसानों में हड़कंप मच गया।

जब उन्होंने इसका विरोध किया तो किसानों की पुलिस में शिकायत कर दी गई। किसान भगवान सिंह डबास का कहना है कि पावरग्रिड कारपोरेशन महज फसल नष्ट होने भर का नाममात्र का मुआवजा दे रहा है। जिस जमीन पर हाईटेंशन पोल गाडने हैं उसका और बाकी बेकार हुई भूमि का कोई मुआवजा पावरग्रिड कारपोरेशन नहीं दे रहा है। ओचंदी गांव के किसान रामप्रकाश ने बताया कि उनके 82वर्षीय पिताजी जो बीमार हैं औरघर पर ही रहते हैं उनके खिलाफ भी पुलिस कंप्लेंट कर दी। दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने भी आज पंजाब खोड गांव की उस कृषि भूमि का दौरा किया और पाया कि हाईटेंशन लाइन के पोल लगने से किसानों की जिस भूमि का रेट आज 41करोड़ रुपये का है वह पोल लगने के बाद उस भूमि की कीमत 4लाख भी नहीं रह जाएगी।

इसलिए सब किसान चाहते हैं कि पोल खुशी से लगाओ, कोई ऐतराज नहीं है। बस उनकी पूरे एक एकड़ की भूमि का पहले अधिग्रहण करें और बाजार भाव से उसका भुगतान किसानों को पावरग्रिड कारपोरेशन लिमिटेड कर दे। संघर्ष समिति के अध्यक्ष फौजी सतबीर सिंह ने दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज के अध्यक्ष दयानंद वत्स भारतीय को बताया कि इस संबंध में समिति ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से लेकर डीएम अलीपुर नार्थ दिल्ली तक सभी संबंधित जिम्मेदार लोगों को ज्ञापन दे दिया है। दयानंद वत्स भारतीय ने प्रभावित किसानों किसानों से आग्रह किया कि वे एक बार केंद्रीय उर्जा मंत्री श्री आर. के सिंह से भी मिल लें और उन्हें सीधे अपनी परेशानी समझाएं ताकि समस्या का सम्मान जनक समाधान हो सके। इस मौके पर बवाना के चौधरी प्रवीन सहरावत नंबरदार, श्री रविन्द्र सिंह डबास, समाजसेवी रविन्द्र इंद्राज ने भी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय प्रशासन और उर्जा मंत्रालय से जन-संवाद जारी रखें।

नई दिल्ली
शुक्रवार 17 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# संपादकीय

## जेलों की निगरानी तंत्र पर सवालिया निशान

आखिर जेल के भीतर किसी कैदी के पास अलग से निजी फोन या अन्य साधन पहुंचते कैसे हैं? जाहिर है, जेल की सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात तंत्र में किसी स्तर पर या तो चूक होती है या फिर किसी कर्मचारी की मिलीभगत, जिसकी वजह से कैदी के पास फोन पहुंचा दिया जाता है। यह विडंबना ही रही है कि किसी अपराध के दोषी को जेल में सजा काटने के लिए भेजा जाता है, लेकिन वहां वह कई ऐसी सुविधाएं हासिल कर लेता है, जो गैरकानूनी होती हैं। यानी बाहर कानून को ताक पर रख कर वह किसी अपराध को अंजाम देता है और इसके बदले जब उसे सजा दी जाती है, तो वह जेल में भी वक्त काटने के लिए गैरकानूनी रास्ता ही अख्तियार करता है। इसे लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं कि कानून को धता बता कर जेल में बंद किसी कैदी को नियमों के खिलाफ मोबाइल फोन या टीवी जैसी अन्य सुविधाएं कैसे मिल जाती हैं और उसके लिए कौन जिम्मेदार है। आखिर जेल के भीतर किसी कैदी के पास अलग से निजी फोन या अन्य साधन पहुंचते कैसे हैं? जाहिर है, जेल की सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात तंत्र में किसी स्तर पर या तो चूक होती है या फिर किसी कर्मचारी की मिलीभगत, जिसकी वजह से कैदी के पास फोन पहुंचा दिया जाता है। यह स्थिति एक तरह से सुरक्षित चारदिवारी मानी जाने वाली जेलों के निगरानी तंत्र पर सवालिया निशान है। अब केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस मसले से निपटने के लिए जेल कानून का एक नया मसविदा तैयार किया है, जिसमें कैदियों पर निगरानी के लिए प्रमुख रूप से तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है। इस क्रम में एक अहम सुझाव यह है कि अगर किसी कैदी के पास मोबाइल फोन पाया जाता है तो उसे तीन साल के कारावास की सजा दी जाएगी। जेलों में अपराधियों के बीच हिंसक टकराव की अनेक घटनाओं को देखते हुए मसविदे में विभिन्न अपराध के कुछ दोषियों को उनकी प्रकृति और जोखिम के मुताबिक अलग-अलग रखने की बात भी कही गई है। प्रतिबंधित वस्तुओं की तलाश में कैदी की नियमित तलाशी ली जाएगी। एक प्रावधान यह है कि किसी सजायाफ्ता कैदी को 'इलेक्ट्रानिक ट्रैकिंग' उपकरण पहनने की शर्त पर छुट्टी पर बाहर भेजा जा सकता है, ताकि उसकी आवाजाही और अन्य गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। इसमें नियमों के उल्लंघन पर भविष्य में छुट्टी के अयोग्य घोषित किया जाना और छुट्टी रद्द किया जाना भी शामिल है। देश की जेलों में बंद कैदियों के मोबाइल फोन या अन्य उपकरणों का इस्तेमाल करने से लेकर अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के बारे में जैसी खबरें आती रही हैं, उसके मद्देनजर मंत्रालय के सुझाव महत्त्वपूर्ण हैं। कहने को जेल में प्रवेश से लेकर बाहर निकलने तक पर सख्त निगरानी होती है। मगर ऐसे मामले अक्सर सामने आते रहे हैं, जिसमें किसी कैदी के पास से फोन या अन्य सामान जब्त किए गए। फिर जेल में बंद होने के बावजूद किसी कैदी के बाहर गिरोह या आपराधिक गतिविधियों को संचालित करने या उसे अंजाम देने की घटनाएं भी अक्सर चिंता की वजह बनती रही हैं। आधुनिक तकनीकी तक सजायाफ्ता अपराधियों की पहुंच ने भी कानूनों को ताक पर रखने के मामलों में इजाफा किया है। जेलों के घोषित सुरक्षा तंत्र के बरक्स यह जेलकर्मियों की मिलीभगत के जरिए और अधिकारियों की अनदेखी की वजह से ही संभव हो पाता होगा कि किसी सजायाफ्ता कैदी के पास मोबाइल, अन्य उपकरण या सुविधा के साधन पहुंच जाते हैं। इसमें अपराधियों के प्रभावशाली लोगों से जुड़े तार और उनके रसूख की भी भूमिका होती है। ऐसी स्थिति में जेलों के भीतर गैरकानूनी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए कानूनी स्तर पर सख्ती जरूर बरती जाए, लेकिन अगर उनके अमल को लेकर कोताही होगी, जेलों के अपने तंत्र को ईमानदार और दुरुस्त नहीं बनाया जाएगा तो नियम-कायदों की अहमियत सिर्फ कागजों में सिमटी रहेगी।

## सड़क सुरक्षा को लेकर सरकार व वाहन चालक पूरी तरह गंभीर नहीं

किश्तवाड़ से जम्मू की ओर जा रही बुधवार को एक बस अनियंत्रित होकर करीब तीन सौ फुट गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में कम से कम छत्तीस लोगों की मौत हो गई और उन्नीस बुरी तरह घायल हो गए।

डोडा जिले में बुधवार को यात्रियों को लेकर जा रही एक बस सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई, जिससे 38 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हुए बस हादसे से एक बार फिर यही साफ हुआ है कि बार-बार होने वाले ऐसी घटनाओं के बावजूद न तो सरकार की ओर से सुरक्षा इंतजामों को लेकर जरूरी गंभीरता दिखाई जाती है, न वाहन चालकों को यह ध्यान रखने की जरूरत लगती है कि उनकी मामूली लापरवाही का अंजाम क्या हो सकता है। बुधवार को किश्तवाड़ से जम्मू की ओर जा रही एक बस अनियंत्रित होकर करीब तीन सौ फुट गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में कम से कम छत्तीस लोगों की मौत हो गई और उन्नीस बुरी तरह घायल हो गए। यह पिछले कुछ समय में हुए बड़े हादसों में से एक है, जो बताता है कि तमाम संसाधनों और विकासात्मक गतिविधियों के बावजूद सड़क सुरक्षा को लेकर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

शुरुआती जांच में पुलिस ने बताया कि हादसे के वक्त सड़क पर तीन बसें एक साथ चल रही थीं। आगे निकलने की होड़ में एक बस अनियंत्रित हो गई और खाई में जा गिरी। हैरानी की बात यह है कि पहाड़ों की ऊंचाई में बनी सड़कों पर चलने के बावजूद चालक को पल भर के लिए भी यह नहीं लगा कि उसकी सबसे मामूली चूक का हश्र क्या हो सकता है।

सवाल है कि अगर होड़ लगाने की वजह से ही यह हादसा हुआ तो ऐसे इलाके में वाहन चलाते हुए किसी भी चालक को इस तरह की आपराधिक लापरवाही बरतने से रोकने के लिए क्या प्रशासन की ओर से कोई इंतजाम नहीं है? निश्चित रूप से जोखिम से भरी किसी भी सड़क पर वाहनों के बीच आगे निकलने की होड़ लगाने जैसी लापरवाही के लिए शून्य सहनशीलता की नीति होनी चाहिए। इसके लिए वाहन चालकों के प्रति जिस हद तक सख्त नियम लागू करने पड़ें, किए जाने चाहिए। लेकिन किसी अन्य वजह से भी अगर कोई बस अनियंत्रित हो जाती है तो सड़क किनारे ऐसे मजबूत सुरक्षा घेरे क्यों नहीं लगाए जा सकते, जो हादसे के ज्यादा गंभीर रूप लेने से रोकने में मददगार साबित हों? यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि पहाड़ी राज्यों में आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं और ऐसी हर घटना के बाद पीड़ितों के लिए मुआवजे की घोषणा होती है, इन इलाकों में सुरक्षा इंतजामों को लेकर कुछ दिन चर्चा होती है, मगर ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ कोई सक्रियता नहीं दिखती।

किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि ऐसे इंतजाम किए जाएं, नियमों को जमीनी स्तर पर लागू करने को लेकर ऐसी सख्ती हो, ताकि भविष्य में वैसा फिर न हो। मगर आए दिन होने वाले त्रासद हादसे हर स्तर पर बरती जाने वाली उदासीनता को ही दर्शाते हैं। अव्वल तो किसी भी हाल में निर्धारित गति से ज्यादा तेज रफ्तार से वाहन चलाने या आगे निकलने की होड़ लगाने से रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

साथ ही, पर्वतीय क्षेत्र की हर सड़क के किनारे क्रैश बैरिअर, पैराफिट लगाने सहित अन्य सभी सुरक्षा इंतजाम किए जाएं। पर्वतीय मार्गों पर कई जगहों पर अचानक आने वाले ऐसे मोड़ होते हैं, जहां अतिरिक्त सावधानी नहीं बरती जाए तो उसका नतीजा भयावह हो सकता है। ऐसे अप्रत्याशित हादसों को रोकने के लिए जोखिम वाली हर सड़क के किनारे क्रैश बैरिअर लगाए जाने की बातें आज भी आधी-अधूरी हैं। इसके अलावा, सड़क सुरक्षा के तहत पैराफिट लगाना, साइन बोर्ड के जरिए गति नियंत्रण से लेकर हर तरह की चेतावनी देना जैसे काम भी अगर पूरी तरह कर सुनिश्चित कर दिए जाएं, तो हादसों की संख्या और उनमें लोगों के मरने की आशंका को काफी कम किया जा सकता है।

## चिंताजनक है अखबारों और लेखकों की स्थिति



समाचार पत्र और यहां तक कि लेखकों को भी अस्तित्व बचाने के लिए गूगल व फ़ेसबुक को मात देना होगा। बदहाल होती स्थिति पर सवाल यह है- वे ऐसा कैसे करेंगे? सबसे महत्वपूर्ण कारक है न्यूज़ कैरियर की बढ़ोत्तरी- गूगल, फ़ेसबुक और बाकी दूसरे। एक तरफ वे किसी अन्य द्वारा उत्पादित समाचार ले लेते हैं और दूसरी तरफ वे समाचार पत्रों की आजीविका-राजस्व को हड़प लेते हैं। इनसे ज्यादा बदतर स्थिति में अखबारों के लिए लिखने वाले लेखक है जो आए दिन पूरी मेहनत करते है लेकिन मेहनताना देखे तो समुंदर में मोती मिल जाए मगर लेखकीय सहयोग नहीं। कारण इंटरनेट पर सामग्री की भरमार के फलस्वरूप अखबार कहीं से भी कुछ उठाते है और चस्पा कर देते है। ऐसे में न लेखक की जरूरत और न ही लेखकीय सहयोग का झंझट। इसी के चलते पत्रकारिता आज शातिर दिमाग वालों के लिए धंधा बन गई है जो पच्चास सौ कॉपी छपवाते है या डिजिटल एडिशन निकालते है और बदले में विज्ञापनों से पैसा बनाते है। यहीं नहीं ऐसे लोग लेखकों को लेखकीय सहयोग देने की बजाय लेखकों से लेख छपवाने के लिए पैसे की मांग भी करते है। शर्मसार है ऐसे में पत्रकारिता।

**-डॉ सत्यवान सौरभ**

समाज में जागरूकता लाने में अखबारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। यह भूमिका किसी एक देश अथवा क्षेत्र तक सीमित नहीं है, विश्व के तमाम प्रगतिशील विचारों वाले देशों में समाचार पत्रों की महती भूमिका से कोई इंकार नहीं कर सकता। मीडिया में और विशेष तौर पर प्रिंट मीडिया में जनमत बनाने की अद्भुत शक्ति होती है। नीति निर्धारण में जनता की राय जानने में और नीति निर्धारकों तक जनता की बात पहुंचाने में समाचारपत्र एक सेतु की तरह काम करते हैं। भारत में समाचार पत्रों द्वारा परोसी जाने वाली परंपरागत पत्रकारिता ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। वो चाहे अंग्रेज़ी भाषा का पहला समाचार पत्र- जेम्स हिकी द्वारा 1779 में प्रकाशित बंगाल गजट हो या 19वीं शताब्दी के पूर्वार्ध में भारतीय भाषाओं में छपना शुरू हुए समाचार पत्र हों।

सरकारी पाबंदी, आर्थिक मंदी और टेलीविज़न के विस्तार ने समाचार पत्र उद्योग को पहले भी झकझोरा था, लेकिन इससे पहले कभी यह सवाल नहीं पूछा गया कि भारत में प्रिंट मीडिया जिंदा रहेगा या नहीं। लेकिन आज समाचार पत्र और यहां तक कि लेखकों को भी अस्तित्व बचाने के लिए गूगल व फ़ेसबुक को मात देना होगा। बदहाल होती स्थिति पर सवाल यह है, वे ऐसा कैसे करेंगे? सबसे महत्वपूर्ण कारक है न्यूज़ कैरियर की बढ़ोत्तरी- गूगल, फ़ेसबुक और बाकी दूसरे। एक तरफ वे किसी अन्य द्वारा उत्पादित समाचार ले लेते हैं और दूसरी तरफ वे समाचार पत्रों की आजीविका-राजस्व को हड़प लेते हैं।

इनसे ज्यादा बदतर स्थिति में अखबारों के लिए लिखने वाले लेखक है जो आए दिन पूरी मेहनत करते है लेकिन मेहनताना देखे तो समुंदर में मोती मिल जाए मगर लेखकीय सहयोग नहीं। कारण इंटरनेट पर सामग्री की भरमार के फलस्वरूप अखबार कहीं से भी कुछ उठाते है और



चस्पा कर देते है। ऐसे में न लेखक की जरूरत और न ही लेखकीय सहयोग का झंझट। इसी के चलते पत्रकारिता आज शातिर दिमाग वालों के लिए धंधा बन गई है जो पच्चास सौ कॉपी छपवाते है या डिजिटल एडिशन निकालते है और बदले में विज्ञापनों से पैसा बनाते है यहीं नहीं ऐसे लोग लेखकों को लेखकीय सहयोग देने की बजाय लेखकों से लेख छपवाने के लिए पैसे की मांग भी करते है। शर्मसार है ऐसे में पत्रकारिता।

यह चिंताजनक स्थिति है क्योंकि अपने स्वरूप के कारण, जो फिक्स है, समाचार पत्र अभी भी भरोसेमंद हैं। एक अखबार पूर्ण है। यह अंतिम रूप से तैयार है, अपने आप में पक्का है, निश्चित है। इसके उलट डिजिटल समाचार को लगातार अपडेट किया जाता है, सुधारा जाता है, बदला जाता है। यह पूर्णता अखबारों की ताकत है। एक बार कुछ छप जाने के बाद, इसे टेलीविज़न या डिजिटल प्लेटफॉर्म की तरह बदला नहीं जा सकता है। लेकिन इस नियत प्रारूप के लिए चुनौतियां बढ़ रही हैं। एक बड़ी दुविधा यह है कि क्या भारतीय पाठक गुणवत्तापूर्ण सामग्री के लिए भुगतान करने में रुचि रखते हैं, जबकि मुफ्त सामग्री हर जगह उपलब्ध है? इस सवाल का जवाब आसान नहीं है।

पाठक भुगतान नहीं करते तो परिणामस्वरूप अखबार भी अपने लेखकों से भुगतान के नाम पर कन्नी काट रहें है। लेकिन अगर लेखक ही नहीं रहें तो अखबार मर ही जायेंगे। इसलिए अखबारों की जिम्मेवारी बनती है कि वो लेखकों को जिंदा रखे। अखबारों के साथ एक बात यह भी सोचने की है, लेखकों की आर्थिक स्थिति कैसी है ? मुझे ज्यादा पता नहीं है, पर कुछ बड़े लेखकों-पत्रकारों को छोड़ दें तो सिर्फ लिखकर अपने परिवार का भरण-पोषण करना भी मुश्किल है । दो लाख रुपये एक मुश्त देखना तो सपना ही है । क्यूँ कोई लेखक इतने रुपये एक साथ देख भाव विह्वल हो जाता है ?

समाचार पत्र की सबसे बड़ी पूंजी इसका बुनियादी ढांचा है, जो इसकी समस्या भी है। यह बहुत बड़ा है, क्योंकि उद्योग बड़ी संपादकीय टीम, प्रिंटिंग प्रेस, सर्कुलेशन और मार्केटिंग नेटवर्क के कारण बड़ी संख्या में मानव श्रम पर निर्भर है। अधिकांश समाचार पत्र उत्पादन की लागत पर अपने राजस्व से सब्सिडी देते हैं। सर्कुलेशन दिनोंदिन कम हो रहा है क्योंकि सरकार की ओर से कोई समर्थन हासिल नहीं है। यही कहानी लगभग सभी अखबारों की है। फंड की कमी के कारण ये बंद होते जा रहे हैं। अखबार अभी तक केवल इनको चलाने वालों की प्रतिब्धता के कारण ही जीवित हैं।

समाचार पत्र या गंभीर समाचार उद्योग अब सिर्फ एक काम समाचार-संग्रह- करता नहीं रह सकता है- उसे डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतर समझ के साथ तकनीक को अपनाने से लेकर छोटे-छोटे संस्थानों और व्यक्तियों के संग काम करना, लेखकों को उचित पारिश्रमिक देकर कई फ़ॉर्मेट में स्टोरी को पेश करने से लेकर नए तरीके की मार्केटिंग रणनीति का पता लगाना होगा। उम्मीद है, समाचार पत्र इन हकीकतों पर ध्यान केंद्रित करेंगे, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए।

अंत में, व्यक्तिगत रूप से संचालित वीडियो ब्लॉग, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, मैसेजिंग ग्रुप और एप्लिकेशन भी बड़ा आकर्षण रखते हैं, साथ ही अखबारों के पोर्टल से ट्रैफ़िक को दूर ले जा रहे हैं क्योंकि उपभोक्ता समझ रहे हैं कि सोशल मीडिया पर उनके संदेश तेजी से असर कर सकते हैं। इस तरह स्वाभाविक रूप से उपभोक्ता दुनिया भर में परंपरागत मीडिया से दूर जा रहे हैं। गंभीर समाचार उद्योग उच्च गुणवत्तापूर्ण सामग्री पेश करके अभी भी जीवित रह सकता है, क्योंकि इसमें अभी भी पुराने दौर के ठोस संपादकों की निगरानी में एक दमदार रिपोर्टिंग टीम है, जो तकनीक की विरोधी नहीं है और तेज़तर्रार नई पीढ़ी के साथ काम करने को तैयार है।

## सनातन वैदिक संस्कृति और साहित्य वर्तमान परिपेक्ष्य में सार्थक

साहित्य सत्य की साधना शिवत्व की कामना और सौंदर्य की अभिव्यंजना हैद्य शुद्ध, जीवंत एवं उत्कृष्ट साहित्य मानव एवं समाज की संवेदना और उसकी सहज वृत्तियों को युगों युगों तक जनमानस में संचारित करता आ रहा है और यही कारण है कि कालिदास, सूरदास, कबीर, प्रेमचंद, शेक्सपियर की कृतियाँ आज भी लोगों के मध्य अपनी रस सुधा से हृदय को भिगोती रहती हैद्य राजनैतिक और भौगोलिक दृष्टि से विश्व कितने ही भागों में बट जाए, मतभेद और विवादों की खाई कितनी भी गहरी हो जाए, पर साहित्य धरातल पर सब सामान्य और एक हैं। दुनिया में मानव एक है। उनकी रचनाएं सभी जगह एक और समान है। यह भी सत्य है कि किसी भी देश की भाषा और साहित्य के अध्ययन के आधार पर वहां की सभ्यता संस्कृति के विकास का सहज विधि का अनुमान लगाया जा सकता है। साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा, उत्थान पतन का स्पष्ट चित्रण होता है। साहित्य की इन्हीं विशेषताओं के कारण साहित्य कालजई और सास्वत होता है। मुंशी प्रेमचंद जी ने साहित्य को जीवन की आलोचना भी कहा है।

साहित्य एक स्वायत्त आत्मा है, और उसकी सृष्टि करने वाला भी ठीक से नहीं घोषणा कर सकता है कि उसके द्वारा रचे गये साहित्य की अनुगूंज कब और कहां तक जाएगी। इस तरह साहित्य का सत्य समाज की नैतिक चिंता है। समाज की विसंगतियों को दूर करने वाला एक बड़ा रक्षक भी है। प्राचीन मनीषियों द्वारा लिखा गया साहित्य अत्यंत आकर्षक एवं प्रिय इसलिए भी लगता है कि मनुष्यता का एक संपूर्ण चरित्र चित्रण होता है। साहित्य और संस्कृति एक दूसरे से गहरे जुड़े हुए हैं। मानवी जीवन की तरह साहित्य मैं भी संघर्ष और निरंतरता की निरंतरता समाहित होती है। समय और परिस्थिति की संस्कृति का प्रभाव साहित्य पर निरंतर परिलक्षित होता रहता है। यह साहित्य ही है जो वर्तमान को सामने रख भविष्य की रूपरेखा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज की सुषुप्त विवेक शक्ति को जागृत कर समाज का दिशा दर्शन भी करता है। अपने समय की विसंगतियों को दूर करने के साथ ही गुणात्मक साहित्य सदैव प्रासंगिक बना रहता है। समाज और जनमानस को आलोक स्तंभ की तरह पल्लवित एवं प्रकाशित करता है। वर्तमान के भौतिक समय में जब मानवता और संवेदना की पीड़ा की गूंज सभी जगह फैली हुई है, ऐसे में सत साहिब से और अर्वाचीन संस्कृति दिशा दर्शन और माननीय संवेदनाओं को संबल देने में अत्यंत प्रासंगिक भी है। यह कतई कहने की आवश्यकता नहीं है कि श्रेष्ठ साहित्य वही है जो मनुष्य के भीतर और बाहर प्रासंगिक मूल्यों,संदेश और उद्देश्यों को समाए रखता है। कबीर दास रविंद्र नाथ टैगोर, शरद चंद, जयशंकर प्रसाद, रेणु, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर, मिल्टन आदि का साहित्य जनमानस के मन में और जीवन में रच बस गया है। इन्होंने प्रतिभा सापेक्ष श्रेष्ठ रचनाएं समाज को दी हैं। और यही कारण है इनकी रचनाओं से संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।




## अखिलेश यादव की चुनावी तैयारी देखकर उड़ सकती है भाजपा की नींद

**उमेश चतुर्वेदी**

अखिलेश को लेकर यह सोच इसलिए बन रही है, क्योंकि उन्होंने ऐलान कर दिया है कि समाजवादी पार्टी राज्य की 80 में से 65 सीटों पर खुद उतरेगी। पंद्रह सीटों को छोड़कर अखिलेश यादव ने गठबंधन की गुंजाइश तो छोड़ी है।

खेती-किसानी में सबसे ज्यादा विकास दर वाले मध्य प्रदेश में कांग्रेस की उपेक्षा से क्या समाजवादी पार्टी ने मान लिया है कि अगले आम चुनाव में उसे अकेले अपने दम पर ही उतरना होगा? अखिलेश यादव ने आगे बढ़कर अपने असर वाले उत्तर प्रदेश में जिस तरह आम चुनाव के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं, उसके संकेत तो यही हैं। चुनाव में जीत-हार बाद का मसला है, लेकिन अखिलेश की तैयारियों से साफ है कि अगर गठबंधन की थोड़ी गुंजाइश बनी भी तो उत्तर प्रदेश में गठबंधन उनकी ही शर्तों पर होगा। अखिलेश जिस तरह जुटे हुए हैं, उससे लगता है कि अगर गठबंधन नहीं भी होता तो भी समाजवादी पार्टी अपने

अखिलेश को लेकर यह सोच इसलिए बन रही है, क्योंकि उन्होंने ऐलान कर दिया है कि समाजवादी पार्टी राज्य की 80 में से 65 सीटों पर खुद उतरेगी। पंद्रह सीटों को छोड़कर अखिलेश यादव ने गठबंधन की गुंजाइश तो छोड़ी है। अखिलेश के साथ विधानसभा चुनाव लड़ चुके सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओमप्रकाश राजभर अखिलेश का साथ छोड़ चुके हैं। जिस तरह बहन जी यानी मायावती ने जिस तरह 'एकला चलो रे' का राग अपना रखा है, उससे अखिलेश मान चुके हैं कि बहुजन समाज पार्टी से इस बार गठबंधन संभव नहीं है। पिछले लोकसभा चुनाव में दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन था। तब इसे 'बुआ-बबुआ' का गठबंधन माना जा रहा था। साल 2017 के विधानसभा चुनावों में अखिलेश यादव की पार्टी का कांग्रेस के साथ गठबंधन था, तब उस गठबंधन को राहुल गांधी के साथ के चलते 'यूपी के लड़के' कहा गया था। वैसे तो हर चुनाव में हर राजनीतिक दल के लिए गुंजाइश होती ही है।

लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि देश में अतीत में ये दोनों गठबंधन भारतीय जनता पार्टी के सामने काम नहीं आए। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी का साफ गठबंधन नहीं था। लेकिन यह भी सच है कि समाजवादी पार्टी ने अमेठी और रायबरेली में अपने उम्मीदवार नहीं उतारे थे। लगता है कि पिछले दो विधानसभा चुनावों और लोकसभा चुनावों के अनुभव से अखिलेश सीखने की कोशिश कर रहे हैं। बेशक नीतीश कुमार और ममता बनर्जी की पहल पर अखिलेश ने



विपक्षी इंडी गठबंधन में शामिल होने के लिए कदम बढ़ाया। लेकिन जिस तरह मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने उन्हें किनारे किया, उससे वे नाराज हैं। अखिलेश अपनी नाराजगी जाहिर करने से नहीं हिचकते। कमलनाथ के बयान के बाद जिस तरह अखिलेश ने तीखी प्रतिक्रिया जताई, उससे साफ है कि कांग्रेस को लेकर इस बार वे सहज नहीं हैं। लेकिन

भारतीय जनता पार्टी को चुनौती देने के लिए वे कांग्रेस का साथ ले सकते हैं। लेकिन कांग्रेस का जैसा रवैया है, जिस तरह विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने गठबंधन में शामिल दलों को अनदेखा किया है, इसलिए वे कांग्रेस के साथ भी भरे मन से जा सकते हैं। क्योंकि अखिलेश नहीं चाहते कि चुनावों में विगत के दो लोकसभा चुनावों की तरह उनकी हालत हो।

विपक्षी गठबंधन में ममता बनर्जी के बाद शायद अखिलेश ही ऐसे नेता हैं, जो पूरी शिद्दत के साथ अपनी चुनावी तैयारी में व्यस्त हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश में पीडीए के फॉर्मूले पर काम शुरू किया है। पी यानी पिछड़ा, डी यानी दलित और ए यानी अल्पसंख्यक। अखिलेश अपने कार्यकर्ताओं से इस ए के साथ आधी दुनिया यानी महिलाओं को भी जोड़ने की बात कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी का वोट बैंक एमवाई यानी मुस्लिम-यादव के गठजोड़ पर केंद्रित रहा है। अतीत में राज्य की गैर यादव पिछड़ी जातियों का भी उसे साथ मिलता रहा है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के उभार के बाद गैर यादव पिछड़ी जातियों का बड़ा हिस्सा उसके

साथ आ गया है। कोइरी, निषाद, कान्दू, गोड़ं, नाई, खरवार, नोनिया, कुर्मी आदि जातियों का एक बड़ा हिस्सा अब भाजपा के साथ है। बहुजन समाज पार्टी की स्थिति खराब होने की एक बड़ी वजह उसके दलित वोट बैंक में पड़ी दरार है। अब दलितों में ज्यादातर जाटव वर्ग ही बहुजन समाज पार्टी के साथ हैं। डोम, बसफोर, धोबी, दुसाध या पासवान जैसी जातियों का रुझान पिछले कुछ चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के साथ दिखा है। अखिलेश की निगाह गैर जाटव दलित और गैर यादव पिछड़ी जातियों पर भी है। चूंकि राजभर और नोनिया जातियां साथ आती रही हैं और ओमप्रकाश राजभर अब भाजपा के साथ हैं, इसलिए इनमें सेंध लगाना अखिलेश के लिए आसान नहीं होगा। पिछले कुछ चुनावों में महिलाओं ने खुलकर भाजपा का साथ दिया है। तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा इसके अपवाद हैं। अब महिलाओं की चुनावी सोच अपने पतियों, बेटों, पिताओं या घर के अन्य पुरुष सदस्यों की सोच पर निर्भर नहीं रही। देर से ही सही, अखिलेश इसे समझते नजर आ रहे हैं। इसीलिए वे पीडीए के फॉर्मूले में महिलाओं को भी शामिल कर रहे हैं। अपने कार्यकर्ताओं को वे महिलाओं के बीच जाने को कह रहे हैं। वैसे भी उनके वोट बैंक के प्रमुख जातीय समूह के बारे में आम धारणा है कि वह आक्रामक होती है, इसलिए महिलाओं के बीच अखिलेश कितना लोकप्रिय हो पाएंगे, यह कहना मुश्किल है।

अखिलेश को अब आभास हो गया है कि उनकी चुनौती बड़ी है। 2012 का विधानसभा चुनाव जीतने और कम उम्र में मुख्यमंत्री का पद पा लेने के बाद राजनीति की पथरीली चुनौतियों को वे उतनी गहराई से शायद नहीं समझ पाते थे, जितनी समझ उनके पिता मुलायम सिंह की थी। लेकिन लगातार चार चुनावों में पिछड़ने के बाद लगता है कि वे राजनीति को ठीक से समझने लगे हैं। इसीलिए वे अपनी तरह से राजनीति को धार दे रहे हैं। शायद यही वजह है कि वे अपने तरीके से अपनी राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं। चूंकि लगातार चार चुनावों और दो नगर निकाय चुनावों में समाजवादी पार्टी भाजपा के सामने लगातार पिछड़ती रही है। इस आधार पर माना जा सकता है कि अखिलेश के सामने चुनौती कम नहीं हुई है। लेकिन कम से कम वे राहुल गांधी की तुलना में कहीं ज्यादा गहरी कोशिश करते नजर आ रहे हैं। इस तथ्य को कांग्रेस भी समझ ही रही होगी। लेकिन उसके उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शायद इसे नहीं समझते या फिर पार्टी को अपने दम पर आगे लाने का उन पर बढ़ा दबाव, वे अखिलेश को नाराज करने से खुद को रोक नहीं पाए। अजय राय का चिढ़ाऊ बयान और मध्य प्रदेश में राहुल की अनदेखी ने शायद अखिलेश के लिए एकला चलो रे की धुन पर उत्तर प्रदेश का चुनावी राग गाना मजबूरी भी है। अगर मजबूरी में ही वे शिद्दत से तैयारी करते नजर आ रहे हैं तो भारतीय जनता पार्टी को उनसे चौकस रहना होगा।

## शार्ट न्यूज

### हवालात में मौत के मामले में सीबीसीआईडी ने जांच में निरीक्षक सहित आठ पुलिसकर्मियों को दोषी ठहराया

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिला स्थित खुर्जा कोतवाली की हवालत में सोनू उर्फ सोमदत्त की मौत के मामले में अपराध-शाखा अपराध जांच विभाग (सीबीसीआईडी) ने जांच में तत्कालीन निरीक्षक सहित आठ पुलिसकर्मियों को दोषी पाया है। राज्य प्रशासन ने सभी की गिरफ्तारी के लिए आज बुलंदशहर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को पत्र भेजकर आदेशित किया है। सीबीसीआईडी मेरठ क्षेत्र की पुलिस अधीक्षक अलका सिंह ने बताया कि खुर्जा नगर क्षेत्र के गांव कनैनी निवासी सोनू नामक एक युवक को खुर्जा कोतवाली पुलिस ने गांव की ही एक युवती को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने के आरोप में दिसम्बर 2020 में गिरफ्तार किया था तभी पुलिस हिरासत के दौरान हवालात में 11 दिसंबर 2020 को सोनू की मौत हो गई थी। जिसमें खुर्जा कोतवाली निरीक्षक मिथलेश कुमार उपाध्याय सहित आठ पुलिस कर्मियों के खिलाफ परिजनों ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी तथा घटना को सीबीसीआईडी द्वारा जांच करवाने के लिए कहा था। सीबीसीआईडी की विवेचना में उस समय निरीक्षक समेत आठ पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज गई थी।

### हाथरस में थप्पड़ का बदला लेने के लिए की हत्या

हाथरस। हाथरस में सिकंदराराऊ पुलिस ने एक एक ईको गाड़ी स्वामी की हत्या का खुलासा किया है। इसमें पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। हसायन कोतवाली क्षेत्र के गांव नवाबपुर निवासी 34 वर्षीय सतीश चंद्र ईको गाड़ी को खुद और ड्राइवर रखकर चलाते थे। 12 नवंबर को उसकी गाड़ी खराब हो गई तो वह अपने घर से यह कह कर गए कि गाड़ी को ठीक कराने के लिए जा रहे हैं, लेकिन उसके बाद वह वापस नहीं लौटे। इस पर परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की तो 13 नवंबर की सुबह उनका शव नगला बिहारी के निकट खेत में पड़ा मिला। वहां उनकी गाड़ी भी खड़ी थी। शव मिलने की जानकारी होने पर परिवार के लोग वहां पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। पुलिस ने समझा बुझाकर लोगों को शांत किया था। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ सिकंदराऊ में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। अब पुलिस ने इस मामले का खुलासा कर दिया है। सीओ सिटी सुरेंद्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि जितेंद्र उर्फ जीतू यादव निवासी नगला बिहारी थाना सिकंद्राराऊ सतीश की गाड़ी का चालक था। सतीश की गाड़ी 12 नवंबर को खराब हो गई थी तो सतीश और जीतू इस गाड़ी को हाथरस जंक्शन से सही करा कर लाए थे।

### बिजली के पोल से टकराई बाइक, तीन की मौत

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के जहानागंज थाना क्षेद्ध के बड़ैला ताल के पास बुधवार की रात अनियंत्रित बाइक पोल से टकराने से चार युवक घायल हो गए। सड़क दुर्घटना में घायल सभी युवकों को आस-पास के लोगों की मदद से गंभीर हालत में अस्पताल भेजा गया जहां इलाज के दौरान तीन युवकों की मौत हो गई। जबकि एक युवक का इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही तीनों मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। बुधवार की रात चारों युवक सोनू राजभर (20), विवेक राजभर (22), रिक्की राजभर (18), विक्की राजभर (22) एक ही बाइक से मूर्ति विसर्जन करने गए थे। दो युवक एक गांव के और दो अन्य दूसरे गांव के रहने वाले थे। मेंहनगर थाना क्षेत्र के पलिया गांव में दीपावली पर प्रतिमा स्थापित की गई थी। बुधवार को डीजे के साथ युवक प्रतिमा विसर्जन के लिए बड़ैला ताल गये थे। मूर्ति विसर्जन कर वहां से रात करीब नौ बजे वापस लौट रहे थे। जहानागंज थाना सीमा पर स्थित बड़ैला ताल के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पोल से टकरा गई।


### आजमगढ़ में ट्रेन से कटकर दो की मौत

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के कोतवाली फूलपुर क्षेत्र में गुरुवार को दो अलग-अलग स्थानों पर ट्रेन से कटकर युवक और युवती की मौत का मामला सामने आया है। यह दोनों मौतें एक ही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही आस-पास के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों की पहचान में जुट गई। इसके साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। इस बारे में पुलिस का कहना है कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। मृतक युवक की पहचान फूलपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले सतीश हरिजन ( 30) के रूप में हुई है। वहीं घटना स्थल से कुछ दूरी पर बरामद किशोरी की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से मृतका की पहचान कराने में जुट गई है। मृतका किशोरी लगभग 19 वर्ष की है। मृतका किशोरी के हाथ पर खुश्बू लिखा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही युवक के घर में कोहराम मच गया है। पुलिस युवती की शिनाख्त करने में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मृतका की पहचान कर ली जाएगी, जिससे घटना का खुलासा हो सकेगा।

### औरैया में बाइक से टकराकर पलटा ऑटो

अजीतमल। औरैया में अजीतमल कोतवाली के अनन्तराम चौकी क्षेत्र में सवारी लेकर जा रहा ऑटो अचानक एक बाइक से टकराकर पलट गया। जिसमें एक वर्षीय बालक के साथ जा रहे दम्पति सहित पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत में तीन लोगों को रेफर कर दिया गया। गुरुवार की दोपहर बाबरपुर से सवारी लेकर एक ऑटो अनन्तराम कस्बा होते हुए महेवा की आर जा रहा था। जैसे ही ऑटो अनन्तराम कस्बे से आगे पहुंचा तभी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कृपालपुर निवासी अक्षय कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र की बाइक सामने आ गयी। जिससे टकराकर ऑटो पलट गया। इस दौरान ऑटो में सवार लोगों में चीख पुकार मच गयी। मौके पर पहुंची अनन्तराम चौकी प्रभारी पूजा राठौर ने घायलों संजय कुमार पुत्र रामदास, उनकी पत्नी रूचि एवं एक वर्षीय पुत्री आर्या, प्रमोद कुमार पुत्र शोभाराम सहित मोटर साइकिल सवार अक्षय कुमार को सीएचसी अजीतमल में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद अक्षय, रुचि तथा प्रमोद कुमार को गम्भीरावस्था में सैफई रेफर कर दिया गया। अनन्तराम चौकी प्रभारी पूजा राठौर ने बताया कि ऑटो पलटने में बाइक सवार सहित पांच लोग घायल हुए हैं। जिनको सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बाकी सवारी अपने गन्तव्य को रवाना हो गयी है। ऑटो को कब्जे में ले लिया गया है। ऑटो ड्राईवर मौके से भाग गया है।

### शराब के पैसों को लेकर हुई थी बंटी की हत्या




बुलंदशहर। बुलंदशहर में दीपावली पर हुई बंटी की हत्या शराब के नशे में पैसों के विवाद को लेकर हुई थी। पुलिस ने हत्या में शामिल दो आरोपियों को गुरुवार को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि वादी वीरपाल सिंह पुत्र महावीर सिंह निवासी बुलन्दशहर ने थाना कोतवाली देहात पर तहरीर दी कि उसका भतीजा बंटी पुत्र राजाराम दीपावली का त्योहार मनाने दिल्ली से गांव आया हुआ था। उसी दिन शाम के समय बंटी का गांव के ही अरविन्द पुत्र संजय के साथ शराब के पैसों को लेकर झगड़ा हो गया। जिसमें अरविन्द द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बंटी की हत्या कर दी गयी। कोतवाली देहात पुलिस द्वारा जांच/छानबीन में अरविन्द के नाबालिग भाई का नाम प्रकाश में आया। अन्य नामजद 5 अभियुक्तों के संबंध में गहनता से विवेचना की जा रही है। घटना में संलिप्त अभियुक्त अरविन्द व उसके नाबालिग भाई को जैनपुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशानदेही पर आलाकत्ल पेंचकस को बरामद कर लिया गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों को जेल भेजा जा रहा है।

---

आयुष्मान कार्ड बनाने में उत्तर प्रदेश ने रचा कीर्तिमान

# देश में सर्वाधिक 4 करोड़ से अधिक बनाए गये कार्ड

लखनऊ, 16 नवंबर-प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार लगातार युद्धस्तर पर काम कर रही है। इतना ही नहीं योगी सरकार प्रदेश के साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को मिशन के तौर पर लेकर प्रदेश में आगे बढ़ रहे हैं। यही वजह है कि पूरे देश में आयुष्मान भारत के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। वहीं इसके बाद क्रमशः मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश का नंबर आता है।

स्टेट एजेंसी फॉर कम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज़ (सांची) की सीईओ संगीता सिंह ने बताया कि




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप प्रदेश के गरीब लोगों को निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के पात्र लाभार्थियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है।

इसके लिए समय-समय पर प्रदेशभर में विशेष अभियान भी चलाया जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मॉनिटरिंग और दिशा-निर्देश का ही नतीजा है कि उत्तर प्रदेश पूरे देश में आयुष्मान कार्ड बनाने में पहले पायदान पर है। उत्तर प्रदेश में अब तक 1 करोड़ 80 लाख परिवार के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इसमें से 1 करोड़ 31 लाख परिवार के आयुष्मान कार्ड प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बनाए गए हैं, जबकि 56 लाख परिवार के आयुष्मान कार्ड मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बनाए गए हैं। उत्तर प्रदेश पूरे देश में 4 करोड़ 15 लाख 41 हजार 992 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाकर पहले पायदान पर है, जबकि दूसरे स्थान पर मध्य प्रदेश है, जहां अब तक 3 करोड़ 70 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। वहीं तीसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ है, जहां 2 करोड़ 3 लाख कार्ड धारक हैं, जबकि चौथे स्थान पर कर्नाटक और पांचवें स्थान पर आंध्र प्रदेश है। कर्नाटक में 1 करोड़ 51 लाख और आंध्र प्रदेश में 1 करोड़ 40 लाख आयुष्मान कार्ड धारक हैं।

#### इलाज में अब तक 3,914 करोड़ की धनराशि खर्च

सांची की सीईओ ने बताया कि प्रदेश में कुल लाभार्थियों में से 70 प्रतिशत परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। योगी सरकार ने पात्र लाभार्थियों के शत-प्रतिशत कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया है। वहीं इलाज के लिए लाभार्थियों को भटकना न पड़े इसके लिए योगी सरकार अब तक प्रदेश के 3,662 अस्पतालों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ चुकी है। इसमें 1118 सरकारी और 2544 निजी अस्पताल शामिल हैं। इन अस्पतालों द्वारा 27,62,262 लाभार्थियों का इलाज किया जा चुका है। इनमें से कई ऐसे लाभार्थी हैं जिन्होंने दो से तीन बार इलाज कराया है। वहीं अति गंभीर बीमारी किडनी ट्रांसप्लांट, हार्ट सर्जरी, हार्ट डिजीज, कूल्हा-घुटना प्रत्यारोपण और कैंसर के इलाज के साथ सर्जरी कराने वाले 4,37,290 लाभार्थी भी शामिल हैं। इसके लिए अब तक 3,914 करोड़ की धनराशि खर्च की जा चुकी है। इसमें से 1502 करोड़ की धनराशि अति गंभीर बीमारी के इलाज में खर्च की गयी है।

### एनटीपीसी की तीन इकाइयां फिर से शुरु

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के ऊंचाहार में स्थित नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन की बन्द तीनो इकाइयों में फिर से बिजली उत्पादन शुरू हो गया है जिसके उपरांत चार राज्यों को फिर से बिजली मिलनी शुरू हो गयी है। एनटीपीसी की प्रवक्ता कोमल शर्मा ने गुरुवार को बताया कि पिछले दिनों उत्तरी क्षेत्र लोड डिस्पैच सेंटर (एनआरएलडीसी) के निर्देश पर ऊंचाहार परियोजना की यूनिट नं 1,2 व 5 को ग्रिड में डिमांड कम होने के कारण रिज़र्व शट डाउन में बंद किया गया था। एनआरएलडीसी के निर्देश मिलते ही विद्युत इकाईयों से फिर से उत्पादन शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 210-210 मेगावाट की तीन इकाईयों से दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब को वितरण किया जाता है। पुनः बिजली का उत्पादन शुरू होने से 630 मेगावाट बिजली उत्पादित होगी।

---

## आजमगढ़ में पिकप से हो रही थी पशु तस्करी

एक गोतस्कर गिरफ्तार, फरार की तलाश में जुटी पुलिस

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के दीदारगंज थाने की पुलिस ने पिकप से पशु तस्करी करने वाले एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में और लोग जो इस गिरोह में शामिल हैं उनकी तलाश की जा रही है जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दीदारगंज थाने की पुलिस को लगातार पशु तस्करी की सूचना मिल रही थी। इस सूचना पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्लान बनाया। इसी प्लान के तहत आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है।

इससे पूर्व भी कई पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

इस बारे में दीदारगंज थाने के प्रभारी अखिलेश कुमार ने बताया कि आरोपी जुबेर काफी दिनों से पशु तस्करी कर रहा था। पुलिस को लगातार आरोपी के बारे में सूचना मिल रही थी। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी जुबेर को गिरफ्तार किया जबकि दूसरा साथ दिलशाद और एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया। पिकप की तलाशी लेने पर तीन पशु बरामद किए गए हैं। आरोपी के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है जहां से जेल रवाना किया जाएगा।

## महिला वार्डन की दरिंदगी के बाद हुई हत्या

प्राइवेट पार्ट में चाकू मारे, सिर पर बेरहमी से किए वार; पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में कानपुर पुलिस के झूठ का खुलासा

कानपुर। कानपुर में काकादेव के गर्ल्स हॉस्टल में महिला वार्डन की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने पुलिस के झूठ का खुलासा कर दिया। वार्डन के साथी टिफिन सप्लाई करने वाले अर्जुन यादव उर्फ कुलदीप ने ही हैवानियत का गंदा खेल खेला था। नशे में धुत होने के बाद वार्डन को पूरी तरह से निर्वस्त्र करके रेप किया। फिर चाकू से प्राइवेट पार्ट में हमला और सिर पर किसी भारी चीज से वार करके हत्या कर दी। जबकि थानेदार से लेकर पुलिस अफसर बीमारी से मौत की बात कहकर मामले को दबाते रहे। प्रत्यक्षदर्शी नाबालिग बेटी चीख-चीखकर कह रही थी कि मेरी मां की रेप के बाद हत्या की गई है। पुलिस ने उसे भी अनसुना कर दिया।



#### जघन्य हत्याकांड को दबा रहे थे अफसर-थानेदार

काकादेव कोचिंग मंडी छपेड़ा पुलिस के पास महेंद्र गुप्ता का निजी गर्ल्स हॉस्टल है। इसमें करीब 28 लड़कियां रहकर पढ़ाई करती थीं। हॉस्टल की देखरेख के लिए 35 वर्षीय महिला वार्डन दो बच्चों के साथ चौथी मंजिल पर बने टीन शेड में रहती थी। 13 नवंबर की शाम को महिला खून से लथपथ हालत में अपने कमरे में मिली। परिवार के लोगों ने उसे एक निजी अस्पताल फिर हालत गंभीर होने पर हैलट में एडमिट कराया था। जहां देर रात महिला वार्डन की मौत हो गई।

14 नवंबर को मामले की जानकारी होने पर हॉस्टल में काकादेव थाने की पुलिस, फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड पहुंचा था। लेकिन जांच के बाद थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह से लेकर एडीसीपी आरती सिंह और डीसीपी प्रमोद कुमार ने दावा किया था कि महिला की मौत पीरियड के दौरान ओवरब्लीडिंग से हुई है। उसे इससे पहले भी ओवरब्लीडिंग हुई है।

लेकिन बुधवार को वार्डन के शव का पोस्टमॉर्टम हुआ तो मामला कुछ और निकला। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक, महिला का रेप फिर प्राइवेट पार्ट में चाकू जैसे धारदार हथियार से हमला किया। इसके बाद सिर पर भारी चीज से हमला और बेरहमी से पिटाई करके वार्डन की हत्या कर दी थी।

#### चेहरे और बॉडी पर 10 से ज्यादा चोट के निशान

महिला वार्डन के चेहरे और शरीर पर 10 से ज्यादा चोट के निशान मिले हैं। जो गवाही दे रहे हैं कि हैवानियत के बाद महिला की हत्या की गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आते ही काकादेव थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने आनन-फानन में हत्या की एफआईआर में रेप की धारा बढ़ाई। अब गुरुवार को महिला के हत्यारोपी अर्जुन यादव उर्फ कुलदीप को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

## मुरादाबाद में भाजपा नेता पर रंगदारी मांगने की एफआईआर

भाजपा नेत्री के चिकित्सक पति ने दर्ज कराई रिपोर्ट; 2.65 लाख रुपए वसूलने का आरोप

मुरादाबाद। मुरादाबाद में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह के खिलाफ रंगदारी मांगने की एफआईआर दर्ज हुई है। ये रिपोर्ट भाजपा नेत्री अंजू लोचब के चिकित्सक पति डॉ. बीपीएस लोचब द्वारा दर्ज कराई गई है। इसमें डॉक्टर लोचब ने आरोप लगाया है कि गजेंद्र चौधरी ने जान से मारने की धमकी देकर उनसे 2.65 लाख वसूल किए।

रंगदारी की एफआईआर कराने वाले बीपीएस लोचब की पत्नी अंजू लोचब भी भाजपा में सक्रिय हैं और महानगर भाजपा में उपाध्यक्ष हैं। दोनों परिवारों




के बीच में पूर्व में अच्छे संबंध रहे हैं। डाक्टर लोचब प्रकाश नगर चौराहे पर अपना नर्सिंग होम चलाते हैं। उन्होंने एफआईआर में कहा है कि 2019 में एक दिन गजेंद्र सिंह उनके क्लीनिक में घुस आया और उसमे जान से मारने की धमकी देते हुए 65 हजार रुपए छीन लिए। उसने खुद को भाजपा युवा मोर्चा का अध्यक्ष बताते हुए घटना को अंजाम दिया था।

डाक्टर लोचब ने एफआईआर में कहा है कि इसके बाद दिल्ली रोड पर एक पार्टी में मिले गजेंद्र ने फिर से उनसे दो लाख रुपए की डिमांड की थी। अपना एक आदमी उसने धमकाने के लिए क्लीनिक पर भी भेजा। जिसके बाद डॉक्टर लोचब ने दो लाख रुपए उसे दे दिए थे। लगातार धमकियों से आजिज आकर डॉक्टर बीपीएस लोचब ने अब मझोला थाने में भाजपा नेता गजेंद्र सिंह के खिलाफ अब एफआईआर दर्ज कराई है।

गजेंद्र सिंह इससे पहले दीनदयाल नगर में एक मकान पर कब्जे को लेकर भी चर्चा में रहा है। कुछ साल पहले उस पर रुहेलखंड यूनिवर्सिटी के फर्जी परीक्षा फार्म छपवाने के आरोप लगे थे। उसके खिलाफ एफआईआर भी हुई थी। मामले में एसटीएफ को भी लगाया गया था।

लेकिन तमाम संगीन आरोपों से घिरे गजेंद्र को भाजपा ने संगठन में जगह दे दी थी। जिसकी वजह से वो जेल जाने से बच गया था।

## बिजनौर में दो पुलिसकर्मियों के घरों से लाखों की चोरी

बिजनौर। बिजनौर के स्योहारा क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। आज फिर चोरों ने बंद पड़े दो मकानों को अपना निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

चोरों ने दोनों घरों से लाखों के जेवर और पांच लाख की नकदी चोरी कर चोर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई। पूरा मामला बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र का है, जहां आज दो पुलिस कर्मियों के घर में चोरों ने निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया। स्योहारा के उस्मान नगर के रहने वाले रिजवान अहमद पुत्र लुकमान अहमद जो कि रामपुर में फायर विभाग में एसआई हैं ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने परिवार के साथ 10 नवम्बर को रामपुर गए थे। घर पर कोई न होने के कारण ताला लगाकर बंद किया गया था, लेकिन आज उसके पड़ोस में रह रहे एक भाई ने जानकारी दी कि उसके घर के ताले टूटे हुए हैं और साथ ही उसके छोटे भाई के घर के ताले भी टूटे हुए हैं।

## टेंट व्यवसायी ने दरोगा को रॉड से पीटकर किया अधमरा

महिला सिपाही सहित 3 पुलिसकर्मी घायल, 10 पर एफआईआर

बाराबंकी। बाराबंकी में मामूली कहासुनी के बाद टेंट व्यापारी ने अपने साथियों के साथ मिलकर मेले में ड्यूटी पर तैनात दरोगा व सिपाहियों पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में एक महिला सिपाही समेत 3 पुलिसकर्मी घायल हो गए।

स्थानीय सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायल पुलिसकर्मियों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल दरोगा की तहरीर पर 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत हेतमापुर धाम मे आयोजित मेले में सुरक्षा के दृष्टिगत कई निरीक्षक, दरोगा व तमाम महिला, पुरुष सिपाहियों की ड्यूटी लगी हुई है। एसआई राजाराम अपने हमराही सिपाही अंकुर खुटार व महिला सिपाही पूनम शर्मा के साथ मेला ड्यूटी मे लगे थे।

इस बीच एक टेंट व्यापारी अनवर पुत्र आशिक निवासी हेतमापुर व एक दुकानदार के मध्य विवाद की सूचना मिली। सूचना पाकर जब दारोगा राजाराम अपने सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे तो टेंट व्यापारी अनवर व उसके साथियों ने एसआई पर लोहे की रॉड व धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें दरोगा राजाराम गंभीर रूप से घायल हो गए।

### कुशीनगर के पत्रकारों ने प्रेस दिवस पर उठाई वृद्ध पत्रकारों के लिए पेशन की मांग

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में पत्रकार विकास मंच ने उपेक्षित वृद्ध पत्रकारों को पेंशन देने की मांग प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है। मंच ने गुरुवार को प्रेस दिवस पर अपनी विशेष बैठक में चर्चा किया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 60 वर्ष से ऊपर के उम्र के पत्रकारों की सूची सूचना विभाग से मांगी थी। जिसमें विभाग द्वारा 60 वर्ष के ऊपर के उम्र के पत्रकारों की सूची भेज दी है, लेकिन इस पर शासन स्तर से अभी तक कुछ नहीं हुआ। बैठक में पत्रकारों ने मुख्यमंत्री का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है। बैठक में यह भी उठाया गया कि मान्यता प्राप्त बहुत से पत्रकारों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। पत्रकारों ने प्रत्येक जिला स्तरीय पत्रकारों को जीवन बीमा करने की भी मांग की गई।

## लखीमपुर में अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा, मौत

कुचला था सिर और फटे हुए थे कपड़े, होटल में करता था वेटर का काम

गोला गोकर्ण नाथ। गोला गोकर्णनाथ में बुधवार की शाम अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गयी थी। युवक की पहचान न होने के कारण उसके शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। युवक का सिर कुचला हुआ था और कपड़े फटे हुए थे। वहीं जब गोला में शव मिलने की चर्चा हुई तो परिवार को जानकारी हुई। मृतक के शव की शिनाख्त शिवम गुप्ता (28) पुत्र सत्यप्रकाश गुप्ता मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना के रूप में हुई है।

घटना बुधवार शाम करीब 8 बजे की गोला में बजाज चीनी मिल गेट के निकट की है। युवक का शव गेट के निकट पड़ा मिला था। शव मिलने से आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आसपास के सभी दुकानदार एकत्रित



हो गए। जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर कस्बा इंचार्ज सुनील कुमार, एसआई सतीश द्विवेदी मय हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौका-मुआयना किया था। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की लेकिन शव की शिनाख्त न हो सकी थी।

मौके पर मौजूद लोग कयास लगा रहे थे कि मिल में जाने वाली गाड़ी से युवक का सिर कुचला होगा। जिस जगह पर युवक का शव पाया गया है वहां पर ट्रक जाने की जगह नहीं है। वहां से सिर्फ ट्रैक्टर-ट्राली ही जाने की जगह है। हो सकता है किसी ट्राली के नीचे युवक का सिर आ गया हो, इसलिए उसका सिर फट गया है। वहीं सुबह कुछ लोगों में चर्चा थी कि एक ट्रक को मिल गेट पर पीछे बैक किया जा रहा था, हो सकता है कि उससे हादसा हो गया हो। फिलहाल पुलिस ने हादसे का कारण स्पष्ट नहीं किया है। ज्ञात हो कि सत्य प्रकाश पहले मिल रोड पर कबाड़ का व्यवसाय करते थे। सत्यप्रकाश का पुत्र शिवम एक होटल में वेटर का कार्य करता था। बुधवार को वह शाम 4 बजे घर से निकला था, तब से वह घर वापस नहीं लौटा था। परिवार ने जब शव को पोस्टमार्टम भेजने की बात सुनी तो परिवार में मातम छा गया ।

## बलिया में तीन अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरफ्तार

तीन बाइक बरामद, नाव से सरयू नदी पारकर बिहार बेचने जा रहे थे

बेल्थरा रोड। बलिया में उभांव पुलिस ने अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गैंग के 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 3 चोरी की बाइक बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को सम्बन्धित धारा में चालान कर बलिया न्यायालय भेज दिया है।



बलिया पुलिस अधीक्षक एस आनन्द के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत उभांव पुलिस ने चोरी की तीन वाहनों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस सम्बन्ध में उभांव एसएचओ डी के श्रीवास्तव ने बताया कि वह उपनिरीक्षक पंकज सिंह व हमराहियों के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि नरला चट्टी नहर के समीप हल्दीरामपुर में कुछ संदिग्ध चोरी की बाइक के साथ हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई तथा मुखबिर के बताए स्थान पर जा पहुंची। पुलिस को मुखबिर द्वारा दी गई सूचना सही मिली। उन्होंने तीन बाइकों के साथ मौजूद 3 संदिग्धों को दबोच लिया।

### मुरादाबाद में युवक ने किया सुसाइड

मुरादाबाद। मुरादाबाद में एक युवक ने नशे की हालत में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक का शव किराए के घर में फंदे पर लटका मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना मझोला थाना क्षेत्र में मंडी समिति के पीछे स्थित एकता विहार कालोनी की है। यहां लोकेश (27 साल) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। भैया दूज के दिन उसकी डेडबॉडी किराए के मकान में एक कमरे में फंदे पर लटकी मिली है। युवक के पिता मोरमुकुट सिंह, मां शशी देवी और छोटा भाई शैलेश 11 नवंबर को ही रामपुर जिले के शाहबाद थाना क्षेत्र में स्थित अपने पैतृक गांव अनवा में दिवाली मनाने चले गए थे। युवक जिद करके यहीं रुक गया था। सुसाइड करने से एक घंटा पहले लोकेश ने अपने मकान मालिक को फोन करके कुछ पैसे मांगे थे। अपने पिता को भी कॉल कर कहा था कि वो मकान मालिक से उसे कुछ पैसे दिला दें। लेकिन लोकेश को नशे की आदत थी इसलिए मकान मालिक ने उसे पैसे देने से इनकार कर दिया था।

# शार्ट न्यूज

## इरेडा का आईपीओ 21 नवंबर को खुलेगा

नयी दिल्ली। अवसंरचना वित्त कंपनी दर्जा प्राप्त गैर-जमा लेने वाली गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी इंडियन रिन्यूबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 21 नवंबर को खुलकर 23 नवंबर को बंद होगा। कंपनी ने आज एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुये कहा कि 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रति शेयर का मूल्य दायरा 30 रुपये प्रति शेयर से 32 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इसके लिए निवेशक को न्यूनतम 460 शेयरों के लिए बोली लगानी होगी और इसके आगे भी इसी गुणांक में बोली लगेगी। इस ऑफर में 403,164,706 इक्विटी शेयरों तक के नए शेयर जारी किये जायेंगे और 268,776,471 शेयरों तक ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है जो कुल मिलाकर 671,941,177 शेयर तक है। इसमें से 50 प्रतिशत शेयर योग्य संस्थागत निवेशकों के लिए और 15 प्रतिशत गैर संस्थागत निवेशकों तथा 35 प्रतिशत खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित है। आईपीओ के 1875420 शेयर कंपनी के कर्मचारियों के लिए आरक्षित है। कंपनी आईपीओ के माध्यम से 1290 करोड़ रुपये और ओएफएस से 860 करोड़ रुपये जुटायेग। अभी इसमें सरकार की शत प्रतिशत हिस्सेदारी है। इरेडा नई और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं, और ऊर्जा दक्षता और संरक्षण परियोजनाओं को बढ़ावा देने, विकसित करने और वित्तीय सहायता बढ़ाने के 36 वर्षों से अधिक के अनुभव वाला एक वित्तीय संस्थान है।

## 'सनातन अर्थव्यवस्था' का 25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार, 100 देशों की जीडीपी से भी ज्यादा

देशभर के बाजारों में इस बार दिवाली के त्योहारी सीजन पर हुई जबरदस्त बिक्री ने भारत की अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम दे दिया है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, त्योहारी सीजन के कारोबार ने यह साबित किया है कि भारत में मनाए जाने वाले त्योहार, देश के व्यापार एवं आर्थिक चक्र को कैसे घुमाते हैं। कैट ने इस आयाम को सनातन अर्थव्यवस्था का नाम देते हुए कहा कि देश के व्यापार के लिए त्योहारों का मनाया जाना बेहद ही महत्वपूर्ण है। एक अनुमान के अनुसार, देश में प्रति वर्ष सनातन अर्थव्यवस्था का यह कारोबार लगभग 25 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। यह आंकड़ा, देश के कुल रिटेल कारोबार का लगभग 20 फीसदी है। यह बेहद स्पष्ट है कि भारत में त्योहार, तीर्थ आदि के कारण बहुत बड़ी धनराशि बाजार चक्र में पहुंचती है। यह राशि, दुनिया के 100 से ज्यादा देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल के मुताबिक, इस कारोबार के मद्देनजर भारत के व्यापारी वर्ष भर में होने वाले विभिन्न त्योहारों के लिए अपनी दुकानों में विशिष्ट प्रबंध करते हैं। खासतौर पर त्योहारी सीजन में बड़ा व्यापार होता है। त्योहारों से देशभर में रोजगार तथा स्व-व्यापार के बड़े अवसर भी उपलब्ध होते हैं। इसके जरिए मध्यम एवं निम्न वर्ग का आर्थिक पक्ष मजबूत होता है।

## जनवरी से अक्तूबर के दौरान हवाई यात्रियों की संख्या 26.98 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। जनवरी 2023 से अक्टूबर 2023 के दौरान घरेलू एयरलाइनों से सफर करने वाले यात्रियों की संख्या 1254.98 लाख (12 करोड़ 54 लाख 98 हजार) पर पहुंच गई। पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 988.31 लाख यात्रियों ने यात्रा की थी। घरेलू एयरलाइनों में यात्रा करने वालों की संख्या में 26.98 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि और 10.78 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर्ज की गई है। एक महत्वपूर्ण मानवीय पहल के तहत भारत की कम लागत वाली एयरलाइन स्पाइसजेट ने इस्राइल के युद्धग्रस्त तेल अवीव से 3000 से अधिक थाई नागरिकों को निकालने के लिए दस विशेष उड़ानों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया। एयरलाइन ने इस महत्वपूर्ण मिशन के लिए अपने एयरबस ए340 विमान का उपयोग किया। 20 से 31 अक्टूबर के बीच सटीक रूप से आयोजित, विशेष उड़ानों में तेल अवीव से बैंकॉक और तेल अवीव से संयुक्त अरब अमीरात के फुजैरा को जोड़ने वाले मार्ग शामिल थे। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए स्पाइसजेट ने इन परिचालनों के दौरान अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

## भारत और यूरोपीय संघ की साझेदारी

नई दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ के संबंधों पर यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने अपनी राय रखी है। उन्होंने कहा, भारत और यूरोप की साझेदारी शहरी क्षेत्रों पर बहुत अधिक केंद्रित है। हम विकास में वर्षों से निवेश कर रहे हैं। हम वित्त पोषण के मामले में दोगुना हो रहे हैं। हम भारतीय स्मार्ट शहरों को विकसित करने और अधिक टिकाऊ बनने में सक्षम बनाने के लिए 200 मिलियन ऋण और तकनीकी सहायता प्रदान करने में 12 मिलियन का निवेश कर रहे हैं। विशेष रूप से आज का फोकस ठोस अपशिष्ट प्रबंधन है, जो कि सबसे बड़ी चुनौती है। जब आप भारत में पूर्वानुमानित विकास, शहरी विकास की बात करते हैं तो यह वह जगह है जहां हम सभी ऊर्जाओं को एकजुट करते हैं और यह यूरोप, यूरोपीय संघ और उसके सदस्य राज्यों और इसके वित्तीय संस्थानों के बीच एक संघीय परियोजना है। राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कहा, मुझे लगता है यूरोपीय संघ और भारत के संबंधों में पिछले कुछ वर्षों में बहुत अधिक गति आई है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 75 प्रतिशत विकास शहरी केंद्रों में केंद्रित है, यह दर्शाता है कि जैसे-जैसे हम अपने संबंधों को बढ़ाते हैं और विकसित करते हैं, स्मार्ट शहरों के विकास में निवेश करना द्विपक्षीय संबंधों के लिए भी एक अच्छा निवेश है, यही कारण है कि हम इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं।


## सहारा प्रमुख के निधन पर सेबी चीफ ने दी प्रतिक्रिया

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी पुरी बुच ने गुरुवार को कहा कि सहारा समूह के संस्थापक सुब्रत राय के निधन के बाद भी सहारा का मामला पूंजी बाजार नियामक के समक्ष जारी रहेगा। उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम से इतर बुच ने संवाददाताओं से कहा कि सेबी के लिए यह मामला एक इकाई के आचरण से जुड़ा है और यह जारी रहेगा, भले ही कोई व्यक्ति जीवित हो या नहीं। समूह के विवादास्पद संस्थापक रॉय का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को निधन हो गया था। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच से जब सहारा समूह के अवितरित धन को निवेशकों को लौटाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय के तहत एक समिति है और हम सभी कार्रवाई उसी समिति के तहत करते हैं। विज्ञापनों के कई दौरान के बाद जिसके पास (सहारा में) निवेश के सबूत थे, उन्हें अपना पैसा मिल गया। दूसरी ओर, सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत रॉय के निधन के बाद पूंजी बाजार नियामक सेबी के खाते में पड़ी 25,000 करोड़ रुपये से अधिक की गैरवितरित धनराशि भी एक बार फिर से चर्चा में है। रॉय समूह की कंपनियों के संबंध में कई विनियामक तथा कानूनी लड़ाइयों का सामना कर रहे थे।

## अर्न्स्ट एंड यंग एलएलपी ने जेनेट ट्रंकल को सीईओ चुना, शीर्ष पर पहुंचने वाली पहली महिला बनीं

नई दिल्ली। अर्न्स्ट एंड यंग एलएलपी ने जेनेट ट्रंकल को अपना अलगा मुख्य कार्यकारी अधिकारी चुना है। ट्रंकल बिग फोर ऑडिट फर्म के शीर्ष पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं। लंदन स्थित लेखा जगत के दिग्गज के एक बयान के अनुसार, ट्रंकल 1 जुलाई को कारमाइन डी सिबियो की जगह लेंगी। बयान के अनुसार, कुछ समय पहले जेनेट ट्रंकल ईवाई के वित्तीय सेवा संगठन के लिए क्षेत्रीय प्रबंध भागीदार थीं, जिसमें 14,000 पेशेवर शामिल हैं। ट्रंकल ने एक बयान में कहा, इस अद्भुत संगठन का नेतृत्व करना वास्तव में एक सम्मान होगा। उन्होंने कहा, मैं कारमाइन द्वारा स्थापित उदाहरण से प्रेरित हूं, जो लीडर बनने का की प्रेरणा देता है। यह मूल्य प्रौद्योगिकी में आगे रहने और ईवाई के मूल्यों को व्यक्त करने पर ध्यान केंद्रित करता है। लेखा फर्म की ओर से यह कदम अकाउंटिंग अपने नियोजित ब्रेकअप को रद्द करने के कुछ महीनों बाद आया है, जिसमें कंपनी के लिए अपने परामर्श व्यवसाय और अपने अधिकांश कर अभ्यास को एक स्टैंड-अलोन सार्वजनिक कंपनी में बदलने की योजना शामिल थी।

# गोयल ने भारतीय उद्यमियों, निवेशकों, अमेरिकी विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों से की मुलाकात



नयी दिल्ली। अमेरिका की यात्रा पर गए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गयोल ने यात्रा के तीसरे दिन सिलिकॉन वैली में भारतीय मूल के उद्यमियों और उद्यम पूंजीपतियों (वीसी) से बातचीत की। श्री गोयल अमेरिकी विश्वविद्यालयों और अकादमिक जगत के प्रतिनिधियों के साथ एक अलग बैठक में भारत में अमेरिकी विश्वविद्यालयों के परिसर या सुविधाएं शुरू किए जाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की गुरुवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा गया है कि बुधवार को दिन भर के व्यस्त कार्यक्रम में श्री गोयल ने सिलिकॉन वैली के भारतीय प्रतिनिधियों को भारत में निवेश के नए और उभरते अवसरों और शेष विश्व में भारतीय बाजार के प्रति बढ़ रहे आकर्षण की जानकारी दी। उन्होंने उन्हें भारत के साथ भागीदारी स्थापित करने तथा वर्तमान संबंधों के विस्तार के लिए प्रोत्सहित किया। गोयल ने भारत में स्टार्टअप इकाइयों के लिए तेजी से फैली अनुकूल पारिस्थितिकी के बारे में अपने विचारा साझा करते हुए उन उद्यमियों और निवेशकों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) जैसे महत्वपूर्ण और उभरते तकनीकी क्षेत्रों में काम कर रहे भारत के युवाओं की मदद करने और इसमें अपना खुद का योगदान करने का आह्वान किया।

उन्होंने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में प्रमुख शिक्षाविदों के साथ एक गोलमेज चर्चा में भी भाग लिया। इस चर्चा में स्टैनफोर्ड, यूसी बर्कले, फ्रेस्नो स्टेट, यूसी सांता क्रूज़, यूसी डेविस और सिलिकॉन आंध्र विश्वविद्यालय सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न प्रासंगिक वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

गोलमेज़ बैठक में इस बात पर विचार किया गया कि भारत कैसे विदेशी विश्वविद्यालयों और स्टैनफोर्ड जैसे संस्थानों के साथ सहयोग कर सकता है और संयुक्त परिसर स्थापित कर सकता है।

गोयल ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआइ) के सैन फ्रांसिस्को चैप्टर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भी भाग लिया तथा भारत और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने में चार्टर्ड एकाउंटेंट की भूमिका पर जोर दिया।

'चार्टिंग न्यू होराइजन्सः सीएज़ एज़ कैटलिस्ट इन द यूएस-इंडिया पार्टनरशिप' यानी नये छितिज की ओर शीर्षक कार्यक्रम में विचारों का आदन प्रदान किया गया। उन्होंने माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सीईओ संजय मेहरोत्रा और यूट्यूब इंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नील मोहन के साथ अलग-अलग बैठक की।

इसके अलावा गोयल ने भारत सहित एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग संगठन के नेताओं और अतिथि अर्थव्यवस्थाओं के प्रतिनिधियों के लिए ऐपेक द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में भाग लिया। इस स्वागत समारोह की मेजबानी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रथम महिला जिल बाइडेन ने की। ऐपेक के सदस्यों में ऑस्ट्रेलिया, ब्रूनेई दार-ए-सलाम, कनाडा, चिली, चीनी जनवादी गणराज्य, हांगकांग, इंडोनेशिया, जापान, कोरिया गणराज्य, मलेशिया, मेक्सिको, न्यूज़ीलैंड, पापुआ न्यू गिनी, पेरू, फिलीपींस, रूसी संघ, सिंगापुर, चीनी ताइपे, थाईलैंड, अमरीका और वियतनाम शामिल हैं।

# आईटी और टेक समूह में दमदार लिवाली से बाजार में तेजी बरकरार



मुंबई। विश्व बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल्टी समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी बरकरार रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 306.55 अंक की तेजी के साथ 65982.48 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 89.75 अंक चढ़कर 19765.20 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.52 प्रतिशत उछलकर 33,290.40 अंक और स्मॉलकैप 0.52 प्रतिशत बढ़कर 39,455.87 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3874 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2011 में लिवाली जबकि 1740 में बिकवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियों में तेजी जबकि शेष 18 में गिरावट रही। बीएसई में एफएमसीजी, बैंकिंग और धातु समूह की 0.27 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 17 समूहों के शेयरों ने लाभ कमाया। इस दौरान आईटी 2.59, टेक 2.13, कमोडिटीज 0.07, सीडी 0.64, ऊर्जा 0.38, वित्तीय सेवाएं 0.06, हेल्थकेयर 0.98, इंडस्ट्रियल्स 0.19, दूरसंचार 0.68, यूटिलिटीज 0.32, ऑटो 0.94, कैपिटल गुड्स 0.03, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.01, तेल एवं गैस 0.84, पावर 0.25, रियल्टी 0.98 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.27 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.45, जापान का निक्केई 0.28, हांगकांग का हैंगसेंग 1.36 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.71 प्रतिशत लुढ़क गया। हालांकि जर्मनी के डैक्स में 0.33 प्रतिशत की बढ़त रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 10 अंक फिसलकर 65,665.87 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में 65,507.02 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 66,358.37 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,675.93 अंक के मुकाबले 0.47 प्रतिशत की छलांग लगाकर 65,982.48 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी मामूली गिरावट के साथ 19,674.70 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 19,627.00 अंक के निचले जबकि 19,875.25 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,675.45 अंक की तुलना में 0.46 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,765.20 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में टीसीएस 2.90, एचसीएल टेक 2.81, टेक महिंद्रा 2.77, इंफोसिस 2.32, एनटीपीसी 1.92, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.78, विप्रो 1.32, टाटा मोटर्स 1.26, टाटा स्टील 0.56, एचडीएफसी बैंक 0.27, रिलायंस 0.27, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.04 और भारती एयरटेल 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एक्सिस बैंक 1.51, पावर ग्रिड 1.45, आईटीसी 0.78, आईसीआईसीआई बैंक 0.53, एलटी 0.51, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.46, नेस्ले इंडिया 0.37 और एसबीआई के शेयरों ने 0.04 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# खुले बाजार के लिए 2.84 लाख टन गेहूं, 5830 टन चावल की बिक्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से खुले बाजार में गेहूं और चावल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए सरकारी गोदामों से इन जिंसों की नीलामी के ताजा दौर में 2.84 लाख टन गेहूं तथा 5830 टन चावल बेचा गया।

मंत्रालय की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में इसकी जानकारी देते हुए कहा गया है कि इस 21वीं नीलामी में बोली डालने वाली 2334 इकायों को यह माल बेचा गया।

अच्छे गेहूं की बिक्री के लिए आरक्षित मूल्य 2150 रुपये प्रति क्विंटल था। ऐसे गेहूं का भारित बिक्री मूल्य 2246.86 रुपये प्रति क्विंटल रहा। हल्की क्वालिटी का गेहूं आरक्षित मूल्य 2125रुपये प्रति क्विंटल के मुकाबले औसतन 2232.35 रुपये क्विंटल के भाग बेचा गया।

बयान में कहा गया है, 'चावल, गेहूं और आटे की खुदरा कीमत को नियंत्रित करने के लिए बाजार हस्तक्षेप की भारत सरकार की पहल के अंतर्गत गेहूं और चावल दोनों की साप्ताहिक ई-नीलामी की जाती है। 21वीं ई-नीलामी 15 नवंबर को की गई थी जिसमें खुले बाजार बिक्री योजना (घरेलू) के तहत तीन लाख टन गेहूं और 1.79 लाख टन चावल की पेशकश की गई थी और 2334 बोलीदाताओं को 5830 टन चावल के साथ 2.84 लाख टन गेहूं बेचा गया।'

उपरोक्त के अलावा केंद्रीय भंडार/एनसीसीएफ/नेफेड जैसे अर्ध-सरकारी तथा सहकारी संगठनों को 2.5 लाख टन गेहूं आवंटित किया गया है, ताकि आवंटित गेहूं को आटा में परिवर्तित किया जा सके और इसे भारत आटा ब्रांड के अंतर्गत 27.50 प्रति किग्रा से कम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमआरपी) पर जनता को बिक्री के लिए पेश किया जा सके। इन तीन सहकारी समितियों द्वारा 15337 टन गेहूं को आटा में परिवर्तित करने के लिए उठाया गया है।

मंत्रालय ने कहा है कि व्यापारियों को ओएमएसएस (डी) के तहत गेहूं बिक्री के दायरे से बाहर रखा गया है और स्टॉक की जमाखोरी से बचने के लिए देश भर में 1917 औचक जांच की गई है।

# सीतारमण की करदाताओं को सुविधा देने की जरूरत पर जोर

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री सीतारमण ने करदाताओं को सुविधा देने की जरूरत पर जोर देते हुये आज कहा कि आंध्र प्रदेश के लिए जीएसटी सेवा केंद्रों के माध्यम से बायोमेट्रिक-आधारित आधार प्रमाणीकरण की मंजूरी दे दी गई है।

सीतारमण ने आज जीएसटी भवन, तिरूपति सीजीएसटी आयुक्तालय के भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह के अवसर पर वर्चुअल संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि नया जीएसटी भवन कर प्रशासन में बुनियादी ढांचे और दक्षता को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने भूमि पूजन एवं पट्टिका का अनावरण किया।

सीतारमण ने भूमि पूजा और बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए सीजीएसटी और सीमा शुल्क विजाग जोन को बधाई दी और जोन को राजस्व कमाई में सकारात्मक रुझान जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

# एक्सिस बैंक सहित तीन वित्तीय कंपनियों पर रिजर्व बैंक ने ठोका जुर्माना

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंक एक्सिस बैंक, मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड और आनंद राठी ग्लोबल फाइनेंस लिमिटेड पर नियमों का पालन नहीं करने के आरोप पर आर्थिक जुर्माना किया है। केन्द्रीय बैंक ने आज कहा कि एक्सिस बैंक लिमिटेड पर 90.92 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (अपने ग्राहक को जानें दिशानिर्देश, 2016, ऋण और अग्रिम – वैधानिक और अन्य प्रतिबंध, वित्तीय आउटसोर्सिंग में जोखिम प्रबंधन और आचार संहिता पर दिशानिर्देश पर जारी कुछ निर्देशों का अनुपालन नहीं करने पर जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46 (4) (आई) के साथ पठित धारा 47 ए (1) (सी) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई ने कहा कि मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड, त्रिशूर (कंपनी) पर गैर-अनुपालन के लिए 42.78 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी – प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण गैर-जमा स्वीकार करने वाली कंपनी और जमा स्वीकार करने वाली कंपनी (रिज़र्व बैंक) दिशानिर्देश, 2016 के कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने पर यह जुर्माना धारा 58 जी की उप-धारा (1) के खंड (बी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 58 बी की उप-धारा (5) के खंड (एए) के साथ लगाया गया है। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि गैर-अनुपालन के लिए आनंद राठी ग्लोबल फाइनेंस लिमिटेड, मुंबई (कंपनी) पर 20 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। भारतीय रिज़र्व बैंक (अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी)) दिशानिर्देश, 2016 के कुछ प्रावधानों के अनुपालन नहीं करने पर यह जुर्माना धारा की उप-धारा (1) के खंड (बी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है।

इन तीनों वित्तीय कंपनियों पर यह कार्रवाई विनियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य कंपनी द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता को प्रभावित करना नहीं है।

# महंगा हो सकता है पर्सनल लोन

## रिजर्व बैंक ने नियमों में किया बदलाव



नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ने बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिये पर्सनल लोन के नियमों को गुरुवार को कड़ा कर दिया। संशोधित मानदंड के अनुसार वित्तीय संस्थानों के जोखिम भार में 25 प्रतिशत अंक की वृद्धि की गई है। माना जा रहा है कि केंद्रीय बैंक के इस कदम से आने वाले समय में पर्सनल लोन लेना महंगा हो सकता है।

### सुरक्षित ऋणों पर लागू नहीं होंगे बदलाव

यह बदलाव आवास, शिक्षा और वाहन ऋण सहित कुछ उपभोक्ता ऋणों पर लागू नहीं होगा। इसके अलावा सोने और सोने के आभूषणों से सुरक्षित ऋण पर भी ये नियम लागू नहीं होंगे। इन ऋणों पर 100 प्रतिशत जोखिम भार बना रहेगा। अधिक जोखिम भार का मतलब है कि जब असुरक्षित व्यक्तिगत ऋण की बात आती है तो बैंकों को बफर के रूप में अधिक पैसा अलग रखना पड़ता है। सरल शब्दों में, एक उच्च जोखिम भार बैंकों की उधार क्षमता को प्रतिबंधित करता है।

हाल ही में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने उपभोक्ता ऋण के कुछ घटकों में उच्च वृद्धि को चिह्नित किया था और बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को अपने आंतरिक निगरानी तंत्र को मजबूत करने, जोखिमों को कम करने और अपने हित में उपयुक्त सुरक्षा उपाय स्थापित करने की सलाह दी थी।

आरबीआई गवर्नर ने जुलाई और अगस्त में प्रमुख बैंकों और बड़ी एनबीएफसी के एमडी/सीईओ के साथ बातचीत के दौरान उपभोक्ता ऋण में देखी गई उच्च वृद्धि और बैंक उधार पर एनबीएफसी की बढ़ती निर्भरता को भी रेखांकित किया।

रिजर्व बैंक ने एक परिपत्र में कहा, %समीक्षा के बाद व्यक्तिगत ऋण सहित वाणिज्यिक बैंकों (बकाया और नए) के उपभोक्ता ऋण के संबंध में जोखिम भार को 25 प्रतिशत बढ़ाकर 125 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है, लेकिन आवास ऋण, शिक्षा ऋण, वाहन ऋण और सोने और सोने के आभूषणों द्वारा सुरक्षित ऋण पर यह बदलाव लागू नहीं होगा।

केंद्रीय बैंक ने बैंकों और एनबीएफसी के लिए क्रेडिट प्राप्तियों पर जोखिम भार को 25 प्रतिशत अंक बढ़ाकर क्रमशः 150 प्रतिशत और 125 प्रतिशत कर दिया है। आशंका जाहिर की जा रही है कि केंद्रीय बैंक के इस कदम से बैंकों और एनबीएफसी के पर्सनल लोन और महंगे हो सकते हैं।

### आरबीआई की बुलेटिन कहा गया- महंगाई में कमी आई पर चुनौती अभी खत्म नहीं हुई

रिजर्व बैंक के बुलेटिन में गुरुवार को कहा गया है कि मौद्रिक नीतिगत कदमों और आपूर्ति पक्ष के हस्तक्षेपों के कारण खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी आई है, लेकिन अभी चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं और हमें मीलों का सफर तय करना है। नवंबर के बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति पर एक लेख में यह भी कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था चालू तिमाही में धीमी गति के संकेत दे रही है क्योंकि विनिर्माण धीमा है, जबकि सेवा क्षेत्र की गतिविधि महामारी के बाद के विस्तार के अंत तक पहुंच गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले समय में वित्तीय स्थितियों को कड़ा करना वैश्विक परिदृश्य के लिए एक महत्वपूर्ण जोखिम है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम द्वारा लिखे गए लेख में कहा गया है, भारत में जीडीपी में बदलाव की गति तिमाही आधार पर 2023-24 की तीसरी तिमाही में अधिक रहने की उम्मीद है।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख



नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव में नरमी की वजह से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और अनाज के भाव में मिलजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 27 रिंगिट गिरकर 3871 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.39 सेंट फिसलकर 52.66 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलजुला रुख रहा। सरसों तेल 146 रुपये और मूंगफली तेल 146 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि वनस्पति तेल में 66 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

अनाज : अनाज मंडी में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान गेहूं 100 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : -

दाल-दलहन : चना 6050-6150, दाल चना 7050-7150, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 9000-9100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2800-2900 रुपये और चावल : 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 13333 रुपये, मूंगफली तेल 19926 रुपये, सूरजमुखी तेल 12234 रुपये, सोया रिफाइंड 11062 रुपये, पाम ऑयल 8200 रुपये और वनस्पति तेल 10000 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## शार्ट न्यूज

### पहले समीफाइलन में पिच साजिश की बातें मूर्खातापूर्ण : सुनील गावस्कर

मुम्बई । महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच कल खेले गये विश्वकप के पहले सेमीफाइनल पिच की साजिश की बात मूर्खातापूर्ण करार दिया है। मुकाबले के बाद गावस्कर ने कहा, जो भी मूर्ख पिच बदलने की बात कर रहे हैं, मुझे उम्मीद है कि वे चुप होंगे और भारत को निशाना बनाना बंद करेंगे। पिच बदलाव की बातें मत करो। यह दोनों टीम के लिए थी। उन्होंने कहा, दूसरा सेमीफाइनल अभी हुआ नहीं है और वे अहमदाबाद में पिच बदलाव की बात कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भी बाद में स्पष्ट किया कि सतह में बदलाव से पहले स्वतंत्र पिच सलाहकार एंडी एटकिंसन को विश्वास में लिया गया था। परिषद ने कहा, अंत समय में पिच बदलाव सामान्य प्रक्रिया है क्योंकि इस तरह का टूर्नामेंट लंबा होता है और पहले भी यह कई बार हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन हमारे मेज़बान के साथ मिलकर आयोजन स्थल क्यूरेटर की सिफारिश पर किया गया था। आईसीसी ने कहा एटकिंसन हमारे स्वतंत्र पिच सलाहकार हैं और उन्हें बदलाव की जानकारी थी। आईसीसी ने कहा, आईसीसी के स्वतंत्र पिच सलाहकार को बदलाव के बारे में बताया गया था और उनके पास यह मानने का कोई कारण नहीं है कि पिच अच्छा नहीं खेलेगी।

### आईओसी ने टीएचएफ को दिया ओलंपिक कप का पुरस्कार

जिनेवा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) दुनिया भर में शरणार्थी एथलीटों और शरणार्थियों का समर्थन करने की प्रतिबद्धता के तहत ताइक्कांडो ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (टीएचएफ) को वर्ष 2023 ओलंपिक कप से सम्मानित किया है। आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख ने बुधवार को लॉजेन शहर के ओलंपिक संग्रहालय में एक समारोह में टीएचएफ को ओलंपिक कप से सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, विश्व तायक्वोंडो, अपनी नींव के माध्यम से, दुनिया में अच्छाई के लिए एक शक्ति के रूप में खेल में हमारे विश्वास को साझा करता है। उन्होंने कहा कि तायक्वोंडो ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन खेल की इस शक्ति को उन लोगों तक पहुंचाता है जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। दुनिया भर के शरणार्थियों के लिए और विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के लिए, तायक्वोंडो के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाना और शिक्षित करना। आईओसी ने कहा कि टीएचएफ का लक्ष्य तायक्वोंडो के माध्यम से दुनिया भर में शरणार्थियों को सशक्त बनाना है, जिससे उन्हें अपने जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने, अपने जीवन कौशल विकसित करने, ओलंपिक मूल्यों को सीखने और अपने सपनों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### सचिन को शतकवीर कोहली का नमन

मुंबई। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 70 रन से हराया। इस मैच में विराट कोहली ने करियर की 50वीं वनडे सेंचुरी जमाई और सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। विराट शतक लगाने के बाद सचिन तेंदुलकर के आगे नतमस्तक हुए, उन्होंने पत्नी अनुष्का शर्मा को फ्लाइंग किस भी दिया। इंग्लैंड के पूर्व स्टार फुटबॉलर डेविड बेकहम सेमीफाइनल देखने पहुंचे और विराट कोहली को बधाई भी दी। पहले सेमीफाइनल के ऐसे ही तमाम मोमेंट्स को फिर से रिविजट करते हैं। डेविड बेकहम मैच शुरू होने से पहले सचिन तेंदुलकर के साथ स्टेडियम में दिखाई दिए। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात की। पहली पारी खत्म होने के बाद बेकहम ने सेंचुरी लगाने वाले विराट कोहली को बधाई भी दी। भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज प्लेयर सचिन तेंदुलकर सेमीफाइनल से पहले वनडे वर्ल्ड कप की ट्रॉफी लेकर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे। सचिन 2011 वर्ल्ड कप विनिंग टीम इंडिया का हिस्सा थे। इससे पहले अहमदाबाद में खेले गए भारत-पाकिस्तान मैच में भी सचिन ने ट्रॉफी प्रेजेंट की थी।

### सेंट पीटर्सबर्ग में खुलेगा अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंच




सेंट पीटर्सबर्ग, रूस। रूस के सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल कल्चरल फोरम (एसपीआईसीएफ) गुरुवार 16 नवंबर को रूस की तथाकथित सांस्कृतिक राजधानी में खुलेगा, जिसमें 80 देशों के प्रतिनिधि एक साथ आएंगे। एसपीआईसीएफ को सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर बात करने के लिए एक मंच के रूप में डिजाइन किया गया है। फोरम में कई विषयगत इकाइयाँ शामिल होंगी, इसमें संस्कृति के माध्यम से इतिहास सीखना,कृत्रिम बुद्धिमत्ता- संस्कृति के लिए खतरा या वरदान, समाज के निर्माण की नींव के रूप में पारंपरिक संस्कृति, थिएटर, संग्रहालय, सिनेमा, म्यूजिकल कल्चर, बिजनेस कल्चर, मीडिया कल्चर शामिल हैं। एसपीआईसीएफ पर संस्कृति के भीतर 11 से अधिक ज्ञापनों और सहयोग कार्यक्रमों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। एसपीआईसीएफ 16-18 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा।

### शी-बाइडेन की शिखर वार्ता इतिहास में मील का पत्थर साबित होगी

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की सैन फ्रांसिस्को में शिखर वार्ता चीन-अमेरिका संबंधों के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगी। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने गुरुवार को यह बात कही। चाइना सेंट्रल टेलीविज़न ने शिखर वार्ता के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में वांग के हवाले से कहा,एक साल बाद फिर मिले दोनों देशों के प्रमुख। शिखर वार्ता ने चीन और अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों की कूटनीति की ऐतिहासिक निरंतरता और युगांतरकारी मूल्य को रेखांकित किया और निश्चित रूप से चीन-अमेरिका संबंधों के इतिहास में एक मील का पत्थर और वर्तमान अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण घटना बन जाएगी। वांग ने कहा कि शिखर वार्ता का रणनीतिक महत्व और दूरगामी परिणाम हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बाइडेन और शी ने द्विपक्षीय संबंधों के 'स्वस्थ और स्थिर विकास' को लागू करने की योजना की रूपरेखा तैयार की।

### किम की यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं

मास्को । रुसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन ने इन पश्चिमी चिंताओं के बीच कि दोनों (मास्को व प्योंगयांग अलग-थलग देश हथियार सौदे की तैयारी कर रहे हैं शुक्रवार को कहा कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की रूस की चल रही यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। किम रूसी सुदूर पूर्व में अपने एकांतप्रिय देश से बाहर एक दुर्लभ यात्रा पर हैं, जहां उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। डॉन समाचारपत्र की आज जारी रिपोर्ट के मुताबिक माना जाता है कि रुस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने के लिए उत्तर कोरियाई गोला-बारूद खरीदने में दिलचस्पी रखता है, जबकि प्योंगयांग अपने मिसाइल कार्यक्रम को विकसित करने के लिए रूस की मदद चाहता है। पश्चिमी देशों ने रूस और उत्तर कोरिया को हथियार सौदा करने के खिलाफ चेतावनी दी है, जो प्योंगयांग पर प्रतिबंधों की अवहेलना करेगा। क्रेमलि' संभावनाएं' देखीं। रूसी सुदूर पूर्व के अपने विस्तारित दौरे के हिस्से के रूप में किम ने प्रमुख रूसी इंजीनियरिंग केंद्र, कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर में एक रूसी सैन्य विमानन कारखाने का दौरा किया।

# हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप चेन्नई में 17 नवंबर से

**नयी दिल्ली।** उन्नीस टीमें शुक्रवार से शुरु होने वाली 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेगी।
हॉकी इंडिया के अनुसार इस टूर्नामेंट में 19 टीमें 28 नवंबर को खेले जाने वाले फाइनल में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इन टीमों को आठ पूलों में विभाजित किया है।
हॉकी इंडिया के सूत्रों ने बताया कि पूल ए में मौजूदा चैंपियन हरियाणा, छत्तीसगढ़ और हॉकी गुजरात शामिल है। तमिलनाडु, हिमाचल और असम को पूल बी में रखा गया है। पूल सी में कर्नाटक, बिहार, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव है। पूल डी में महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तराखंड और त्रिपुरा हैं। पूल ई में बंगाल, मध्यप्रदेश, जम्मू और कश्मीर और मणिपुर के बीच मुकाबला होगा। पूल एफ में झारखंड, चंडीगढ़, आंध्रप्रदेश और गोवा है। पूल जी में उत्तर प्रदेश, पुडुचेरी, केरल और राजस्थान है। इस बीच, पूल एच में दिल्ली, ओडिशा, तेलंगाना और अरुणाचल शामिल होंगे।
उन्होंने बताया कि प्रत्येक पूल में शीर्ष में रहने वाली टीम क्वार्टर-फाइनल में मुकाबला करेगी। क्वार्टर फाइनल की विजेता टीमें 27 नवंबर को सेमीफाइनल खेलेगी। 28 नवंबर को फाइनल खेला जायेगा।
इस टूर्नामेंट में नेशनल कोर ग्रुप के कुल 31 खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, शमशेर सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, आकाशदीप सिंह, कृष्ण बी पाठक, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह और गुरिंदर सिंह हॉकी पंजाब का प्रतिनिधित्व करेंगे।
इस बीच, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा का प्रतिनिधित्व अमित रोहिदास, नीलम संजीप ज़ेस, दिपसन टिर्की और शिलानंद लाकड़ा करेंगे। उत्तर प्रदेश हॉकी से ललित कुमार उपाध्याय, राजकुमार पाल, पवन राजभर और प्रशांत कुमार चौहान खेलेंगे।
हॉकी हरियाणा सुमित, संजय, अभिषेक, मंदीप मोर, पवन मलिक, यशदीप सिवाच और मंजीत के साथ अपने खिताब की रक्षा करना चाहेगा जबकि विवेक सागर प्रसाद हॉकी मध्य प्रदेश के लिए मैदान में उतरेंगे। नीलकंठ शर्मा मणिपुर हॉकी के लिए खेलेंगे, मोहम्मद राहील मौसीन हॉकी कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करेंगे, सूरज करकेरा हॉकी महाराष्ट्र के लिए खेलेंगे, मनिंदर सिंह हॉकी चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि स्थानीय लड़के एस. कार्थी पिछले साल के उपविजेता, तमिलनाडु हॉकी इकाई का नेतृत्व करेंगे।
भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने टूर्नामेंट से पहले कहा, मैं चेन्नई वापस जाने और हॉकी खेलने के लिए उत्साहित हूं। हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के दौरान हमें मिले जबरदस्त समर्थन ने हमें बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की, इसलिए मुझे उम्मीद है कि चेन्नई के निवासी फिर से बड़ी संख्या में आएंगे। सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप भारतीय टीम के खिलाड़ियों के लिए मौजूदा टीम के खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाने और हॉकी के समग्र स्तर को ऊपर उठाने का एक अच्छा अवसर है। मैं एक शानदार टूर्नामेंट का इंतजार कर रहा हूं।

## प्रणय एकल स्पर्धा में चेन से हारे, टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त



कुमामोटो। भारत के एचएस प्रणय गुरुवार को कुमामोटो मास्टर्स जापान 2023 में पुरुष एकल स्पर्धा के राउंड 16 मुकाबले में चीनी ताइपे के खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा और इसी के साथ ही सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई।

आज यहां खेले गये मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त एचएस प्रणय ने पहला गेम जीतने के बाद अपना फायदा गंवा दिया और चीनी ताइपे के 12वीं रैंकिंग के चोउ टीएन चेन से एक घंटे और 13 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 21-16, 21-19 से हार गए। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पहले गेम में बढ़त बनाने के बाद जल्दी ही पिछड़ गए, उन्होंने ब्रेक तक 11-8 की बढ़त ले ली और एक समय वह 17-13 से आगे थे। लेकिन चाउ टीएन चेन ने शानदार खेल दिखते हुए 33 वर्षीय चीनी ताइपे शटलर ने दूसरे गेम में वापसी की। चाउ टीएन चेन ने शुरुआत में 5-0 की बढ़त बनाई, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने 10-ऑल के स्कोर पर गेम बराबर कर दिया।

31 वर्षीय एचएस प्रणय तीसरे गेम में 11-4 से पीछे थे, लेकिन ब्रेक के बाद उन्होंने लगातार चार अंक हासिल किये। हालांकि चाउ टीएन चेन ने निर्णायक गेम में एचएस प्रणॉय को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

उल्लेखनीय है कि लक्ष्य सेन, प्रियांशु राजावत और पुरुष युगल के शीर्ष वरीय सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी जापान में अपने-अपने शुरुआती दौर में ही बाहर हो गए।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी 21 नवंबर से शेन्ज़ेन में शुरू होने वाले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 टूर्नामेंट चाइना मास्टर्स में भाग लेंगे।

### फीफा अंडर-17 विश्व कप: ग्रुप ई में फ्रांस ने दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराया

जकार्ता। फ्रांस ने मैथिस अमौगौ के गोल की बदौलत अंडर-17 फीफा विश्व कप के ग्रुप ई मुकाबले में दक्षिण कोरिया पर 1-0 से जीत दर्ज की। इंडोनेशिया के जकार्ता इंटरनेशनल स्टेडियम (जेआईएस) में खेले गये इस मैच में फ्रांसीसी खिलाड़ियों ने दक्षिण कोरिया के आठ की तुलना में कुल 12 बार गोल का प्रयास किया। मैथिस अमौगौ के गोल ने फ्रांस को 1-0 से जीत दिला दी। इसी स्टेडियम में एक अन्य ग्रुप ई मैच में ने बुर्किना फासो को 2-1 से हराया। पहले हाफ के दौरान अमेरिका के लिए कीरोल फिगुएरोआ और निमफाशा बर्चिमास ने गोल किए। इस बीच, पश्चिम जावा प्रांत के जलाक हारुपत स्टेडियम में खेले गये ग्रुप एफ मैचों में न्यूजीलैंड जर्मनी से 3-1 से हार गया, जबकि मेक्सिको और वेनेजुएला के बीच मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा।

## खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राजस्थान का करें नाम रोशन : मिश्र

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने एशियन खेल और एशियाई पैरा खेल 2022 में राजस्थान से भाग लेने वाले और विजेता रहे खिलाड़ियों तथा प्रशिक्षकों को गुरुवार को सम्मानित किया।

मिश्र यहां राजभवन में खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए उनकी हौसला अफजाई करते हुए आगामी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। मिश्र ने एशियाई खेल और पैरा खेल के शीर्ष पदक प्राप्त करने वाले विजेता खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी खेल में देश को पदक मिलता है तो इससे खिलाड़ी का ही नहीं पूरे देश का नाम चमकता है। उन्होंने कहा कि हर खिलाड़ी को चाहिए कि वह खेलों में आंगिक अनुशासन रखते हुए, पूर्ण प्रतिबद्ध होकर अपना सर्वोत्कृष्ट देने का प्रयास करे। उन्होंने कहा कि देश और राज्य में खेल प्रशिक्षण सुविधाओं



के विकास के साथ ही खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने राजस्थान के खिलाड़ियों द्वारा सर्वाधिक पदक प्राप्त करने को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रयास किया जाएगा कि यहां के खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हर संभव सहयोग मिले।

राज्यपाल ने कहा कि एशियन खेलों में राजस्थान के एथलीटों ने पूर्ण समर्पण, धैर्य और खेल भावना से खेलते हुए राजस्थान का नाम रोशन किया है। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने खिलाड़ियों से एक एक कर संवाद करते हुए कहा कि भविष्य में और दोगुने जोश और जुनून से सभी खेलें। इसी से भारत खेलों में विश्व भर में अपना और महत्वपूर्ण स्थान बना सकेगा। उन्होंने पदक प्राप्त करने वालों और इन खेलों में प्रतिभागी रहे खिलाड़ियों को राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए खेलने का आह्वान किया।

# चीन की ताकत बढ़ी तो भारत का रुतबा भी बढ़ा

## जयशंकर बोले- भारतीय हाई कमीशन पर हमला हुआ तो कनाडा ने कुछ नहीं किया

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि अगर दुनिया में चीन की ताकत बढ़ रही है तो ये भी उतना ही बड़ा सच है कि भारत का प्रभाव भी बढ़ता जा रहा है। पत्रकार लायनेल बार्बर के साथ बातचीत के दौरान जयशंकर बोले- भारत और चीन दो सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक हैं। हम दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और जनसंख्या के हिसाब से हम सबसे आगे हैं।



लंदन में भारतीय हाई कमीशन की तरफ से आयोजित एक चर्चा में जयशंकर ने वैश्विक मामलों में भारत की पोजिशन पर बात की। इस चर्चा का विषय था- अरबों लोग दुनिया को कैसे देखते हैं।

कनाडा और खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या के मामले पर बात करते हुए जयशंकर ने कहा- जब कनाडा में भारत के हाई कमीशन पर हमले हुए और डिप्लोमैट्स को धमकाया गया तब कनाडाई सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। विदेश मंत्री ने आगे कहा- हम जांच से इनकार नहीं कर रहे हैं लेकिन कनाडा ने अब तक निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट्स के शामिल होने से जुड़े कोई सबूत नहीं दिए हैं। हमें लगता है कि कनाडा की राजनीति में हिंसा और चरमपंथ को जगह मिल रही है, जिससे भारत में अलगाववाद को बढ़ावा मिल रहा है।

जयशंकर ने कहा- हम एक लोकतांत्रिक देश हैं और कनाडा में भी लोकतंत्र है। ऐसे में अभिव्यक्ति की आजादी के साथ कुछ जिम्मेदारियां भी आती हैं। इस आजादी का गलत इस्तेमाल करना और ऐसा होने देना सही नहीं है। दुनिया में भारत के प्रभाव पर विदेश मंत्री ने कहा- सही मायने में भारत की वजह से वैश्विक महंगाई काबू में आ पाई है। हम इसके लिए धन्यवाद का इंतजार कर रहे हैं।

### विदेश मंत्री ने कहा- भारत की वजह से दुनिया में महंगाई नहीं बढ़ी

जयशंकर बोले- हमने तेल खरीदने की अपनी पॉलिसी में बदलाव करके बाजार में महंगाई को कम किया है। दरअसल, रूस-यूक्रेन जंग की वजह से तेल की बढ़ती कीमतों और महंगाई दर के बीच भारत ने रूस से सस्ते दामों में तेल खरीदकर कई यूरोपीय देशों को बेचा था।

जयशंकर ने बताया- जब तेल के दाम तेजी से ऊपर जा रहे थे, जब हमने उस जगह से तेल नहीं खरीदा जहां से यूरोपीय देश खरीद रहे थे। इससे डिमांड बैलेंस में रही और महंगाई पर काबू किया जा सका।

### रूस से रिश्ते बनाए रखना चाहता है भारत

रूस-यूक्रेन जंग के सवाल पर विदेश मंत्री ने कहा- हमने सीखा है कि लोग आदर्शों की बात करते हैं, लेकिन अपने हितों को हमेशा ऊपर रखते हैं। जंग के मामले में हमारा एक बड़ा हित ये है कि हम रूस के साथ अपने रिश्तों को बनाए रखना चाहते हैं।

बता दें कि 24 फरवरी को शुरू हुई रूस-यूक्रेन जंग पर भारत का स्टैंड हमेशा न्यूट्रल रहा। भारत ने यूनाइटेड नेशन्स में भी रूसी हमले के खिलाफ बोलने के अमेरिकी और यूरोपीय दबाव को खारिज किया। इतना ही नहीं, इसके बाद रूस को अपना सबसे बड़ा ऑयल सप्लायर बनाया। अमेरिका दौरे से पहले पीएम मोदी ने कहा था कि हम इस जंग के मामलें में शांति के पक्ष में हैं।

## युवती को निर्वस्त्र घुमाने वाला हमास लड़ाका ढेर

### शव पर लोगों ने थूका था; 2 हफ्ते पहले सेना को उसकी खोपड़ी मिली



गाजा में ग्राउंड ऑपरेशन चला रही इजराइली सेना ने एक हमास लड़ाके को ढेर किया है। यह हमास के उन लड़ाकों में शामिल था, जिसने इजराइली मूल की जर्मन युवती शानी लूक को मारकर उसके निर्वस्त्र शव को गाजा की गलियों में घुमाया था।
22 साल की शानी लूक की मां ने एक टीवी चैनल को यह जानकारी दी। ओली लंदन नाम के पत्रकार के मुताबिक शानी की मां को खुद IDF यानी इजराइली डिफेंस फोर्स ने हमास लड़ाके के मारे जाने की खबर दी है।
दरअसल, शानी लूक इजराइल के नोवा म्यूजिक फेस्टिवल में शामिल हुई थी। यहां 7 अक्टूबर को हमास के लड़ाकों ने अटैक किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इजराइल से गाजा ले जाए जाने के बाद शानी के पैर तोड़ दिए गए, उसके शव पर सैकड़ों लोगों ने थूका था।

#### इजराइली राष्ट्रपति बोले- हमास ने शानी का सिर कलम किया

इजराइल की डिफेंस फोर्सेस को 2 हफ्ते पहले गाजा में शानी की खोपड़ी मिली थी। इस पर इजराइल के राष्ट्रपति ने कहा था- इसका मतलब यह है कि हमास के जानवरों ने शानी का सिर कलम किया था। 7 अक्टूबर को हमास के हमले के बाद ट्रक में हमास लड़ाकों के पैरों तले दबी शानी का वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद उसकी मां ने इजराइली सरकार से उसे छुड़ा लाने की अपील की थी। वीडियो में शानी का चेहरा नहीं दिख रहा था। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक शानी की मां ने उसके शरीर पर बने टैटू से उसे पहचाना था। बिजनेस स्टैंडर्ड के मुताबिक उसकी मां को नहीं पता था कि शानी की मौत हो चुकी है। उन्हें लग रहा था कि वह बेहोश है।

### पाकिस्तान में मुठभेड़ , एक सैनिक की मौत, चार आतंकवादी ढेर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच दो अलग-अलग मुठभेड़ों में एक सैनिक और चार आतंकवादी मारे गए। सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बयान में कहा कि मुठभेड़ प्रांतीय राजधानी पेशावर के बाहरी इलाके में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की कथित मौजूदगी पर खुफिया जानकारी के आधार पर एक ऑपरेशन चलाया। जिसके बाद, गोलीबारी शुरू हो गई, जिसमें चार वांछित आतंकवादी मारे गए। बयान में कहा गया कि मृत आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए।

### आइसलैंड प्रायद्वीप में 'दशकों' में ज्वालामुखी अस्थिता , आईएमओ की चेतावनी

रेक्याविक। आइसलैंड मौसम कार्यालय (आईएमओ) ने चेतावनी जारी की है कि आइसलैंड के दक्षिण-पश्चिमी प्रायद्वीप को दशकों तक ज्वालामुखीय अस्थिरता का सामना करना पड़ सकता है। आईएमओ के अधिकारी मैथ्यू रॉबर्ट्स का कहना है कि 800 साल के अंतराल के बाद, रेक्जेन्स प्रायद्वीप पर 2021 में फिर से विस्फोट शुरू हुआ, जो एक नए विस्फोट चक्र को चिह्नित करता है। उन्होंने कहा कि भूकंप और आसन्न विस्फोट की आशंका के कारण ग्रिंडाविक शहर को खाली कराना पड़ा है। डॉ रॉबर्ट्स का कहना है कि यहाँ कर्मचारी 24 घंटे भूकंपीय गतिविधि की गहन निगरानी करते हैं । बीते शुक्रवार को टीम यह जानकर हैरान रह गई कि 15 किमी (नौ मील) की दूरी तक चट्टान को तोड़ता हुआ मैग्मा जमीन में बह रहा था। उन्होंने बताया कि इस जगह को तुरंत खाली करने का आदेश दिया गया। ग्रिंडाविक का पश्चिमी भाग पिछले शुक्रवार से एक मीटर (3.3 फीट) से अधिक नीचे धंस गया है, और प्रतिदिन लगभग 4 सेमी (1.6 इंच) की दर से ऐसा हो रहा है। कम तीव्रता वाले विस्फोट का मतलब कई हफ्तों तक दरारों की श्रृंखला से लावा निकलना हो सकता है।

### मेटा, टिकटॉक ने ईयू के डिजिटल बाजार के नए नियमों को चुनौती दी

मॉस्को। चीन की बाइटडांस के स्वामित्व वाली मेटा (रूस में प्रतिबंधित) और टिकटॉक ने अपनी सेवाओं को गेटकीपर के रूप में प्रचारित करने के यूरोपीय संघ(ईयू) के फैसले के खिलाफ अपील की है, जिसे ऑनलाइन बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाने के उद्देश्य से नए डिजिटल बाजार अधिनियम (डीएमए) के अंगर्तत कुछ दायित्वों और निषेधों का पालन करना होगा। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, टिकटॉक ने गुरुवार को इस फैसले को चुनौती देते हुए कहा कि यह कानून की आवश्यक नियमों का पालन नहीं करता है, जबकि गेटकीपर के रूप में दिया गया पदनाम कंपनी की विकास और उसकी क्षमता को प्रभावित कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि बुधवार को एक अलग अपील में, मेटा ने फेसबुक के मैसेंजर और मार्केटप्लेस को कोर सेवाओं के रूप में नामित करने के लिए यूरोपीय संघ के कदम को चुनौती दी है। अपील में मेटा ने तर्क दिया है कि मैसेंजर लोकप्रिय सोशल नेटवर्क प्लेटफॉर्म है और एक अलग सेवा नहीं है, जबकि मार्केटप्लेस उपभोक्ताओं को लक्षित करने के लिए व्यवसायों के लिए 'गेटवे' प्रदान नहीं करता बल्कि एक उपभोक्ता उत्पाद है। डीएमए के अंतर्गत नए नियम, जो 2024 की पहली तिमाही में लागू होने वाले हैं, बड़ी तकनीकी कंपनियों को अपनी सेवाओं को तीसरे पक्ष के लिए अंत:प्रचालनीय बनाने के लिए कई दायित्वों का पालन करना होगा और व्यावसायिक उपयोगकर्ता अपने प्लेटफार्मों का उपयोग करते समय उत्पन्न डेटा तक पहुंचने की अनुमति प्रदान करेंगे।

### शिखर सम्मेलन के बाद अमेरिका और चीन सैन्य संचार फिर से शुरू करने पर हुये सहमत

कैलिफोर्निया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि उनके देश और चीन ने बढ़ते तनाव को कम करने के प्रयास तहत सैन्य संचार फिर से शुरू करने पर सहमति जतायी है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को यहां चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बैठक के बाद बाइडेन ने कहा, हम सीधे, खुले, स्पष्ट संचार की ओर लौट आए हैं। यह पहला मौका है जब इस जोड़ी ने एक वर्ष से अधिक समय में व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की थी , हालांकि दोनों के बीच अभी भी तनाव के संकेत मिले है। बाइडेन ने अपना विचार दोहराया कि शी एक तानाशाह हैं। वहीं चीन के विदेश मंत्रालय ने बाद में इन टिप्पणियों की आलोचना की , लेकिन ऐसा प्रतीत नहीं होता कि दोनों पक्षों द्वारा इसे काफी हद तक सफल बैठक के रूप में चित्रित किया जा रहा है। बाइडेन ने यह भी कहा कि दोनों नेता एक दूसरे के साथ संचार की सीधी रेखा स्थापित करने पर सहमत हुए हैं। सैन फ्रांसिस्को के पास एक ऐतिहासिक कंट्री में आयोजित शिखर सम्मेलन के बाद संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि संचार की कमी के कारण दुर्घटनाएं कैसे होती हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# समझें मिर्गी और दिमाग की बीमारियों का क्या है कनेक्शन

## साइबरनाइफ रेडियोसर्जरी इलाज का एडवांस और बेहतर विकल्प

न्यूरोलॉजी से जुड़ी समस्याओं में मिर्गी एक ऐसी बीमारी है जो लाखों लोगों के जीवन पर प्रभाव डालती है. मिर्गी और दिमाग से जुड़ी अन्य बीमारियों, जैसे ब्रेन ट्यूमर और धमनी शिरापरक विकृतियों (एवीएम) के बीच एक कॉम्प्लेक्स अंत:क्रिया होती है. इस कनेक्शन से पर्दा उठाना न सिर्फ ऐसी स्थितियों की गहरी समझ के लिए जरूरी है, बल्कि जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए भी ये महत्वपूर्ण. इससे ज्यादा असरदार तरीके से इलाज की रणनीति बनाई जा सकती है. आर्टेमिस अस्पताल गुरुग्राम में न्यूरो सर्जरी व साइबरनाइफ के डायरेक्टर डॉक्टर आदित्य गुप्ता मिर्गी और दिमाग से जुड़ी समस्याओं के कनेक्शन के बारे में जानकारी देने के साथ ही बता रहे हैं कि ऐसी स्थितियों को कैसे कंट्रोल किया जाए और इसका सबसे प्रभावी इलाज क्या हो सकता है.

### मेंटल हेल्थ की इंटरकनेक्टेड टेपेस्ट्री

मिर्गी में बार-बार दौरे आते हैं. आमतौर पर ये किसी अंतर्निहित न्यूरोलॉजिकल समस्या का लक्षण होता है. ऐसा ही एक कनेक्शन ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन में टिशू की असामान्य वृद्धि के साथ होता है. अलग-अलग स्टडी से पता चलता है कि जो लोग ब्रेन ट्यूमर से ग्रसित होते हैं उन्हें मिर्गी का खतरा सबसे ज्यादा रहता है. ऐसे में अगर किसी को मिर्गी के दौरे पड़ते हैं तो ट्यूमर के प्रारंभिक संकेत भी हो सकते हैं. इन दो स्थितियों के बीच ये कॉम्प्लेक्स कनेक्शन पता लगाने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण और इलाज की जरूरत होती है.

इसी तरह, धमनी शिरापरक विकृतियां यानी एवीएम एक ऐसी स्थिति है जहां ब्रेन में रक्त वाहिकाएं उलझ जाती हैं और उनके टूटने का खतरा होता है. इस स्थिति में मिर्गी के दौरे भी हो सकते हैं. एवीएम में खून का असामान्य प्रवाह दौरे को ट्रिगर कर सकता है. ऐसे में इस कनेक्शन को समझने के लिए ब्रेन डिजीज की समग्र समझ की आवश्यकता है.

### जागरूकता बढ़ाना, सबसे प्रभावी कदम

मिर्गी और दिमाग से जुड़ी अन्य बीमारियों के बीच स्पष्ट लिंक के बावजूद इस विषय पर सार्वजनिक जागरूकता आमतौर पर कम ही नजर आती है. इन कनेक्शनों के बारे में जानकारी देकर लोगों को सशक्त बनाने की जरूरत है ताकि स्थिति की शुरुआती पहचान और हस्तक्षेप संभव हो सके. सामुदायिक प्रोग्राम कराए जाएं, जानकारी देने वाले अभियान चलाए जाएं, हेल्थ केयर पेशेवरों और



एडवोकेसी ग्रुप के बीच सहयोग इस महत्वपूर्ण जानकारी को लोगों तक प्रचारित-प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है.

### इलाज में चुनौतियां और साइबरनाइफ सर्जरी की भूमिका

इस तरह की स्थिति में एडवांस ट्रीटमेंट तरीकों की जरूरत होती है. साइबरनाइफ रेडियोसर्जरी, एक ऐसी क्रांतिकारी तकनीक है जिसकी मदद से न्यूरो से जुड़े मामलों में काफी अच्छे रिजल्ट मिले हैं. परंपरागत सर्जरी की तुलना में, साइबरनाइफ रेडियोसर्जरी में किसी तरह के चीरे या कट की जरूरत नहीं होती. इसमें रेडिएशन की किरणों का इस्तेमाल कर ट्यूमर वाले एरिया को टारगेट किया जाता है. ये बहुत ही सटीक प्रक्रिया होती है. ये नॉन इनवेसिव सर्जरी खासकर ब्रेन ट्यूमर और एवीएम के मामले में काफी फायदेमंद होती है. इसमें ट्यूमर के आसपास के हिस्सों को नुकसान नहीं पहुंचता है और हेल्दी टिशू डैमेज नहीं होते हैं.

### मिर्गी को ठीक करने में साइबरनाइफ सर्जरी का इस्तेमाल

मिर्गी के जिन मरीजों के दौरे ब्रेन ट्यूमर या एवीएम से संबंधित होते हैं, उन मामलों में साइबरनाइफ रेडियोसर्जरी एक बेहतर विकल्प होता है. इससे प्रभावित क्षेत्र में रेडिएशन से टारगेट किया जाता है जो ट्यूमर को सिकोड़ने या खत्म करने में मदद करता है और इससे एवीएम टूटने का जोखिम भी कम होता है. इससे न केवल मिर्गी की मूल समस्या हल होती है बल्कि उसके बार-बार होने की आशंका भी कम हो जाती है.

इसके अलावा, साइबरनाइफ रेडियोसर्जरी उन लोगों के लिए भी एक अच्छा विकल्प हो सकती है जो उम्र, स्वास्थ्य या ट्यूमर के स्थान के चलते पारंपरिक सर्जरी के लिए फिट न हों. साइबरनाइफ प्रक्रिया से इलाज के बाद मरीज की रिकवरी तेजी से होती है और मरीज बहुत आसानी से अपनी रोज की गतिविधियों में लौट जाते हैं.

साइबरनाइफ सर्जरी का मिर्गी और मस्तिष्क से जुड़ी अन्य समस्याओं में कितना अहम रोल हो सकता है, इसके बारे में लोगों को अवेयर करना आवश्यक है. इसके लिए सामुदायिक स्तर पर सेमिनार, सूचनाओं वाले मटेरियल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए भी आम जनता को इस तकनीक के फायदों के बारे में बताया जा सकता है.

# बिरसा मुण्डा के जीवनवृत्त से लें प्रेरणा : अनुप्रिया पटेल

सोनभद्र । केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री का दिनभर चला परिभ्रमण विभिन्न कार्यक्रम के दौरान सोनभद्र में। जिला मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज से ग्रामपंचायत करौंदिया व नौडीहा में जनजातीय गौरव दिवस के दूसरे दिन पहुंची केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा पर जनजाति सभा को सम्बोधित किया। केंद्रीय योजनाओं के उपहार रूप में सौगात परोसी लाभार्थियों को जिसमें जनधन योजना, आयुष्मान योजना, स्मार्ट कार्ड , निर्बल आवास की चाभी प्रतीकात्मक रूप में सौंपी अन्य योजनाओं से लाभान्वित करते हुए। सभा को संबोधित करते हए कहा कि 25 वर्ष में



विकसित भारत का संकल्प पूरी तरह साकार होगा और देश उन्नति के उत्कर्ष पर प्रतिष्ठित होगा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री ने। कहा कि 147 करोड़ भारतवासियों के लिए 2047 तक विकसित भारत का दर्जा मिल चुका होगा विविध कार्यपद्धति एवं विभिन्न योजनाओं के मूर्त व साकार होने के परिणति स्वरूप। बिरसा मुण्डा की जयंती पर 10 वर्षो में जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं सब ऊर्जस्वित हो सफलीभूत हो रही हैं संकल्पित भाव से। प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण जीवन्त को पूर्णता में क्रियान्वित हो रहा है तथा भारत आत्मनिर्भर देश के रूप में तब्दील हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिरसा मुण्डा के जीवन से प्रेरणा लें और लोकतंत्र सशक्तिकरण के लिए सजगता पूर्वक अभिप्रेरित हों एवं औरों को प्रेरित करें। समूचे कार्यक्रम में सांसद पकौड़ी लाल कोल एवं विधायक सदर भूपेश चौबे तल्लीनता से सम्बद्ध रहे साथ – साथ। मुख्य विकास अधिकारीसौरभ गंगवार , जिला विकास अधिकारी शेषनाथ तथा समाजकल्याण अधिकारी रामशंकर यादव के साथ अन्यान्य अधिकारी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में लगाया जाएगा एंटीस्लीप डिवाइस

**लखनऊ ।** बस में यात्रा करने वालों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार रोडवेज बसों में जल्द ही एंटी स्लीप डिवाइस लगाने जा रही है। प्रायोगिक तौर पर अभी यह 10 बसों में लगाया जा रहा है। इस डिवाइस को लगाने में लगभग 14000.00 रुपए प्रति यूनिट खर्च आएगा। उल्लेखनीय है कि परिवहन निगम यात्रियों को सुरक्षित यात्रा कराने के लिए लगातार नई-नई तकनीक का प्रयोग कर रहा है। इससे पूर्व निगम की बसों में पैनिक बटन भी लगाया गया है।

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में एंटी स्लीप डिवाइस लगाए जाने के लिए एजेंसी का चयन हो चुका है। उन्होंने बताया कि मे0 इनसेप्टम टेक्निका सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड का चयन विभाग द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि यह सफल रहा तो जल्द ही प्रथम चरण में 680 बसों में एंटी स्लीप डिवाइस लगाई जाएगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि एंटी स्लीप डिवाइस लोगों के सुरक्षा के लिए बहुत ही कारगर साबित होगा। उन्होंने बताया कि एक्सीडेंट की आशंका को देखते हुए इस एंटी स्लीप डिवाइस के माध्यम से एलईडी पर ब्लिंक होने लगेगा, जो की नाइट मोड में 5 से 8 सेकंड तथा डे-मोड में 6 से 9 सेकंड का होगा।

# गोरखपुर को व्यवसायिक पहचान दिलायी थी सहाराश्री ने

**एजेंसी**

गोरखपुर। सत्तर के दशक में अपराधियों की शरण स्थली और गैंगवार के लिये कुख्यात हो रहे गोरखपुर में सुब्रत रॉय 'सहाराश्री' ने उद्योग का बीज रोपा था,वह आज सहारा इंडिया परिवार के रूप में वटवृक्ष का आकार ले चुका है।

रॉय परलोक सिधार चुके हैं मगर गोरखपुर के लोग उनके योगदान को कभी भुला नहीं सकेंगे। उन्होने गोरखपुर को एक नयी व्यवसायिक पहचान दी। श्री रॉय ने गोरखपुर में राजकीय पॉलीटेक्निक से मैंकेनिकल इंजीनियरिंग से डिप्लोमा किया। उन्होने गोरखपुर की सडकों पर नमकीन बेंचा, लमब्रेटा स्कूटर से छोटे-छोटे बचतकर्ताओं तक पहुंचे मगर उन्होंने कभी अपने सपनों को छोटा नहीं किया।

'सहाराश्री' ने वर्ष 1978 में गोरखपुर स्थित रेती चौराहे के पास एक छोटी सी चिटफंड कम्पनी ..एलाइट. को अपने अधिकार में ले लिया फिर एक मेज, दो कुर्सी और दो हजार रूपये से उन्होंने छोटे-छोटे निवेश पर आधारित खाते खोले और उनके निवेश को ब्याज समेत वापस किया जिससे उन पर छोटे निवेशकों का भरोसा बढता चला गया। श्री रॉय ने सहारा एयर लाइन्स, रियल स्टेट और पत्रकारिता जगत में नये कीर्तिमान स्थापित किये और अपने राजनैतिक अधिकार बढाये तथा भारत के दस प्रमुख व्यापारियों में शामिल भी हुए।

उन्होंने जनहित के लिए सहारा हेल्थ नेट वर्क शुरू किया। भारतीय क्रिकेट टीम को प्रायोजित किया जिससे खेल भावना विकसित हो सकें।

गोरखपुर में हर मोहल्ले में दो-चार लोग सहारा से जुडे हुए थे, कोई खाताधारक के रूप में तो कोई प्रमोटर और किसी की रोजी रोटी उनसे जुडी हुयी थी मगर सहारा पर जब शिंकजा कसा जाने लगा और सेबी ने 24 हजार करोड रूपये अपने अधिकार में ले लिया उसी दिन सहारा की समस्या बढने लगी और फिर सहारा श्री को जेल तक जाना पडा। श्री रॉय इन दिनों पैरोल पर थे।

# बीमारू राज्य नहीं, आज रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है यूपी

## नई दिल्ली में इंडियन इंटरनेशनल ट्रेड फेयर- 2023 में पहुंचे सीएम योगी

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 42वें इंडियन इंटरनेशनल ट्रेड फेयर- 2023 में पहुंचकर प्रदेश के कारीगरों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया। साथ ही शिल्पकारों और एग्जिबिटर्स का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां उत्तर प्रदेश मंडप का उद्घाटन किया। उन्होंने व्यापार मेले में उत्तर प्रदेश पवेलियन के ओडीओपी मार्ट में हस्त निर्मित उत्पादों के विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया और कारीगरों एवं हस्तशिल्पियों से संवाद किया। उत्तर प्रदेश पवेलियन में प्रदेश के सभी जनपदों के ओडीओपी उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है।

### ट्रेड शो में प्रदर्शित की जा रही यूपी की विकास गाथा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने इंटरनेशनल ट्रेड फेयर के जरिए पिछले पांच-छह वर्षों में बहुत अच्छा कार्य किया है। ऐसी उम्मीद है कि लगातार दूसरे वर्ष भी यूपी के खाते में गोल्डेन



ट्रॉफी आ सकती है। सीएम योगी ने बताया कि प्रधानमंत्री के विजन वोकल फॉर लोकल में यूपी का ओडीओपी पूरे प्रदेश को एक्सपोर्ट हब के रूप में स्थापित कर रहा है। इससे लाखों नौजवानों के लिए नौकरी और रोजगार के द्वार खुले हैं।

सीएम योगी ने बताया कि ट्रेड फेयर में मौजूद यूपी पॉवेलियन में ओडीओपी के साथ-साथ नये भारत के नये उत्तर प्रदश में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए क्या हो रहा है, उसे भी शोकेस करने का प्रयास हुआ है। साथ ही विभिन्न डेवलपमेंट अथॉरिटी के द्वारा यूपी का कैसे कायाकल्प किया गया है, इसे भी ट्रेड फेयर के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास हुआ है। यूपी में पिछले 6 वर्ष में बिमारू राज्य से उबरने में सफलता प्राप्त की है। आज रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में इसकी पहचान हो रही है। यूपी में औद्योगिकीकरण के लिए एक नया माहौल बना है।

### यूपी का एक्सपोर्ट हुआ तीन गुना

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश कारीगरी के लिए बहुत मशहूर है। प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई का बड़ा क्लस्टर क्रियाशील है। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले ही उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन हुआ था। तब वहां 70 हजार से भी अधिक देसी-विदेशी खरीददार आए थे। ओडीओपी के माध्यम से प्रत्येक जिले की पहचान वाले उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय मार्केट में निर्यात किए जाने पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। आज उत्तर प्रदेश का एक्सपोर्ट 86 करोड़ से बढ़कर 1.74 लाख करोड़ हो गया है, जोकि तीन गुना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा एवं डिजिटलाइजेशन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के प्रोडक्ट देश-विदेश में पॉपुलर हो रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए एक हब तथा ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि फरवरी माह में जब उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन हुआ था तब इसके माध्यम से अबतक 38 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद सहित वरिष्ठ अधिकारीगण एवं एमएसएमई से संबंधित अफसर उपस्थित रहे।

# शार्ट न्यूज

## पुलिस अधीक्षक ने लोगों की सुनी फरियाद



कौशाम्बी। (पी एम ए) पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान पुलिस कार्यालय पहुंचे अलग-अलग थानाक्षेत्रों के फरियादियों ने एसपी के समक्ष अपनी समस्याएं बताई। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त फरियादियों की शिकायतों को एक-एक कर गंभीरता से सुना गया। तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये। इस दौरान उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी उन्होंने कहा कि फरियादियों को थाना स्तर पर न्याय दिया जाए।

## ग्रेप को कड़ाई से लागू करने के लिए छह सदस्यीय टास्क फोर्स गठित

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के अंदर ग्रेप चार को कड़ाई से लागू करने को लेकर दिल्ली सरकार ने छह सदस्यीय स्पेशल टास्कफोर्स का गठन किया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने इसकी जानकारी देते हुए गुरुवार को बताया कि इस टास्कफोर्स में परिवहन विभाग के विशेष आयुक्त, पुलिस उपयुक्त यातायात (मुख्यालय), राजस्व विभाग के उपायुक्त (मुख्यालय.), दिल्ली नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर सदस्य होंगे। इस टास्क फोर्स का काम संबंधित विभागों के साथ प्रतिदिन समन्वय करना और उनके समक्ष आने वाली दिक्कतों को दूर करना और कार्यान्वयन से सम्बंधित सरकार को अपनी रिपोर्ट देना होगा। राय ने ग्रेप-4 के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद कहा कि अभी वर्तमान समय में प्रदूषण की जो स्थिति बनी हुई है उसे लेकर पर्यावरण विशेषज्ञों की राय है कि अगले दो से तीन दिनों तक प्रदूषण की बहुत ख़राब स्थिति ही बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि ग्रेप-4 के तहत बीएस तीन पेट्रोल और बीएस चार डीजल एलएमवी (चार पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध लागू किया गया है। अभी तक 16,689 बीएस तीन पेट्रोल और बीएस चार डीजल गाड़ियों का चालान किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर इसका कोई उल्लंघन करता है तो मोटर व्हीकल एक्ट -1988 के तहत 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके लिए ट्रांसपोर्ट विभाग द्वारा 84 टीम लगाया गया है। साथ ही दिल्ली पुलिस की 284 टीम लगायी गयी है।

## राजनाथ ने इंडोनेशिया और वियतनाम के रक्षा मंत्रियों के साथ बैठक की

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरूवार को इंडोनेशिया के जकार्ता में आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की 10 वीं बैठक एडीएमएम-प्लस के मौके पर अपने इंडोनेशियाई और वियतनामी समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। सिंह ने इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबिआंतो के साथ द्विपक्षीय रक्षा संबंधों की समीक्षा की और विशेषकर समुद्री क्षेत्र में सहयोग को अधिक मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने प्रशिक्षण तथा अभ्यास के रूप में नियमित आदान-प्रदान की भी समीक्षा की और रक्षा उद्योग सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों देशों ने 2021-2024 के लिए मानवीय सहायता और आपदा राहत पर विशेषज्ञ कार्य समूह की सह-अध्यक्षता की है। सिंह ने वियतनाम के रक्षा मंत्री जनरल फान वान गियांग से भी बातचीत की। दोनों ने जून 2022 में रक्षा मंत्री की वियतनाम यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित 2030 की ओर भारत-वियतनाम रक्षा साझेदारी पर संयुक्त दृष्टि वक्तव्य के कार्यान्वयन में प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बहुआयामी द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को पुख्ता करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। दोनों देशों के रक्षा संबंध, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, रक्षा उद्योग सहयोग, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना, द्विपक्षीय यात्राओं और अभ्यास सहित विस्तृत स्पेक्ट्रम में फैले हुए हैं। रक्षा मंत्री ने 10वें एडीएमएम-प्लस के मौके पर आसियान के महासचिव डॉ. काओ किम होर्न से भी मुलाकात की।

## लेखा परीक्षक आलोचक के बजाय सुशासन के सूत्रधार

नयी दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज कहा कि लेखा परीक्षकों को आलोचक के बजाय सुशासन के सूत्रधार की तरह देखा जाना चाहिए क्योंकि उनकी जांच पड़ताल सही रास्ता दिखाती है। मुर्मु ने गुरूवार को यहां तीसरे लेखा परीक्षक दिवस समारोह में कहा कि नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) के नेतृत्व में सरकार के लेखापरीक्षा समुदाय ने सत्यनिष्ठा, शासन और प्रणालियों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि देशवासी 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना चाहते हैं। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सीएजी समेत देश के सभी महत्वपूर्ण संस्थानों और समुदायों को योगदान देना होगा। उन्होंने इस बात पर खुशी जतायी कि सीएजी ने डेटा प्रबंधन और विश्लेषण केंद्र की स्थापना सहित कई दूरदर्शी कदम उठाए हैं, जिसमें भविष्य के अनुरूप डिजिटल तकनीक और अन्य आधुनिक तरीकों का उपयोग किया जा रहा है। मुर्मु ने कहा कि सीएजी की पूरी टीम से एक नियंत्रक और परीक्षक के रूप में योगदान की उम्मीद की जाती है जो देश की विकास यात्रा में साथी और मार्गदर्शक दोनों है।

# पदयात्रा और जन मुद्दों पर आंदोलन से जनता में पैठ बनायेंगे : अजय राय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी पदयात्रा और जन मुद्दों पर आंदोलन से जनता के बीच अपनी पैठ को मजबूत करेगी।

ाय ने यहां पूर्व प्रदेश पदाधिकारियों एवं पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारियों और पूर्व जिला एवं शहर अध्यक्षों की बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर रणनीति पर चर्चा की और संगठन को मजबूत करने एवं विस्तार को लेकर विचार विमर्श किया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव को पांच महीने से भी कम का समय बचा है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को मिले अपार समर्थन से पार्टी में उत्साह का संचार हुआ है। उसे सकारात्मक रूप से और ताकत देने के लिए, पार्टी प्रभारी प्रियंका गांधी की मेहनत को साकार करने के लिए बड़ी मेहनत की जरूरत है।

उन्होने कार्यकर्ताओं का आवाहन किया



कि पार्टी का इस समय प्रदेश में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम दलित गौरव यात्रा चल रही है जिसे ज्यादा से ज्यादा सफल बनाने का कार्य करें। दलित समाज इस यात्रा के माध्यम से बहुत तेजी से जुड़ रहा है आप सभी की सक्रियता से इस अभियान को और तेजी मिलेगी।

राय ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों और तानाशाही रवैये से हर आदमी परेशान है, सभी अंदर से भाजपा को बदलने का मन बना चुके हैं, और भाजपा के अंदर भी जबरदस्त अंतर कलह मची हुई है। उपमुख्यमंत्री सरकार की कैबिनेट मीटिंग में नहीं जाते हैं, भाजपा के कार्यक्रमों में नहीं जा रहे हैं, सरकार और भाजपा संगठन में जबरदस्त गुटबाजी सड़क पर दिख रही है, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रदेश की चिंता नहीं है ना लोगों की चिंता है, वह दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार में झूठे आरोप मढ़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश अपराध भ्रष्टाचार का जंगल राज बन गया है। बैठक में राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम ने कहा कि पार्टी के सभी मेहनती जुझारू नेताओं का आगामी लोकसभा 2024 में महत्वपूर्ण रोल है। घर-घर पहुंचकर कांग्रेस की नीतियों और कांग्रेस सरकारों द्वारा किए गए कामों को बताने की हम सब की जिम्मेदारी है, देश का माहौल बहुत तेजी से बदल रहा है। प्रदेश के जनमानस की सोच और समर्थन हमारे साथ है, जनता को कांग्रेस से ही उम्मीद है, प्रदेश का प्रत्येक वर्ग परेशान है चाहे वह दलित हो, युवा हो, किसान हो या आम छोटे व्यापारी, सभी भाजपा सरकार को केंद्र से हटाने का मन बना चुके हैं।

# परिवहन निगम की बसों में लगाया जाएगा एंटीस्लीप डिवाइस

लखनऊ। बस में यात्रा करने वालों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार रोडवेज बसों में जल्द ही एंटी स्लीप डिवाइस लगाने जा रही है। प्रायोगिक तौर पर अभी यह 10 बसों में लगाया जा रहा है। इस डिवाइस को लगाने में करीब 14 हजार रुपए प्रति यूनिट खर्च आएगा। प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में एंटी स्लीप डिवाइस लगाए जाने के लिए एजेंसी का चयन हो चुका है। उन्होंने बताया कि मेसर्स इनसेप्टम टेक्निका सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड का चयन विभाग द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि यह सफल रहा तो जल्द ही प्रथम चरण में 680 बसों में एंटी स्लीप डिवाइस लगाई जाएगी। उन्होने बताया कि एंटी स्लीप डिवाइस लोगों के सुरक्षा के लिए बहुत ही कारगर साबित होगा। एक्सीडेंट की आशंका को देखते हुए इस एंटी स्लीप डिवाइस के माध्यम से एलईडी पर ब्लिंक होने लगेगा।

# देश में प्रति वर्ष तीर्थस्थलों व शादियों का कारोबार 25 लाख करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। देश भर के बाज़ारों में इस बार दिवाली के त्यौहारों के चलते हुई ज़बरदस्त बिक्री ने भारत की अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम दिया है और यह साबित किया है कि भारत में त्यौहार देश के व्यापार एवं आर्थिक चक्र को कैसे घुमाते हैं। कैट ने इस आयाम को सनातन अर्थव्यवस्था का नाम देते हुए कहा कि देश के व्यापार के लिए त्यौहारों का मनाया जाना बेहद ही महत्वपूर्ण है और यही कारण है कि भारत के व्यापारी वर्ष भर में होने वाले विभिन्न त्यौहारों के लिए अपनी दुकानों में विशिष्ट प्रबंध करते हैं और ख़ास तौर पर त्यौहारों पर बड़ा व्यापार करते हैं।

दूसरी ओर त्यौहार देश भर में रोज़गार तथा स्वयं व्यापार के बड़े अवसर भी उपलब्ध कराते हैं जिससे माध्यम एवं निम्न वर्ग का आर्थिक पक्ष मज़बूत होता है। एक अनुमान के अनुसार देश में प्रति वर्ष सनातन अर्थव्यवस्था का यह कारोबार लगभग 25 लाख करोड़ रुपये का होगा जो देश के कुल रिटेल कारोबार का लगभग 20 प्रतिशत है।

कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीन खंडेलवाल ने सनातन अर्थव्यवस्था की व्याख्या करते हुए कहा कि नवरात्रि से लेकर दीवाली के दिन तक देश के मेनलाइन रिटेल व्यापार में 3.75 लाख करोड़ का कारोबार हुआ। वहीं देश भर में दुर्गा पूजा और इसके आस पास हुए अन्य त्यौहारों में लगभग 50 हज़ार करोड़ का व्यापार हुआ।

गणेश चतुर्थी के दस दिवसीय समारोहों पर 20-25 हजार करोड़ का हुआ। यह आंकड़े सिर्फ तीन त्यौहारों के हैं. । इसी तरह से होली,जन्माष्टमी, महाशिवरात्रि, राखी जैसे अन्यढेरों त्यौहारो पर बाज़ारों में हुई ख़रीदी को भी जोड़ा जाये तो कई सौ लाख करोड़ रुपये सनातन व्यापार में जुड़ जाएँगे।

भरतिया एवं श्री खंडेलवाल ने कहा कि एक मोटे अनुमान के अनुसार देश भर में लगभग 10 लाख से अधिक मंदिर हैं जहां प्रतिदिन लोगों द्वारा बड़ा खर्च किया जाता है और इसके साथ ही बड़ी मात्रा में तीर्थ स्थलों पर जाने वाले श्रद्धालुओं द्वारा किए गए खर्चो को जोड़ दें तो यह आकड़ा सनातन अर्थव्यवस्था को स्वत: ही भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण बना देता है ।इससे यह बेहद स्पष्ट है कि भारत में त्यौहार,तीर्थ आदि के कारण बहुत बड़ी धनराशि बाज़ार चक्र में आती है जो दुनिया के 100 से ज्यादा देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है. ।

उन्होंने कहा कि यह कोई नई व्यवस्था नहीं है बल्कि हजारों वर्षों से चलती आ रही है जिसका केंद्र देश के मंदिर, त्यौहार एवं तीर्थ ही होते आये हैं ।यह भारतीय अर्थव्यवस्था का सबसे पुराना पहिया है जो किसी भी परिस्थिति में कभी भी नहीं रुकता।

भरतिया एवं श्री खंडेलवाल ने कहा कि जहां तक रोज़गार का सवाल है तो मात्र दुर्गा पूजा के समय, सिर्फ पश्चिम बंगाल में ही तीन लाख से ज्यादा कारीगरों, मजदूरों को काम मिला। गणेश चतुर्थी,नवरात्रि, दशहरा, होली, संक्रांति आदि अन्य त्यौहारों की वजह से जहां करोड़ों लोगो को रोज़गार मिलता है वहीं लाखों लोग स्वयं का छोटा-बड़ा व्यापार भी कर पाते हैं जिसमें विशेष बात यह है कि न केवल दुकानों के व्यापार को बल्कि देश के बेहद छोटे वर्ग, स्थानीय कारीगरों, कलाकारों एवं घरेलू काम करने वाले लोगों को बड़ा व्यापार मिलता है जिनमें से लाखों लोग ऐसे हैं जिनकी आजीविका ही त्यौहारों पर निर्भर रहती है।

दोनों व्यापारी नेताओं ने कहा कि बड़े आँकड़ों की बजाय यदि धनतेरस के एक दिन के व्यापार को ही देख जाये तो भारतीय मध्यम वर्ग द्वारा एक दिन में 25,500 करोड़ रुपये का 41 टन सोना खरीदा गया था ।चांदी की बिक्री 3000 करोड़ रूपये तक पहुंच गई। कार निर्माताओं ने 55000 कारों की डिलीवरी की वहीं लगभग पांच लाख से ज़्यादा स्कूटर की डिलीवरी की गई। भरतिया एवं श्री खंडेलवाल ने कहा कि यही 'सनातन अर्थशास्त्र' है जो देश के व्यापार के लिए बेहद ही अहम है और जिसको समझने के लिए अर्थशास्त्री होना ज़रूरी नहीं है बल्कि यह साफ़ दिखाई देता है।